फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 111, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शक्ति तेरे अनेक रूप ... 9

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की बजह 13

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

AMBER Sunshine
एक नई जीवन शैली...!!!

केवल सेवारत एवं सेवानिवृत सरकारी/PSU/कोओपरेटिव सोसाईटी कर्मचारियों के लिए बरेली स्मार्ट सिटी में अपना आशियाना पाने का सुनहरा अवसर

बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत

जीवन ज्योति आवास
CITY TOWERS

UP रेरा पंजीकरन : UPRERAPRJ388540/03/2024 | www.up-rera.in

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 1-2-3 बी.एच.के. Luxury फ्लैट्स

स्विमिंग पूल

जिम

बैंकट हॉल

लाइब्रेरी

बिलियर्डस

स्केटिंग रिंग

क्रिकेट नेट

बेडमिंटन

बास्केट बॉल

योगा

90% बैंक लोन उपलब्ध

PLC, कार पार्किंग, क्लब मैम्बरशिप, पॉवर बैकअप शुल्क, फायर फाइटिंग शुल्क, कॉमन एरिया शुल्क फ्लैट की कीमत में शामिल

फ्लैट श्रेणी	वर्ग	सेलेबल एरिया (वर्ग मीटर)	सेलेबल एरिया (वर्ग गज)	शुरूआती कीमत	पंजीकरण राशि (5%)
1 BHK	Type-1	61.80	73.90	23,95,000	1,19,750/-
1 BHK	Type-2	66.40	79.45	25,75,000	1,28,750/-
2 BHK	Type-1	97.10	116.10	38,70,000	1,93,500/-
2 BHK	Type-2	105	125.60	40,70,000	2,03,500/-
3 BHK	Type-1	136.10	162.75	52,75,000	2,63,750/-
3 BHK	Type-2	142.60	170.55	55,25,000	2,76,250/-

आवंटन ड्रॉ के द्वारा • 15% प्रबंधन कोटा

प्रॉजेक्ट मंजूरी	02132/BDA/BP/23-24/0283 Date: 16 Nov. 23
प्रॉजेक्ट का स्थान	चंदपुर बिचपुरी, सैक्टर–1, रामगंगा योजना के समीप, बरेली
भुगतान विवरण	कंस्ट्रक्शन लिंक्ड पेमेंट प्लान, 10% डेवलपमेंट चार्ज/फ्री होल्ड चार्ज अतिरिक्त
सुविधायें	पर्याप्त सूरज की रोशनी और हवा के प्रवाह के साथ शानदार एनर्जी एफिशियेंट अपार्टमेंटस, 65% ओपन स्पेस टाउनशिप, सभी दैनिक मनोरंजन संबधित जरूरतों के लिए लेटेस्ट स्पोर्टस, हैल्थ, विश्राम तथा मनोरंजन की सुविधाओं से लैस अति आधुनिक क्लब, परिसर के अंदर शॉपिंग आरकेड एवं रिटेल विकल्प की सेवा–सुविधाएं, सौंदर्यपूर्ण डिजाइंड वॉटर फीचर्स, स्टोन आर्ट और पुष्पसज्जित पार्क
आवेदन अवधि	11 मार्च 2024 से स्कीम की शुरुआत एवं 11 अप्रेल 2024 को समाप्त

पंजीकरण पुस्तिका नजदीकी कैनरा बैंक की शाखा में 590 रु. की कीमत पर उपलब्ध

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: 9837040004 www.jeevanjyotiawas.com

महाशिवरात्रि की धूम

महाशिवरात्रि से एक दिन पहले ही शहर शिवमय हो गया। आदिनाथ चौराहे पर पुराना छोटा डमरू हटाकर बड़ा डमरू स्थापित कर दिया गया। लगभग 25 टन का यह डमरू इन्वर्टिस विश्वविद्यालय की ओर से लगाया गया है। पुराना डमरू चार टन का ही था और चौराहे के आकार के आगे छोटा काफी था।

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर रोशनी से जगमग पशुपतिनाथ मंदिर।

बरेली कॉलेज में नाथ महोत्सव के दौरान डमरु बजाते लोग। ● अमृत विचार

हड़ताल शुरू, नगर निगम पर गंदगी का जोरदार अटैक

सफाई कर्मियों ने नगर आयुक्त कार्यालय समेत पूरे परिसर में खड़ी कीं कूड़े से भरी गाड़ियां, दफ्तरों में काम भी बंद कराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर में ठप हुई सफाई, न सड़कों से उठा कूड़ा, न डोर टू डोर कलेक्शन
- सपा के पार्षदों ने की सफाई कर्मियों के आंदोलन को समर्थन की घोषणा

अमृत विचार : वार्डों की सफाई ठेके पर कराने के फैसले के विरोध में अपनी चेतावनी के मुताबिक सफाई कर्मियों ने बृहस्पतिवार को हड़ताल शुरू करने के साथ नगर निगम पर गंदगी का जोरदार हमला भी किया। गंदगी से लदी गाड़ियों को लाकर नगर आयुक्त और दूसरे अफसरों के कार्यालयों के सामने खड़ा करने के बाद कर्मचारियों को भी काम करने से रोक दिया। इस बीच शहर में न सड़कों पर सफाई हुई और न ही घर-घर जाकर कर्मचारियों ने कूड़ा लिया। शाम को मेयर बात हुई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस बीच सपा के पार्षदों ने भी सफाई कर्मियों के आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा कर दी।

नगर निगम कार्यालय बृहस्पतिवार को खुलने के बाद कर्मचारियों का आना शुरू ही हुआ था कि करीब दस बजे सफाई कर्मचारियों की कूड़ा लदी गाड़ियों ने नगर निगम परिसर में पहुंचना शुरू कर दिया। कूड़े से भरा एक डंपर नगर आयुक्त कार्यालय की तरफ ले जाया गया और वहां पोर्टिको के पास उनकी गाड़ी के आगे खड़ा कर दिया गया। इसके पीछे और गाड़ियां इकट्ठी होती गईं। इसके बाद अपर नगर आयुक्त कार्यालय के सामने भी कूड़ा लदी गाड़ियां खड़ी कर दी गईं। दोपहर तक यह हाल हो गया कि नगर निगम परिसर के बाहर तक कूड़े की गाड़ियां दिखने लगीं। इसके साथ नगर निगम के सभी कार्यालयों को भी बंद करा दिया गया। कर्मचारियों ने कार्यालय का दरवाजा बंद करके काम करने की कोशिश की तो उन्हें भी रोक दिया गया। इसके बाद ज्यादातर कर्मचारी अपना कमरा बंद करके धरना स्थल के पास इकट्ठे हो गए।

सफाई नायकों ने सभी कर्मचारियों को नगर निगम में बुला लिया गया। धरना स्थल पर शहर के सभी सफाई कर्मी मौजूद थे। धरना सभा में संघ के नेताओं ने कर्मचारियों का एकता बनाए रखने की अपील कर हौसला बढ़ाया। दोपहर को अपर नगर आयुक्त सुनील यादव प्रथम, अपर नगर आयुक्त द्वितीय एसके सिंह और नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने धरनास्थल पर पहुंचकर कर्मचारी नेताओं से धरना रोककर वार्ता करने को कहा लेकिन वे मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात पर अड़े रहे।

हड़ताल के दौरान सफाई कर्मियों ने पूरे नगर निगम परिसर को कूड़े से भरे वाहनों से भर दिया। ● अमृत विचार

बोले- स्वार्थ पूरे करने के लिए ठेके पर करा रहे हैं सफाई

कर्मचारी नेताओं ने इस दौरान फिर आरोप लगाया कि वार्डों की सफाई व्यवस्था निजी हाथों में देने का कोई नियम नहीं है लेकिन स्वार्थ पूरे करने लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। इसे रद्द करना होगा। बोले, हमने ज्ञापन दे दिया है। इसे नहीं माना गया तो कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर भी जा सकते हैं। सफाई मजदूर संघ के महामंत्री राजेश कुमार ने कहा कि वे तीन दिन से धरना दे रहे थे, किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। अफसरों ने शासनादेशों का उल्लंघन किया है। सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। अब संघ ने हड़ताल का निर्णय लिया है। शहर में सफाई व्यवस्था को ठप कर दिया गया है।

नगर आयुक्त दफ्तर के बाहर कूड़ा गाड़ी।

हड़ताल के दौरान नगर निगम के केंद्रीय कार्यालय में छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

असमजंस : बोर्ड से पास प्रस्ताव कैसे वापस ले लें नगर निगम के अफसर

बरेली, अमृत विचार : शहर के 30 वार्डों को निजी हाथों में सौंपने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित हुआ था। सफाई कर्मचारी नगर आयुक्त से मांग कर रहे हैं कि वह इसे लागू न होने दें।दोपहर में नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक में भी कर्मचारी इसी बात पर अड़े रहे। नगर आयुक्त ने कर्मचारी नेताओं से कहा कि बोर्ड ने यह प्रस्ताव पास किया था और वही इसे रद्द कर सकता है। शासन को भी यदि इस संबंध में लिखा जाएगा तो वह भी इसे मंजूर नहीं करेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि वह इस संबंध में मेयर से बात करेंगी। अफसरों की मौजूदगी में हुई यह बात कर्मचारी नेताओं की समझ में आ गई तो वह वार्ता से उठकर बाहर आ गए।

मेयर ने कहा- जिन पार्षदों ने मांग की उन्हीं के वार्ड में दिया गया है ठेका

बरेली, अमृत विचार : शाम को मेयर उमेश गौतम की सफाई कर्मचारियों के कुछ नेताओं से बात हुई। इस दौरान भी कर्मचारियों ने ठेका निरस्त करने की बात कही। कर्मचारी नेता राजेश कुमार ने बताया कि मेयर ने कहा है कि जिन पार्षदों ने सफाईकर्मियों को हटाकर सफाई व्यवस्था निजी हाथों में देने का पत्र दिया है, उन्हीं के वार्ड ठेके पर दिए गए हैं। मेयर ने कर्मचारियों से परिसर से कूड़े भरी गाड़ियां भी हटाने को कहा। बोले, वे अपना आंदोलन जारी रखें, इस बीच वार्ता चलती रहेगी लेकिन कर्मचारी नेताओं ने गाड़ियां हटाने से मना कर दिया। मेयर ने कर्मचारी नेताओं को देर शाम साढ़े आठ बजे बातचीत के लिए बुलाया लेकिन बातचीत के लिए कर्मचारी नहीं पहुंचे।

सफाईकर्मियोंौं से वार्ता करते अपर नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

समिति कल करेगी फार्मों की जांच : बरेली कॉलेज में प्राइवेट फार्मों के जमा करने के खेल की जांच शनिवार से समिति करेगी। समिति की समन्वयक प्रो. रीना अग्रवाल ने इस बारे में दस्तावेज मांगे हैं।

राहत : अब घंटाघर से कोहाड़पीर की ओर सीधे निकल सकेंगे वाहन

रास्ता खुलने के बाद पुल के नीचे से निकलते लोग।

बरेलीॉ, अमृत विचार : कुतुबखाना पुल के नीचे कुतुबखाना चौराहा गुरुवार को खोल दिया गया। इससे जिला पंचायत रोड और कोतवाली की ओर से आने वाले बाइक सवार बड़ा बाजार और कोहाड़ापीर की ओर जा सकेंगे। गुरुवार को रास्ता खुलने के बाद काफी भीड़भाड़ रही।

पुलिस निर्माण की वजह से करीब तीन महीने से रास्ता बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही थी। जिला पंचायत रोड से आने वाले लोगों को कुतुबखाना चौराहा बंद होने की वजह से घंटाघर तिराहे से सब्जी मंडी होते हुए आलमगीरीगंज और बड़ा बाजार की ओर निकाला जा रहा था। यह समस्या करीब तीन महीने से बनी थी। कार्यदायी संस्था मंटेना इंफ्रासोल के प्रोजेक्ट मैनेजर एमके सिंह ने बताया कि कुतुबखाना चौराहे से बैरिकेडिंग पूरी तरह से हटाने के साथ आवाजाही को शुरू कर दिया गया है। कोहाड़ापीर रोड पर टुकड़ों में सीसी रोड डालने का कार्य जारी है।

एल्डर्ली वार्ड में प्रशिक्षु डॉक्टर फैला रहे गंदगी

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में बुजुर्ग मरीजों को भर्ती करने के लिए बने एल्डर्ली वार्ड में प्रशिक्षु डॉक्टर आराम फरमाने के साथ गंदगी फैला रहे हैं। इसको लेकर वार्ड प्रभारी ने एडीएसआईसी से शिकायत की है। निजी मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेंट डॉक्टर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में प्रशिक्षण ले रहे हैं। एल्डर्ली वार्ड में कोई मरीज भर्ती न होने के कारण प्रशिक्षु डॉक्टरों को यहां आराम करने को कहा गया है, लेकिन डॉक्टर दरवाजे पर कंबल टांग देते हैं। दवा रखने वाली ट्राली को बेतरतीब कर दे रहे हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षु डॉक्टरों को चेतावनी दी जाएगी।

अनुमति न मिलने से तपेश्वर नाथ मार्ग पर रुका काम

बरेली, अमृत विचार : रेलवे की अनुमति नहीं मिलने से नाथ कारिडोर में शामिल तपेश्वर नाथ मार्ग का काम रोक दिया गया है। बुधवार को जेसीबी से खोदाई के दौरान रेलवे के टेलीकॉम विभाग की ओएफसी केबल कट गई थी। इसके बाद से रेलवे ने मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद ही काम कराने को कहा है।

इससे पहले देरी से टेंडर खुलने की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया था। पीडब्ल्यूडी एक्सईएइन नारायण सिंह का कहना है कि रेलवे के अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। फिलहाल काम रोक दिया गया है। सहायक मंडल सुरक्षा आयुक्त त्रिलोक सिंह रावत का कहना है कि मुख्यालय से आदेश मिलने पर ही सड़क खोदने की अनुमति दी जाएगी।

शनिवार- रविवार को भी खुलेगा नगर निगम

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम शिवरात्रि के अवकाश की वजह से बंद रहेगा लेकिन द्वितीय शनिवार और रविवार को कार्यालय खुलेगा। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने आदेश जारी कर कहा कि निगम के कई कार्य लंबित हैं। उन्हें पूरा करने के लिए द्वितीय शनिवार और रविवार को होने वाला अवकाश नहीं होगा। नगर निगम के सभी कार्यालय दोनों दिन खुलेंगे।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 111, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

खुली हवा में सांस ले रही घाटी, कांग्रेस ने किया गुमराह 14

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा 13

लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

कैबिनेट के फैसले

- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

इंडिया एआई मिशन को मिली मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,372 करोड़ रुपये के व्यय के साथ पांच साल के लिए 'इंडिया एआई मिशन' को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि केंद्र के इस कदम से देश में एआई विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। गोयल ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,372 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक महत्वाकांक्षी एआई मिशन को मंजूरी दी है। इससे एआई खंड और इस क्षेत्र में जारी शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। इस मिशन का क्रियान्वयन डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी) के तहत इंडियाएआई स्वतंत्रा कारोबार खंड (आईबीडी) के जरिए किया जाएगा।

कच्चे जूट का एमएसपी 285 रुपये बढ़ा

सरकार ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 285 रुपये बढ़ाकर 5,335 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टीडीएन-3 पहले के टीडी-5 ग्रेड के बराबर) तय करने का निर्णय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने लिया गया। इस फैसले से पूर्वी राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल के किसानों को काफी फायदा होगा। चालू सत्र 2023-24 में सरकार ने 524.32 करोड़ रुपये की लागत से 6.24 लाख गांठ से अधिक कच्चे जूट की रिकॉर्ड मात्रा में खरीद की है, जिससे लगभग 1.65 लाख किसानों को लाभ हुआ है। वर्ष 2024-25 के लिए एमएसपी औसत उत्पादन लागत पर 64.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित करेगा।

दो महिलाओं समेत छैमार हसीन गैंग के 8 सदस्यों को फांसी की सजा

सुरेश शर्मा नगर में आयकर अधिकारी के यहां डाका और तिहरे हत्याकांड में फैसला

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई। इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। प्रत्येक पर एक लाख 60 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की सारी रकम वादी को दी जाएगी। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था।

शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया।

रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए। गैलरी में खिड़की खुली दिखी जिसकी ग्रिल निकली हुई थी। छत का भी दरवाजा खुला हुआ था। रविकांत बगल के निर्माणाधीन मकान की छत से ही होते हुए घर के अंदर पहुंचे तो 60 वर्षीय मां पुष्पा का सीढ़ियों के पास शव पड़ा पाया। बेडरूम में भाई योगेश और उनकी पत्नी प्रिया की लहूलुहान लाश पड़ी हुई थी। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था, अलमारी टूटी हुई थी। साफ लग रहा था कि घर में लूट हुई है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक और एडीजीसी क्राइम दिगंबर पटेल के मुताबिक पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध डकैती, हत्या और आपराधिक षडयंत्र की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। लंबी छानबीन के बाद इस मामले में डकैती और हत्या करने छैमार गैंग के सदस्यों के साथ शाहजहांपुर के चौक इलाके के सदर कैंट निवासी सर्राफ को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिसने लूटे गए जेवर खरीदे थे।

सुरेश शर्मा नगर में हुए ट्रिपल मर्डर के आरोपियों को फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें न्यायालय से जेल लेकर जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

इन्हें फांसी की सजा...: बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

- आयकर इंस्पेक्टर के भाई-भाभी और मां की कर दी गई थी हत्या
- चार मार्च को कोर्ट ने सभी को दोषी करार देकर भेजा था जेल
- सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, पांच लाख का जुर्माना

ईडी की शिकायत पर केजरीवाल 16 को कोर्ट में तलब

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में समन को नजरअंदाज करने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक हालिया शिकायत पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तलब किया।

अदालत ने यह भी कहा कि उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस शिकायत पर आदेश पारित किया जिसमें 12 और 31 जनवरी तथा 14 फरवरी को समन पर पेश नहीं होने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

न्यायाधीश ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत, जिस व्यक्ति को तलब किया गया है, वह उसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है और जो लोग ऐसा नहीं करते हैं, कानून के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारतीयों की तस्करी का भंडाफोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई राज्यों में सीबीआई का छापा वीजा कंसल्टेंसी कंपनियों व एजेंटों पर एफआईआर

सीबीआई ने एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो विदेश में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ऐसे 35 मामले एजेंसी के सामने आए हैं, जिनमें सोशल मीडिया चैनलों, स्थानीय परिचितों और एजेंटों के माध्यम से उच्च वेतन वाली नौकरियों के झूठे वादे का लालच देकर युवाओं को रूस ले जाया गया था। वहां ले जाकर जबरन युद्धक्षेत्र में तैनात कर दिया गया। संघीय एजेंसी ने कुछ वीजा कंसल्टेंसी कंपनियों और एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिसके बाद दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नई में 13 स्थानों पर छापे मारे गए।

प्रवक्ता ने कहा कि इन एजेंट का मानव तस्करी नेटवर्क देश भर के कई राज्यों में फैला हुआ है और वे संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। सीबीआई ने दिल्ली में 24x7 आरएएस ओवरसीज फाउंडेशन व इसके निदेशक सुयश मुकुट, मुंबई में ओएसडी ब्रॉस ट्रैवल्स एंड वीजा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक राकेश पांडे, चंडीगढ़ में एडवेंचर वीजा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक मंजीत सिंह और दुबई में स्थित बाबा व्लॉग्स ओवरसीज रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक फैसल अब्दुल मुतालिब खान उर्फ बाबा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली। सीबीआई ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे।

सोना 65 हजार के पार पहुंचा



नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 500 रुपये की तेजी के साथ 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। लगातार तीसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोना 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

सभी को सरकार के फैसले की आलोचना का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दूसरे देशों के स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देने में कुछ गलत नहीं
- आलोचना करने संबंधी व्हाट्सएप स्टेटस को लेकर प्रोफेसर पर दर्ज थी प्राथमिकी

उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त करने की आलोचना करने संबंधी व्हाट्सएप स्टेटस को लेकर एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी गुरुवार को खारिज कर दी और कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकार के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है।

शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते हुए प्रोफेसर जावेद अहमद हाजम के खिलाफ धारा 153 ए के तहत दर्ज मामला खारिज कर दिया। महाराष्ट्र पुलिस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के संबंध में व्हाट्सएप संदेश पोस्ट करने के लिए कोल्हापुर के हटकनंगले थाने में हाजम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

हाजम ने कथित तौर पर व्हाट्सऐप संदेश में लिखा था "5 अगस्त- काला दिवस जम्मू-कश्मीर" और "14 अगस्त- स्वतंत्रता दिवस मुबारक पाकिस्तान।" शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक को दूसरे देशों के स्वतंत्रता दिवस पर उनके नागरिकों को शुभकामनाएं देने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि भारत का कोई नागरिक 14 अगस्त को पाकिस्तानी नागरिकों को शुभकामनाएं देता है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भारत का संविधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उक्त गारंटी के तहत, प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने समेत सरकार के हर फैसले की आलोचना करने का अधिकार है।

उन्हें यह कहने का अधिकार है कि वह सरकार के किसी भी निर्णय से नाखुश हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर की स्थिति में बदलाव की आलोचना करने का अधिकार है।

शराब के लिए पेट्रोल डालकर पत्नी को जिंदा जला दिया

संवाददाता, मुजरिया (बदायूं)

- महिला को बचाने के दौरान झुलस गई सास, आरोपी पति गिरफ्तार

अमृत विचार : नशे में धुत युवक ने शराब पीने के लिए और रुपये न देने पर पत्नी को पीटा और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला की मौके पर मौत हो गई। सास ने बचाने का प्रयास किया तो वह झुलस गईं। पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ लिया।

मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी मुनीष सक्सेना पुत्र प्रेम स्वरूप सक्सेना शराब पीने का आदी है। परिजन शराब पीने से मना करते हैं लेकिन वह नहीं मानता जिसके चलते घर में आए दिन विवाद होता रहता है। गुरुवार शाम भी वह शराब पीकर घर आया। उसने पत्नी सन्नो देवी (40) से और शराब पीने को रुपये मांगे। सन्नो ने रुपये देने से मना कर दिया। इस बात से मुनीष इतना गुस्सा गया कि सन्नो से मारपीट की। इसके बाद घर के बाहर गया। बाइक से पेट्रोल निकालकर लाया और सन्नो देवी पर डालकर आग लगा दी। सास मुन्नी देवी ने आग बुझाने का प्रयास किया जिससे उनके हाथ झुलस गए। कुछ समय बाद सन्नो देवी की मौत हो गई। सीओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि सन्नो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत 6 जगह ईडी के छापे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाई-पिता, सपा नेत्री नूरी शौकत हाजी वसी के घर भी तलाशी
- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, तिजोरी-लॉकर काटे गए

अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी और जमीन के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। यह जांच मनी लांड्रिंग के तहत की गई। इरफान सोलंकी एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद है। गुरुवार सुबह ईडी अधिकारी सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। ईडी द्वारा तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक और भाई रिजवान के घर भी छानबीन की गई। देर शाम तक कार्रवाई जारी रही।

पूर्व डीजीपी राजकुमार बनाए गए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

लखनऊ। रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है। शासन द्वारा गुरुवार को जारी आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राजकुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष — नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

दिव्यांगता का झेला दंश मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

अंकित चौहान, बरेली

अमृत विचार : घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसे ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की। श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही पता लग जाते हैं, पुष्पा की पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता-पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

संघर्ष की मिसाल

- गरीब बेटियों को शिक्षित करने का उठाया बीड़ा, गांव में चलाया साक्षरता अभियान

हमें अपने दिमाग से दुनिया को जितना है

पुष्पा का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ-पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

अपने गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8वीं कक्षा में हैं।

उपेक्षा से भी नहीं मानी हार, हमेशा रहीं अव्वल

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92 प्रतिशत, 2012 में बीए में 65 प्रतिशत, एमए में 62 प्रतिशत और एमसीए में 97 प्रतिशत अंक लेकर हमेशा प्रथम रहीं।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

रणविजय ने उप संचालक चकबंदी का अतिरिक्त चार्ज लिया

बरेली, अमृत विचार : कई साल से रिक्त चल रहे उप संचालक चकबंदी के पद पर बृहस्पतिवार को लखनऊ मुख्यालय में तैनात संयुक्त संचालक चकबंदी रणविजय सिंह ने अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। वह प्रत्येक सोमवार और मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित दफ्तर में बैठकर किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। अभी तक डीएम के आदेश पर कार्यभार एडीएम सिटी सौरभ दुबे संभाल रहे थे। रणविजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने चकबंदी प्रकियाधीन सभी गांवों की प्रगति की समीक्षा की। मातहतों को निर्देश दिए किए भ्रष्टाचार और दस्तावेजों में हेराफेरी करने की शिकायतों पर गहनता से जांच हो। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में हर हाल में चकबंदी की प्रक्रिया को पूरा कराया जाए। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी मौजूद रहे।

तीन सौ बेड अस्पताल में रुई और ट्रे न मिलने से स्टाफ परेशान

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में अव्यवस्थाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं है। अस्पताल में बच्चों के वैक्सीनेशन रूम में तैनात स्टाफ को वैक्सीन लगाने के लिए कभी रई तो कई ट्रे नहीं मिल पा रही है। इससे स्टाफ परेशान है। इससे पहले भी अस्पताल में मशीनें खराब होने से पैथोलॉजी में जांचें प्रभावित हुई थीं।

सिर पर करते हैं छह वार... इसलिए कहलाते हैं छैमार

मूलतः पंजाब का है यह गैंग, डकैती डालने वाले खानाबदोश बदमाशों में माना जाता है सबसे खतरनाक

विधि संवाददाता, बरेली

- फांसी की सजा पाने वाले सभी आठ एक ही परिवार के सदस्य
- सास-बहू हैं नाजिमा और हाशिमा जुल्फाम-यासीन सगे भाई

अमृत विचार : शाहजहांपुर के सर्राफ राजू वर्मा को छोड़कर सजा पाने वाले बाकी सभी आठ मुल्जिम छैमार गैंग के पेशेवर डकैत हैं। अपराध करने वाले खानाबदोशों के गिरोहों में छैमार गैंग सबसे खतरनाक माना जाता है और मूलतः पंजाब का है।

बेहद नृशंस ढंग से आपराधिक वारदातें करने वाले इस गिरोह के डकैत वारदात के दौरान किसी को मारने के लिए उसके सिर पर छह वार करता है, इसीलिए इस गैंग का नाम छैमार गैंग है। इस गिरोह की महिलाएं भिखारी बनकर कॉलोनियों में रेकी करती है। फिर पुरुष सदस्य वारदात करते हैं। सुरेश शर्मा नगर के तिहरे हत्याकांड में फांसी की सजा पाने वाली नाजिमा और हाशिमा सास-बहू है। हसीन के दो बेटे जुल्फाम और यासीन है। चचेरा भाई समीर, फहीम उर्फ शंकर और उसके साले वाजिद समेत सभी एक परिवार के है। हसीन की बीबी नाजिमा है तथा यासीन की पत्नी हाशिमा है।

अदालत की टिप्पणी

विधि का सिद्धांत है कि कोई व्यक्ति कानून को अपने हाथों में न ले, किंतु यह तभी संभव है जब कानून का शक्ति से पालन हो। यदि सामूहिक हत्या करने वाले व्यक्तियों को न्यायालय की ओर से समुचित दंड नहीं दिया जाता है तो निश्चय ही मृतक का परिवार कानून अपने हाथों मे लेकर अपराधियों से बदला लेने को विवश होगा। इसलिए भी इस प्रकरण में मैं सिद्ध दोषियों को मृत्यु दंड देने के पक्ष में हूं। दोषियों को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। **-रवि कुमार दिवाकर**, स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट

फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद दोषियों को कोर्ट से जेल ले जाते पुलिसकर्मी।

भीख मांगते हुए रेकी करती हैं महिलाएं

छैमार गिरोह के लोग अलग-अलग इलाकों में डेरा डालकर परिवार के साथ रहते हैं। महिलाएं दिन में भीख निकलती हैं और इसी दौरान रेकी भी करती हैं। छैमार हसीन के गैंग की नाजिमा और हाशिमा भी दिन भर भीख मांगने के साथ रेकी करती थीं। गिरोह हर वारदात में सामूहिक हत्या करके डकैती डालता था।

फांसी की सजा सुनने के बाद भी चेहरे पर न पछतावा न कोई शिकन

बरेली, अमृत विचार : सजा सुनने के बाद भी खूंखार छैमार गिरोह के किसी बदमाश के चेहरे पर कहीं कोई शिकन नहीं दिखी। न ही अदालत में उन्होंने अपने जुर्म पर पछतावा प्रदर्शित किया। पुरुष ही नहीं बल्कि फांसी की सजा पाने वाली दोनों महिलाओं के चेहरे से भी साफ था कि उन्हें फांसी की सजा सुनकर उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस तथ्य पर गौर किया कि सभी बदमाशों ने जिनकी हत्या की, उनमें दो लोग काफी कम उम्र के थे और उनके सामने पूरी जिंदगी पड़ी थी। तीनों हत्याएं डकैती डालने के उद्देश्य से की गई थीं। सभी बदमाशों का पुराना आपराधिक इतिहास भी है।

सुरेश शर्मा नगर में पाशविक ढंग से की थी तीनों की हत्या

विधि संवाददाता, बरेली: छैमार गैंग ने रविकांत मिश्रा के परिजनों की हत्या बेहद पाशविक ढंग से की थी। 34 साल के योगेश मिश्रा के सिर पर ईंट से इतने वार किए कि उनका भेजा बाहर निकल आया था। उनकी 32 साल की पत्नी प्रिया के सिर पर वार किए गए थे, उनकी दाहिनी आंख पूरी तरह बाहर निकली हुई थी। बायीं तरफ से दिमाग बाहर निकल आया था। साठ साल की पुष्पा देवी के सिर पर आगे से वार किया गया था जिससे उनका ब्रेन टिश्यू बाहर निकल आया था। नाक, कान, आंख में भारी मात्रा में खून जमा पाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हुआ कि तीनों हत्या ईंटऔर सब्बल से सिर पर वार करके की गईं।

रंग लाई सरकारी वकीलों की मेहनत, बरेली में पहली बार एक साथ आठ को फांसी की सजा

जिला शासकीय अधिवक्ता सुनीति कुमार पाठक, एडीजीसी दिगंबर पटेल और सौरभ तिवारी ने बताया कि इस मुकदमे में 10 गवाह पेश कराए गए थे। बरेली में यह पहला मामला है जब आठ मुल्जिमों को एक साथ फांसी की सजा सुनाई गई है। आजादी के बाद अब तक जिला एवं सत्र न्यायालय बरेली में इससे पहले किसी मामले में एक साथ इतनें मुल्जिमों को फांसी की सजा नहीं सुनाई गई। इस केस में शुरुआती ट्रायल के दौरान कुछ गवाह सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने पेश कराए थे।

सुनीति कुमार पाठक।

दिगंबर पटेल।

सौरभ तिवारी।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक का जवाबतलब, क्यों न आपके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए

विधि संवाददाता, बरेली : अदालत ने सुरेश शर्मा नगर के तिहरे हत्याकांड के सभी नौ आरोपियों को चार मार्च को दोषी करार देने के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उन्हें दूसरे केसों में हुई सजा का ब्योरा सात मार्च तक उपलब्ध कराने का आदेश दिया था लेकिन जेल अधीक्षक ने यह ब्योरा अदालत मे पेश नही किया। बृहस्पतिवार को दोषियों को सजा सुनाने के साथ अदालत ने जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्र को भी नोटिस भेजा है। इसमें कहा है कि उनका आचरण दोषसिद्ध मुजरिमों को लाभ पहुंचाने जैसा है। उन्हें 12 मार्च तक लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है कि क्यों न उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। आदेश की प्रति डीएम को भी भेजी गई है।

राज की मां को पासपोर्ट सौंपते क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी। ● अमृत विचार

मां कर सकेगी अंतिम दीदार, एक दिन में बनाया पासपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैलिफोर्निया में बेटे की गोली मारकर हुई थी हत्या

अमृत विचार : क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने कमला को एक दिन में पासपोर्ट बनाकर दिया है, ताकि वह कैलिफोर्निया में जाकर अपने बेटे के अंतिम दीदार कर सकें। कमला की बेटे की 24 फरवरी को कैलिफोर्निया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी शव भारत नहीं आ सका तो कमला ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था।

बिजनौर के बढ़ापुर गांव निवासी 29 वर्षीय राज सिंह उर्फ गोल्डी कैलिफोर्निया के सेल्वा स्थित एक गुरुद्वारे में रागी थे। राज के पिता की पांच साल पहले मौत हो गई थी। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि शव भारत नहीं आ पाने के कारण राज की मां कमला बेटे के अंतिम संस्कार के लिए कैलिफोर्निया जाना चाहती थीं। उन्होंने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। मानवीयता के आधार पर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर महज एक दिन में उनका पासपोर्ट बनाकर तैयार किया गया है।

जिला पंचायत : 31 करोड़ की 222 परियोजनाओं का एलान

कार्यालय में परियोजनाओं का शिलान्यास करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और सांसद धर्मेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अध्यक्ष रश्मि पटेल और सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने किया शिलान्यास
- तीन महीने में सभी परियोजनाएं पूरी कराने का अध्यक्ष का दावा

अमृत विचार : जिला पंचायत की 31.25 करोड़ की 222 परियोजनाओं का अध्यक्ष रश्मि पटेल और सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने बृहस्पतिवार को शिलान्यास किया। इनमें सीसी रोड, खड़ंजा और नाले-नाली समेत कई निर्माण कार्य शामिल हैं।

जिला पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में 14.71 करोड़ की लागत से 102 नालों के निर्माण का शिलान्यास किया गया। 14.72 करोड़ से 113 खड़ंजे तैयार होंगे। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत पर 1.60 करोड़ और सीसी रोड पर 23.67 लाख खर्च होंगे। समारोह में सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि इन कार्यों से लोगों को राहत मिलेगी। अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि जिला पंचायत की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों विकास में कमी नहीं आने देंगी। प्रधानमंत्री का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और मुख्यमंत्री की ग्रामीण जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने की प्राथमिकता पूरी करने में जिला पंचायत अग्रणी भूमिका निभा रही है।

केंद्र और राज्य से मिलने वाले अनुदानों से इस वित्तीय वर्ष में विकास का खाका तैयार किया गया है। तीन महीने में ये सभी काम पूरे होंगे। समारोह में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गंगवार, अपर मुख्य अधिकारी नीतू सिंह सिसोदिया, हरिओम, नरायण यादव आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

फर्जी एनओसी मिलने पर बस का अनुबंध किया निरस्त

- कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर भी दी

बरेली, अमृत विचार : परिवहन निगम में बैंक की फर्जी एनओसी लगाकर बस को अनुबंधित करा लिया गया। मामला पकड़ में आने के बाद अधिकारियों ने अनुबंध निरस्त कर दिया और बस मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी है।

बस संख्या यूपी 25 एफटी 4177 को परिवहन निगम के रुहेलखंड डिपो से अनुबंधित किया गया था, लेकिन बस मालिक मो. परवेज खां ने अनुबंध के कागजात के साथ फर्जी एनओसी लगा दी। अनुबंधित बस हल्द्वानी रूट पर चल रही थी। रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण कुमार वाजपेयी ने बताया कि मामले में तहरीर दी गई है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि अनुबंध निरस्त करने के साथ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

बढ़ रहे रोगी मगर त्वचा रोग विशेषज्ञ ही नहीं

बरेली, अमृत विचार : मौसम में बदलाव की वजह से त्वचा रोगी भी बढ़ गए हैं लेकिन जिला अस्पताल और तीन सौ बेड अस्पताल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है।

तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात रहे वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिभुवन सिंह के जिला महिला अस्पताल के सीएमएस बनने के बाद किसी स्थाई विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हुई है। करीब छह महीने से निजी मेडिकल कॉलेजों में अध्यनरत रेजिडेंट डॉक्टरों को प्रशिक्षण के लिए जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल भेजा गया है। प्रबंधन ने मरीजों की सहूलियत के चलते उनकी ड्यूटी ओपीडी में लगाई है। यह मरीजों को परामर्श दे रहे हैं।

बरेली कॉलेज के पास से हटाया अतिक्रमण तो नगर आयुक्त से मिलने पहुंची महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज के प्राचार्य ने नगर आयुक्त को कैफे समेत अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा था पत्र

अमृत विचार : नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बृहस्पतिवार को बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट के पास अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त कर लिया। इससे नाराज महिलाएं नगर निगम पहुंच गईं और नगर आयुक्त से मिलने की जिद करने लगीं। सफाई कर्मचारियों से वार्ता की वजह से उनकी मुलाकात नगर आयुक्त से नहीं हो सकी। इसके बाद महिलाओं ने अतिक्रमण प्रभारी से मिलकर शिकायत की।

बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बुधवार को नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कैफे समेत अन्य अतिक्रमण हटाने के लिए पत्र लिखा था। पूर्वी गेट पर चल रहे कैफे से ही बिना शुल्क के प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने का खेल हुआ था। कॉलेज के पूर्वी गेट के पास वेन्डिंग जोन बनाया गया है। वहां महिलाओं को फड़ आवंटित किए गए हैं, लेकिन कॉलेज के पास तमाम जगह पर तय स्थान से ज्यादा जगह घेर कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। इसकी शिकायत नगर निगम में पहुंची थी। नाथ महोत्सव के दौरान आवागमन में हो रही दिक्कत को देखते हुए निगम ने कार्रवाई करते हुए वहां रखा सामान जब्त किया। उस दौरान महिलाएं कुछ नहीं बोल पाईं लेकिन कुछ देर बाद कई महिलाएं एकत्र होकर नगर निगम पहुंची और जबरन नगर आयुक्त के कक्ष को खोलकर अंदर जाने लगीं, तभी सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोककर अंदर वार्ता होने की बात कही, लेकिन वह नहीं मानीं और अंदर जाने लगी तो उन्हें सख्ती से रोका गया। उनका कहना था कि पहले व्यापार करने की जगह आवंटित की गई फिर उसे तोड़ दिया गया। काफी रुपया खर्च करके दुकान बनवाई थी। दोपहर बाद अतिक्रमण का प्रवर्तन दस्ता इंदिरा मार्केट भी पहुंचा वहां भी रास्ते में हुए अतिक्रमण को साफ कराया गया।

इंद्रा मार्केट में अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार



शहर में आज

- महाशिवरात्रि पर सेठ गिरधारी लाल मंदिर शहामतगंज से नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति द्वारा सत्यनाथ परिक्रमा दोपहर 12 बजे।
- आर्य समाज बिहारीपुर के वार्षिकोत्सव पर शोभायात्रा सुबह 11 बजे।
- एनई रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूनियन कार्यालय पर कार्यक्रम दोपहर 2 :30 बजे
- धोपेश्वरनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर दीपदान और आरती शाम 6 बजे।
- महाशिवरात्रि पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा रुद्राभिषेक भजन व सत्संग रामायण मंदिर में दोपहर 3 :30 बजे।

करोड़ों का विवादित प्लॉट औने-पौने में खरीदने का आरोप, राजेश अग्रवाल के बेटे और पौत्र पर रिपोर्ट

चार साल पुराने मामले में अब दर्ज हुआ केस, रजिस्ट्री कार्यालय में गलत तथ्य पेश कर खरीद ली गई जमीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शाहबाद के विजय जालान ने प्लॉट बेचने वाले अपने दो भाइयों को भी किया नामजद
- न्यायालय में कई साल से विचाराधीन है प्लॉट के मालिकाना हक का मुकदमा

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ अग्रवाल समेत चार लोगों के खिलाफ विवादित जमीन खरीदने के आरोप में कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। रामपुर बाग में स्थित इस जमीन की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है जिसका केस न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि गलत तथ्य पेश कर चार साल पहले गुपचुप ढंग से इस प्लॉट की रजिस्ट्री करा ली गई।

एफआईआर प्रेमनगर इलाके शाहबाद दीवानखाना में रहने वाले विजय कुमार जालान की ओर से दर्ज कराई गई है। उनका कहना है कि रामपुर बाग में होली हॉस्पिटल के पास 612 वर्ग गज का प्लॉट उनकी पैतृक संपत्ति है जो उनके माता-पिता के नाम दर्ज था। काफी समय से इस प्लॉट को लेकर उनका अपने भाई कैलाश जालान और हरिराम जालान से विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय में केस विचाराधीन होने के कारण इस प्लॉट को कोई खरीद नहीं रहा था। विजय कुमार जालान का आरोप है कि 16 जनवरी 2020 को राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ अग्रवाल ने गुपचुप ढंग से कैलाश जालान और हरिराम जालान से इस प्लॉट की रजिस्ट्री करा ली। विजय का कहना है कि न्यायालय में प्लॉट पर मालिकाना हक तय होने तक कानूनन जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी लेकिन उनके भाइयों ने रजिस्ट्री कार्यालय में गलत तथ्य पेश कर रजिस्ट्री करा ली। वरिष्ठ भाजपा नेता के बेटे ने अपने रसूख का भी इस्तेमाल किया।

इस रजिस्ट्री में उन्होंने यह भी झूठा दावा किया है कि जमीन के कब्जे और चौहद्दी को लेकर कोई विवाद नहीं है। विजय ने यह भी आरोप लगाया है कि इस प्लॉट की रजिस्ट्री सिर्फ 40 हजार रुपये वर्ग मीटर की दर से कराई गई जबकि उस प्लॉट की कीमत दुगने से भी ज्यादा है।

राजनीतिक हल्कों में उभरा सवाल... चार साल से चक्कर काट रहे थे जालान, अब अचानक कैसे दर्ज हो गई रिपोर्ट

- तमाम उच्चाधिकारियों के अलावा गोरखपुर में मुख्यमंत्री के मठ तक जाकर काटे थे चक्कर
- अफसरों ने कोर्ट में केस होने की बात कहकर काट ली कन्नी, अब सीओ के आदेश पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : विजय कुमार जालान के करोड़ों कीमत के विवादित प्लॉट की गुपचुप ढंग से रजिस्ट्री करा लेने का मामला चार साल से भी ज्यादा पुराना है। इन चार सालों में जालान ने पुलिस-प्रशासन के तमाम उच्चाधिकारियों के साथ गोरखपुर जाकर मुख्यमंत्री दरबार का भी चक्कर लगाया लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। बृहस्पतिवार को अचानक उनकी ओर से रिपोर्ट दर्ज हुई, वह भी सीओ के आदेश पर तो राजनीतिक हल्कों में इस पर कई सवाल उभरने शुरू हो गए।

विजय कुमार के मुताबिक उनके प्लॉट की गैरकानूनी ढंग से रजिस्ट्री 16 जनवरी 2020 को कराई गई थी और तभी से वह इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए चक्कर काट रहे हैं। इन चार सालों में उन्होंने बरेली में तैनात रहे लगभग हर उच्चाधिकारी से शिकायत की। गोरखपुर में मुख्यमंत्री के मठ भी पहुंचे जहां मुख्यमंत्री नहीं मिले तो प्रार्थनापत्र देकर लौट आए। इसके अलावा दर्जन भर से ज्यादा बार आईजीआरएस पर भी शिकायतें कीं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

हर स्तर पर उन्हें एक ही जवाब दिया जाता रहा कि न्यायालय में केस विचाराधीन है, इसलिए पुलिस या प्रशासन इसमें कुछ नहीं कर सकता। कुछ समय पहले वह एसपी सिटी राहुल भाटी से मिले थे तो उन्होंने भी उन्हें यही जवाब देकर लौटा दिया था। इसके बाद एसएसपी कार्यालय में शिकायत की तो जांच कराने की बात कही गई लेकिन न कोई जांच हुई न रिपोर्ट दर्ज की गई।

जालान के मुताबिक कुछ ही दिन पहले वह सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह से मिले तो उन्होंने उनकी बात गंभीरता से सुनी और थाने की पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दे दिया। इंस्पेक्टर से यह भी कहा कि वह इधर-उधर चक्कर लगाकर बहुत परेशान हो चुके हैं लिहाजा उनकी रिपोर्ट फौरन दर्ज की जाए। इसके बाद उन्होंने बृहस्पतिवार को थाने जाकर तहरीर दी। फौरन उनकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। बहरहाल, इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक हल्कों में अलग-अलग नजरिये से देखा जा रहा है।

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सीओ बोले- चूक हो गई

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बृहस्पतिवार शाम सीओ संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला चूक से दर्ज हो गया। उन्होंने बताया कि विजय कुमार जालान ने उन्हें जो प्रार्थना पत्र दिया था उसमें भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ का नाम नहीं था। विजय ने सिर्फ अपने भाइयों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, इसी प्रार्थनापत्र पर उन्होंने थाने को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश कर दिया था। थाने के मुंशी ने एफआईआर में भाजपा नेता के बेटे और पौत्र का भी नाम शामिल कर दिया।

दिल्ली से नहीं लौटे तौकीर घर पर समन तामील कराने गई पुलिस फिर बैरंग लौटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आज भी तौकीर न मिले तो समन को घर पर चस्पा करेगी पुलिस

अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए तौकीर रजा खां के घर पुलिस बृहस्पतिवार को दोबारा अदालत का समन तामील कराने पहुंची लेकिन तौकीर के घरवालों ने उनके दिल्ली से न लौटने की बात बताकर पुलिस को लौटा दिया।

दंगे के केस की सुनवाई करते हुए मंगलवार को अदालत ने तौकीर रजा खां को मुख्य आरोपी करार देते हुए 11 मार्च को हाजिर होने का आदेश दिया था। अदालत की ओर से जारी लंबे-चौड़े आदेश में तौकीर रजा पर कार्रवाई न करने और चार्जशीट से उनका नाम निकाल देने के मामले में तत्कालीन पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों पर भी कड़ी टिप्पणी की थी।

अदालत के आदेश के बाद बुधवार को पुलिस तौकीर के घर पर समन तामील कराने पहुंची थी लेकिन घरवालों ने तौकीर के दिल्ली में होने की बात कहते हुए समन लेने से इन्कार कर दिया था। बृहस्पतिवार को दोबारा पुलिस समनल लेकर पहुंची लेकिन बताया गया कि तौकीर दिल्ली से नहीं लौटे हैं। सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भी तौकीर रजा समन लेने के लिए उपलब्ध न हुए तो समन उनके घर के बाहर चस्पा कर दिया जाएगा।

शासन ने बरेली पुलिस को दी शांति-व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

लखनऊ, अमृत विचार : तौकीर रजा प्रकरण पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है। बरेली के पुलिस-प्रशासन को शांति-व्यवस्था बहाल रखने को कहा गया है।

एक नजर

कई घंटे बिजली गुल होने से परेशान हुए लोग

बरेली, अमृत विचार : फरवरी में अनुरक्षण माह पूरा होने के बाद भी मार्च में भी लगातार मरम्मत कार्य के नाम पर कटौती की जा रही है। गुरुवार को भी शहर के अलग-अलग इलाकों में पांच से छह घंटे की कटौती से लोग परेशान हो गए।

जगतपुर विद्युत उपकेंद्र के जगतपुर फीडर और चकचुंगी फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की छंटाई की वजह से सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। हरुनगला विद्युत उपकेन्द्र के यार्ड में मरम्मत कार्य की वजह से पवन बिहार, राम गंगा नगर, हरुनगला, सरस्वती विहार, तुलसी नगर, बाईपास, सुरेश शर्मा नगर में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रही। महानग, वनखंडी नाथ, सनसिटी विस्तार, वीर सावरकरनगर, अलखनाथ, केला बाग, मोतीलाल बजरिया, जटवारा, गढ़ी चौकी, स्वाले नगर, आनंद विहार, मिनी बाईपास, किला छावनी, लीची बाग, चंदन नगर, सर्वोदय नगर, सनौआ, गोविंदापुर, सनाईया रानी आदि इलाकों में भी बिजली कटौती से लोग परेशान हुए।

जिलाध्यक्ष पर मर्यादा तोड़ने का आरोप, कई ने छोड़ दी सपा

संवाददता, बरेली/आंवला

- आंवला में दो सेक्टर प्रभारियों समेत 14 लोगों का इस्तीफा
- राष्ट्रीय अध्यक्ष को सामूहिक इस्तीफे का भेजा पत्र

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के आंवला विधानसभा क्षेत्र में सिरौली सेक्टर के दोनों प्रभारी सहित 14 कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे का कारण जिलाध्यक्ष का अमर्यादित व्यवहार बताया गया है। इस्तीफे की पत्र डाक से नेताओं को भेजा गया है।

यूथ बिग्रेड के पूर्व सचिव सद्दाम अब्बासी के लेटर पेड पर राष्ट्रीय अध्यक्ष को संबोधित पत्र में कहा गया है कि आंवला विधानसभा में सिरौली नगर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी आदि की एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है। इसमें जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप के अभद्र एवं अमर्यादित व्यवहार और कार्यकर्ताओं को गालियों देने से आहत होकर समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक त्यागपत्र देने की बात कही गई है। इस्तीफा देने वालों में आकिल खां पूर्व महासचिव युवजन सभा, शफीक अंसारी पूर्व नगर अध्यक्ष सिरौली, शाहिद खां उर्फ गुड्डू पूर्व महासचिव आंवला विधानसभा, पूर्व जिला सचिव यूथ बिग्रेड एवं सेक्टर प्रभारी सद्दाम अब्बासी, गुलवेश उल हक, बाबू खां, नौशाद सलमानी, गुलफाम खान, जैनुल आब्दीन, नूर फारुखी, हाजी आबिद बेग, इमरान खां, आरिफ नियाजी, गुड्डू मिर्जा, शमीम चौधरी शामिल हैं। इस मामले में जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने बताया कि किसी पदाधिकारी के पार्टी से त्यागपत्र देने का कोई पत्र उनके पास नहीं आया है।

रुविवि : पीजी हॉस्टल में छात्रों के बीच चले डंडे, कई का सिर फूटा, तीन गंभीर घायल

मेस में विवाद होने के बाद सीनियर छात्रों ने बाहरी युवकों को बुलाकर जूनियर्स पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गंभीर घायल तीनों छात्र निजी अस्पताल में भर्ती, आरोपी छात्र का कमरा सील
- पुलिस को दी तहरीर, सीसीटीवी फुटेज से की जा रही हमलावरों की पहचान

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय का पीजी हॉस्टल बृहस्पतिवार को सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच जंग का मैदान बन गया। मेस में दोपहर के खाने के दौरान विवाद होने के बाद सीनियर छात्रों ने बाहर से कुछ युवकों को बुलाकर जूनियर्स को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इस हमले में कई छात्रों के सिर फूट गए। गंभीर घायल तीन छात्रों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस की जांच के बाद वार्डन ने मारपीट करने वाले छात्र का कमरा सील कर दिया। हॉस्टल के वार्डन की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई है।

बताया जा रहा है कि पीजी हॉस्टल में रह रहा एमटेक छात्र ऋषभ त्यागी बृहस्पतिवार को मेस में किसी बाहरी युवक के साथ पहुंचा था। इस दौरान उसकी वहां पहले से मौजूद जूनियर छात्रों से किसी बात पर कहासुनी हुई तो उसने उनके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। छात्रों के मुताबिक इस दौरान हॉस्टल में वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा भी मौजूद थे जिन्होंने छात्रों को समझाकर शांत करने के बाद ऋषभ और उसके साथी को बाहर भेज दिया। इसके बाद जूनियर छात्र निश्चिंत हो गए, लेकिन कुछ ही देर बाद कई बाहरी युवकों के साथ कुछ सीनियर छात्र भी डंडे लेकर ऋषभ के साथ पहुंचे और जूनियर छात्रों पर हमला कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच।

हमला करने वाले छात्र और युवक मारपीट करते हुए मेस के अंदर से भी कई छात्रों को खींचकर बाहर ले गए। मारपीट में कई छात्र घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बीएड द्वितीय वर्ष छात्र आकाश सिंह, एमए प्रथम वर्ष के मनोज और एमएड द्वितीय वर्ष के महेश को पास के एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हंगामे की सूचना पर सुरक्षा प्रभारी सुधांशु भी पहुंचे लेकिन तब तक मारपीट करने वाले छात्र भाग चुके थे। कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देश पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायल छात्रों का हाल लिया। वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा के निर्देश पर सुरक्षा प्रभारी ने एमटेक छात्र ऋषभ का कमरा सील कर दिया है। वार्डन ने पुलिस को भी तहरीर दे दी है। हॉस्टल पहुंची पुलिस ने घायल छात्रों से पूछताछ के साथ वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। घायल छात्रों के मुताबिक मारपीट करने वालों में ऋषभ त्यागी के अलावा लिटिल, सिद्धार्थ, अमन समेत कई लोग शामिल थे। इनमें एक छात्र बीटेक में फेल हो चुका है, फिर भी हॉस्टल में आता रहता है। वार्डन प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने बताया कि मेस में खाना खाने के दौरान छात्रों में कहासुनी हो गई थी। उन्होंने छात्रों को डांटकर बाहर कर दिया था लेकिन बाद में छात्रों ने फिर हमला कर दिया। मारपीट में तीन छात्र घायल हुए हैं। एक आरोपी छात्र का कमरा सील कर दिया गया है, घटना की रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से मारपीट करने वाले छात्रों की पहचान कर रही है।

विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावास में मारपीट के बाद इकट्ठे छात्र। ● अमृत विचार

> हॉस्टल में मारपीट बर्दाश्त नहीं की जा सकती। रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वार्डन की रिपोर्ट के बाद दोषी छात्र को निष्कासित किया जाएगा।
> – **प्रो. केपी सिंह**, कुलपति रुहेलखंड विश्वविद्यालय

घायल छात्र को अस्पताल ले जाते साथी।

छात्र का सिर फूट गया। ● अमृत विचार

मारपीट में घायल छात्र। ● अमृत विचार

घटतौली में था मुनाफा अब कोटा क्या चलाना

ई-वेइंग मशीनों के डर से होने लगे कोटे सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो ने इस्तीफा दिया, कई और लाइन में, अगले महीने से ई-वेइंग मशीनों से होगा राशन वितरण
- कम उपभोक्ताओं वाले कोटेदार ज्यादा परेशान, लग सकती है इस्तीफों की झड़ी

अमृत विचार : घटतौली से होने वाला मुनाफा कोटे की दुकानें हासिल करने के लिए होने वाली मारामारी की प्रमुख वजह था लेकिन माना जा रहा है कि ई-वेइंग मशीन के जरिए राशन वितरण की व्यवस्था लागू होने के बाद यह खेल खत्म हो जाएगा। इससे कोटेदारों में खलबली मची हुई है। नौबत यह है कि कोटेदारों ने अपनी दुकानें सरेंडर करनी शुरू कर दी हैं। दो कोटेदारों ने हाल ही में दुकानें सरेंडर की हैं, करीब 50 दुकानें और सरेंडर होने की आशंका जताई जा रही है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन का वितरण इसी महीने से ई-वेइंग मशीनों से कराने की तैयारी है। ई-पॉस मशीनों को ई-वेइंग मशीनों से जोड़ा जा रहा है ताकि घटतौली की गुंजाइश न रहे। अब तक कोटेदारों की कमाई घटतौली से ही हो रही थी। इसी कारण पूर्ति विभाग में राशन वितरण में हेराफेरी और कालाबाजारी के साथ सबसे ज्यादा शिकायतें घटतौली की हैं। अब शासन के ई-वेइंग मशीनें लगाने के एलान के बाद कोटेदारों में खलबली का माहौल है। हाल ही में दो कोटेदारों ने अपनी दुकानें सरेंडर कर दी हैं। इन्होंने इसके पीछे निजी कारण बताए हैं लेकिन असल वजह ई-वेइंग व्यवस्था लागू होना बताया जा रहा है। कोटेदारों का दावा है कि अगले कुछ दिनों में कई और ऐसी दुकानें सरेंडर हो सकती हैं जिनसे कम संख्या में राशनकार्ड संबद्ध हैं। कोटेदारों का कहना है कि नई व्यवस्था के तकनीकी पहलू उन पर भारी पड़ेंगे और वितरण में समय भी ज्यादा लगेगा। ईमानदारी से राशन वितरण करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा लिहाजा वे यह दबाव झेलने की स्थिति में नहीं हैं। दुकान सरेंडर करने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। फिलहाल जिले को 1790 ई-वेइंग मशीनें मिल चुकी हैं। इसके बाद प्राइवेट एजेंसी तहसीलवार कोटेदारों को मशीन चलाने की ट्रेनिंग दे रही है। ई-वेइंग मशीन से पूरा राशन तौले जाने के बाद ही पर्ची निकलेगी। इसके अलावा गेहूं और चावल यूनिटों के हिसाब से अलग-अलग तौलना होगा। इससे घटतौली पर लगाम लगेगी।

> ई-वेइंग मशीनों से राशन वितरण इसी महीने शुरू कराया जाएगा। फिलहाल ट्रेनिंग दी जा रही है। दो कोटेदारों ने निजी कारण बताकर इस्तीफे दिए हैं। ई-वेइंग मशीनों से इसका लेनादेना नहीं है।
> **-नीरज सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी

लिंक मार्गों पर गड्ढों से हो रहे हैं हादसे

- संपूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायतों के आधार पर एसडीएम ने लिखा पत्र

बरेली, अमृत विचार : आंवला तहसील क्षेत्र में कई लिंक मार्ग जर्जर होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। इसकी वजह से हादसे भी हो रहे हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता को सड़क सही कराने के लिए पत्र लिखा है।

2 मार्च को हुए संपूर्ण समाधान दिवस में इफको कालोनी से पश्चिमी फाटक, बिशारतगंज तिराहा से स्टेशन तक, बिशारतगंज जाहरवीर मंदिर से परावहाउद्दीनपुर तक जर्जर सड़कों को सही कराने के लिए प्रार्थना पत्र सौंपे गए थे। एसडीएम ने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर खराब सड़कों को सही करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने पत्र में लिखा कि बिशारतगंज से छोटे लिंक मार्गों पर गहरे गड्ढों से हादसे हो रहे हैं और मरीजों को इलाज के लिए ले जाने में भी लोगों को असुविधा होती है।

पीड़ितों ने जालसाज पकड़ा, दरोगा ने छोड़ दिया

संवाददाता, बरेली/कैंट

- कैंट थाने के दरोगा ने इंस्पेक्टर को भी नहीं दी जानकारी
- प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर की थी ठगी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर जालसाज ने चार महिलाओं से ठगी कर ली। पीड़ित महिलाओं ने आरोपी को पकड़कर दरोगा नरेन्द्र शर्मा के हवाले कर दिया। आरोप है कि दरोगा ने आरोपी को छोड़ दिया और इंस्पेक्टर जग नारायण पांडेय को भी इसकी जानकारी नहीं दी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी के होने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर के बरकलीगंज निवासी राजदा, मुन्नी, फातिमा और रानी ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उनके घर पर बदायूं जिले के थाना वजीरगंज के सैदपुर का रहने वाला एक युवक आया था। वह वर्तमान में लाल फाटक पर रहता है। आरोपी स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताता है। उसने कहा कि वह प्रधानमंत्री आवास का सर्वे करने आया है। जिन लोगों के आवास नहीं बने हैं, वे लोग बनवा सकते हैं। उसने आवास दिलाने के बदले में 20-20 हजार रुपये और दस्तावेज मांगे। पीड़ित महिलाओं ने इतनी रकम देने से इन्कार किया तो आरोपी ने कहा कि 10-10 हजार रुपये अभी दे दो और शेष रकम बाद में दे देना। भरोसा करके चारों महिलाओं ने 40 हजार रुपये आधार कार्ड, पासबुक आदि दस्तावेज आरोपी को दे दिए। गुरुवार को चारों महिलाएं परिजनों के साथ उसके लाल फाटक स्थित आवास पर पहुंची और रुपये मांगे। महिलाओं ने कैंट पुलिस को सूचना दी। मौके पर दरोगा नरेन्द्र शर्मा पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया और शिकायती पत्र ले लिया। वहां से दरोगा आरोपी को पकड़कर ले गए, लेकिन छोड़ दिया।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पीड़ित यदि थाने आकर तहरीर देते तो जानकारी होती, पूछताछ भी करता। दरोगा से पूछताछ की जाएगी।
> **-जगनारायण पांडेय**, इंस्पेक्टर कैंट

> इस संबंध में इंस्पेक्टर कैंट से पूछा जाएगा। यदि दरोगा ने ऐसा किया तो गलत है। उन्हें इंस्पेक्टर को पूरा घटनाक्रम बताना चाहिए था। **- संदीप कुमार**, सीओ प्रथम

शिक्षामित्र को थप्पड़ मारने वाली शिक्षिका निलंबित

- बीएसए ने की कार्रवाई, शिक्षिका पर एनसीआर भी दर्ज

बरेली, अमृत विचार : शिक्षामित्र को थप्पड़ जड़ने वाली शिक्षिका को बीएसए ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, शिक्षामित्र की शिकायत पर मीरगंज पुलिस ने शिक्षिका के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है।

मीरगंज के चुरई दलपतपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में अर्चना वर्मा सहायक अध्यापिका और रुकमणी देवी शिक्षामित्र के पद पर तैनात हैं। चार मार्च को रुकमणी देवी ने अर्चना से पूछा था कि मैडम आप यहां है, आपका तो प्रशिक्षण है। आरोप है कि यह सुनते ही अर्चना का पारा चढ़ गया और उन्होंने शिक्षामित्र को थप्पड़ जड़ दिया। इससे नाराज शिक्षामित्रों ने बीआरसी केंद्र पर धरना देकर सहायक अध्यापिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से उठाया था। बीएसए के निर्देश पर बीईओ ने मामले की जांच की। बीईओ की जांच रिपोर्ट के अनुसार सहायक अध्यापिका लगातार शिक्षण कार्य में लापरवाही बरत रही हैं। स्कूल में उपस्थित पंजिका पर सुबह हस्ताक्षर कर बीएलओ ड्यूटी के नाम पर स्कूल से नदारद होती रही हैं। जांच रिपोर्ट पर गुरुवार को बीएसए संजय सिंह ने अध्यापिका को निलंबित कर दिया।

इफको के कब्जे में पट्टाधारकों की भी जमीन, अफसर नोटिस देकर भूले

संवाददाता, बरेली/आंवला

- 2008 में तत्कालीन अफसरों ने इफको टाउनशिप में पट्टेदारों की जमीन होने की सौंपी थी रिपोर्ट
- इफको प्रबंधन को 15 दिन में खाली करनी थी जमीन, अब अधिकारियों ने चुप्पी साधी

अमृत विचार : सरकारी विभाग और किसानों की जमीन के अलावा इफको प्रबंधक ने पट्टाधारकों की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। 15 साल पहले तत्कालीन अधिकारी भी पट्टाधारकों की जमीन इफको में होने की पुष्टि कर चुके हैं। कब्जा हटाने के लिए कई बार नोटिस दिए गए लेकिन अब तक नहीं हटा।

भमोरा के गांव सेंधी की पट्टाधारक अखिलेश कुमारी के अलावा गांव के कुछ और किसानों ने वर्ष 2009 में डीएम से शिकायत की थी खसरा संख्या 538, 461, 572, 541 में उनका हिस्सा 0.83 हेक्टेयर था। जनवरी 2008 में तत्कालीन कानूनगो वाहिद खां और हल्का लेखपाल विद्याराम शर्मा ने बताया कि खसरा संख्या 538 रकबा 0.307 हेक्टेयर इफको टाउनशिप में चला गया है। इस पर तहसील अधिकारियों ने 15 दिन में इफको से मुआवजा या टाउनशिप चारदीवारी तोड़कर जमीन पर कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

इतना ही नहीं डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार विजय कुमार यादव ने भी दिसंबर 2009 को स्थलीय पैमाइश और अभिलेखों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी थी। उसमें भी कहा गया था कि खसरा संख्या 538 में अखिलेश कुमारी का नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। यह जमीन इफको के कब्जे में हैं। इस पर तहसील प्रशासन ने इफको वरिष्ठ महाप्रबंधक को पत्र भेजकर मांगा लेकिन मामला अभिलेखों में दफन कर दिया गया।

नौकरी मिली न मुआवजा, जांच भी ठंड बस्ते में

पट्टाधारक उमेश यादव के मुताबिक वर्ष 2010 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने इफको को जमीन का मुआवजा और नौकरी देने के लिए पत्र भेजा था। उस दौरान आश्वासन दिया गया था दोनों में से एक काम होगा, लेकिन आज तक इफको ने उनके परिवार को नौकरी दी और न मुआवजा। वह इस मामले में हाइकोर्ट गए। जहां यह केस विचाराधीन है। उनका कहना है कि इफको ने सेंधी गांव के ही राजवीर और जसवीर पुत्र रामसिंह की जमीन पर भी अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™ An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

पुलिस वालों को होटलों में चाहिए मुफ्त कमरा, होटल वाले नाराज

होटल वेलफेयर एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक में उठा मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : होटल वेलफेयर एसोसिएशन की कोर कमेटी मार्गदर्शक मंडल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में पुलिस वालों के होटलों में मुफ्त कमरा मांगने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। सिविल लाइंस के एक होटल में हुई इस बैठक में कई और मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में कहा गया कि पुलिस कर्मियों की ओर से मुफ्त में कमरा देने का दबाव बनाया जाता है और इन्कार करने पर उत्पीड़न किया जाता है। इसके लिए एक ठोस नीति बने ताकि होटल वालों का यह शोषण रोका जा सके। हाल ही में नगर निगम की ओर से कूड़ा निस्तारण शुल्क में वृद्धि को लेकर चर्चा हुई। दोनों ही समस्याओं को लेकर एक शिष्ठ मंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शीघ्र ही मुलाकात करेगा। इसके अलावा होटल व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी, ताकि होटल व्यवसाय एक उद्योग के रूप में निखर सके। बैठक में आगामी दिनों में होली के कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्यक्रम का स्थान का निर्धारण किया गया। अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना, संरक्षक सतीश अग्रवाल, शुजा खान, सतवंत सिंह चढढा, अंकुर विग, ममता गंगवार, धीरंद्र, वीर सिंह, आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद होटल वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में दी जानकारी

बरेली,अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कानून मेरा संरक्षक कार्यक्रम राजकीय महिला शरणालय में हुआ। जहां अधिवक्ता हरिंद्र कौर चड्ढा ने संवासिनियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी दी। सहायक अधीक्षक छाया और स्टाफ मौजूद रहा।

पति की हत्यारोपी महिला को पुलिस ने भेजा जेल

बरेली, अमृत विचार : पति की हत्या करने वाली पूनम को बारादरी पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस पूछताछ में पूनम ने छीनाझपटी में गोली चलने की बात कही है।

मोहल्ला हरुनगला निवासी नरेन्द्र कुमार और उसकी पत्नी पूनम के बीच 18 हजार रुपये को लेकर मंगलवार रात दो बजे विवाद हो गया था। नरेन्द्र के पिता रामकृष्ण के अनुसार पूनम ने विवाद होने पर उनके बेटे को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। उनके अनुसार पूनम के संबंध उसके बहनोई ओमप्रकाश से हैं। बारादरी पुलिस ने पूनम और उसके बहनोई ओमप्रकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने पूनम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि नरेन्द्र ने ही नशे में तमंचा उस पर ताना था। खुद के बचाव में तमंचा वाला हाथ उसने पकड़ लिया। छीनाझपटी में हाथ मुड़ गया और गोली चल गई। जिससे नरेन्द्र की मौत हो गई। पुलिस ने पूनम को जेल भेज दिया और उसके बहनोई की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

व्यापारियों ने जीएसटी से जुड़ी समस्याएं गिनाईं

एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन औपी चौबे के समक्ष समस्या रखते व्यापारी नेता।

बरेली, अमृत विचार : व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शिष्टमंडल गुरुवार को राज्य कर विभाग के जोनल कार्यालय में एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन ओपी चौबे से मिला। प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सत्र 2009-10 में प्रदेश सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ उत्पादों को प्रवेश कर से छूट दी थी। इस पर चीनी मिलों ने योजना का लाभ उठाते हुए चीनी व्यापारियों को माल बेचा, परंतु कुछ समय बाद व्यापारियों को नोटिस भेजकर प्रवेश कर की मांग की जाने लगी।

राजेश जसौरिया ने बताया कि जब व्यापारियों ने नोटिस मिलने पर चीनी मिल प्रबंधनों को इसकी जानकारी दी तो वह हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि उस दौरान स्थापित होने वाली चीनी मिलों पर प्रवेश कर नहीं लगेगा। बावजूद कई व्यापारियों को नोटिस विभाग की ओर से भेज दिए गए। जिससे चीनी व्यापारी मानसिक तनाव में हैं। इस पर ओपी चौबे ने डिप्टी कमिश्नर को आदेश दिया जिन चीनी मिलों के पक्ष में न्यायालय का आदेश आया है उनसे खरीदे गए माल पर कोई वसूली न की जाए। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव चान्दना ने कॉलेज रोड स्थित बिजली व्यापारियों के पास आ रहे नोटिसों का संज्ञान लेने का आग्रह किया। शिष्टमंडल में उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी, चीनी संगठन के पीयूष बंसल, श्रीकृष्ण अग्रवाल] राजीव महेश्वरी, रोहित बंसल, राजेंद्र खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोशनलाल की कॉल डिटेल से मिले हत्यारों के बारे में सुराग

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

सीबीगंज हत्याकांड
- हत्या मामले में बेटे के आसपास घूम रही पुलिस की जांच
- बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : सीबीगंज के मथुरापुर में हाईवे किनारे आटा व्यवसायी रोशनलाल की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने बेटे राजू की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की जांच बहुत ही करीबी पर जाकर बार-बार रुक रही है। पुलिस ने एक बेटे का फिंगर प्रिंट भी लिया है। पुलिस रोशनलाल के मोबाइल फोन की डिटेल खंगाल रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया है कि रोशनलाल को गोली सटा कर मारी थी। पुलिस को रोशनलाल के परिवार के सदस्य पर इसलिए शक हो रहा है, क्योंकि गोली लगने के बावजूद पुलिस को हादसा बताया गया था। पुलिस का कहना है कि आखिर उनका एक बेटा सबसे पहले मौके पर कैसे पहुंचा। वह अकेले ही घटनास्थल पर क्यों पहुंचा। उसे किसने घटनास्थल बताया। पुलिस काल डिटेल और लोकेशन के अनुसार पता लगा रही है कि वह दिन में कहां-कहां गए। रोशन ने कई बैंक का कर्ज भी लिया था, हालांकि परिजन रंजिश से इनकार कर रहे हैं। रोशनलाल मूलरूप से गांव ढिढौली थाना फरीदपुर के रहने वाले थे। कुछ समय पहले गांव में ही उनके भाई की हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद रोशनदार अपने परिवार के साथ मथुरापुर में रहने लगे। पुलिस इस मामले को भी जोड़कर देख रही है।

> रोशनलाल की हत्या किसी करीबी ने की है। काल डिटेल खंगाली जा रही है। जल्द ही खुलासा कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

किशोरी से छेड़छाड़ की पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की गई। मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो गुरुवार को मां ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। महिला ने आरोप लगाया कि उनकी दो बेटियां हैं। जिनको दो मार्च को गांव के ही तीन लोग बहलाकर रुद्रपुर ले गए थे। वहां बेटियों को बंधक बनाकर उनके साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर दोनों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने जैसे ही बेटियों को छोड़ा तभी बेटियों ने कॉल कर परिजनों को सूचना दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

गुटखा और सिगरेट फेंकने पर पति ने महिला को बीच सड़क पर पीटा

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में शील चौराहा पर महिला ने पति की जेब से गुटखा और सिगरेट निकालकर फेंक दिया। इससे नाराज पति ने महिला की सड़क पर ही पिटाई शुरू कर दी। महिला ने पुलिस ने शिकायत की तो काफी देर तक चौकी और थाने में ड्रामा चलता रहा, हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों में समझौता कराकर वापस भेज दिया।

रामनगर, उत्तराखंड निवासी काजल का विवाह माधोबाड़ी निवासी तरुण सिंह के साथ नवंबर 2023 में हुआ था। तरुण आए दिन शराब के नशे में उसकी पिटाई करता है। बुधवार को तरुण के ममेरे भाई यश की शादी थी। आरोप है कि बरात के दौरान काजल ने पति तरुण की जेब से सिगरेट, लाइटर और गुटखा निकालकर फेंक दिया और शराब पीने का विरोध किया। इस नाराज तरुण ने काजल की बाल पकड़कर बीच सड़क पर पिटाई की।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सार-संक्षेप

लखनऊ की नारकोटिक्स टीम ने पकड़ी चार किलो अफीम

बरेली,अमृत विचार : लखनऊ नारकोटिक्स सेल और सुभाषनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से सुभाषनगर चुंगी के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार किलो अफीम बरामद की है। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ नारकोटिक्स की टीम आरोपी के पीछे लखनऊ से लगी थी। नारकोटिक्स के दरोगा पंकज दुबे ने थाना पुलिस की मदद से झारखंड के चतरा जिले के गिधौर गांव निवासी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करगैना में एक व्यक्ति को सप्लाई देने के लिए आया था। पुलिस अब सप्लाई लेने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपी को टीम अपने साथ लखनऊ ले गई है।

गार्ड से राइफल लूटने वाले पुलिस के हाथ नहीं आए

बरेली, अमृत विचार : ज्वैलरी शोरूम के गार्ड की राइफल समेत अन्य सामान लूटने के मामले में प्रेमनगर पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अभी तक लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। लूट का खुलासा करने के लिए एसओजी प्रेमनगर पुलिस की तीन टीमों को लगाया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। प्रेमनगर के बालाजी विहार फेस टू में रहने वाले संतकुमार ने बताया कि उनके पिता उमाकांत शुक्ला डीडीपुरम में स्थित एक ज्वैलर्स के शोरूम में गार्ड की नौकरी करते हैं। बुधवार को शोरूम से वापस आते समय इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पीछे आरपीएफ लाइन के सामने उनके पिता को तीन-चार नकाबपोश बदमाशों ने घेर लिया। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गिर गए। आरोपी उनकी राइफल और पैसे आदि छीनकर फरार हो गए थे।

मुकदमा वापस न लेने पर बंदूक लेकर घर में घुसा

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर के लालपुर गांव में मुकदमा वापस न लेने पर दबंग बंदूक लेकर महिला के घर में घुस गया और मारपीट की। इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लालपुर गांव निवासी सावित्री ने बताया कि उनका गांव के ही संतोष और अन्य लोगों से न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। आरोपी संतोष सोशल मीडिया पर शस्त्रों के साथ फोटो वायरल करके दहशत फैला रहा है। 20 फरवरी को वह उनके घर में अपने साथियों के साथ बंदूक लेकर घुस गया। जान से मारने की धमकी देते हुए मुकदमा वापस लेने को कहा। इन्कार करने पर मारपीट की और मेज पर रखे रुपये उठाकर चला गया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाइक खड़ी करने का विरोध किया तो पीटा

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र के गांव मुड़िया अहमदनगर में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि साबिर आए दिन विवाद करता है। दो मार्च को आरोपी ने अपनी बाइक उनके घर के सामने खड़ी कर दी और मना करने पर वह और उसके साथी सादिक, जाकिर, साहिद के साथ घर में घुस आए और मारपीट की। आरोप है कि उनकी बेटी के साथ भी अभद्रता की।

पशुओं को खाना खिलाकर आ रही युवती से छेड़छाड़

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर में पशुओं को खाना खिलाकर आ रही युवती से दबंग ने मारपीट और छेड़छाड़ की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। युवती ने बताया कि वह प्रतिदिन कुत्तों और गायों को खाना खिलाती है। पांच मार्च की रात को वह ऑफिसर एन्क्लेव की गली नंबर दो से पशुओं को खाना खिलाकर वापस आ रही थीं। उसी गली का रहने वाला ज्ञान राठौर आ गया और काफी देर तक घूरता रहा। पूछने पर आरोपी ने हाथ पकड़ लिया और गाली गलौज की। आरोपी ने धमकी दी कि पिता को बुला ले, उन्हें भी मारूंगा।

बच्चे के पीटने का विरोध करने पर किया हमला

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर के छोटी विहार में बच्चे को पीटने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला की पिटाई की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। छोटी विहार निवासी यशोदा ने बताया कि उनका बेटा शनि घर के बाहर खेल रहा था, तभी खेमकरन का बेटा विकास आया और मारपीट करने लगा। उन्होंने बचाया तो आरोपी विकास, उसकी मां, खेमकरन, नीरज, यश कुमारी, देवी, बेबी और विकास भाई आ गए और मारपीट करने लगे। आरोपियों जान से मारने की धमकी दी है।

मदरसे तभी बंद करें जब टेरर फंडिंग के सबूत हों: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि मदरसे संविधान के अनुसार चलाए जा रहे हैं। बंद करने के बजाय उनसे समाज और देशहित में काम लिया जाना चाहिए। नेपाल सीमा पर 13 हजार मदरसे बंद किए जाने की सिफारिश पर उन्होंने कहा कि 506 मदरसे छोड़कर बाकी मदरसे चंदे से चलते हैं। ये 30-40 साल पुराने बने हैं। इनमें पांच हजार को सरकार ने मान्यता दे रखी है। इन मदरसों को तभी बंद किया जाए जब सरकार के पास टेरर फंडिंग के सबूत हों।

पुलिस की शिक्षा वाहिनी छात्राओं को करेगी जागरूक

बरेली, अमृत विचार : पुलिस ने सड़क सुरक्षा वाहिनी के बाद अब शिक्षा वाहिनी गठित की है। यह वाहिनी स्कूल-कॉलेजों में जाकर छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगी। दो टीमें प्रभारी टीएसआई के नेतृत्व में काम करेंगी। आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के निर्देश पर एसपी ट्रैफिक शिवराज शहर में जाम से मुक्ति दिलाने के लिए छह महिला और चार पुलिस सिपाहियों की टीम बनाकर सड़क सुरक्षा वाहिनी का गठन किया। इसके बाद अब शिक्षा वाहनी टीम गठित की है। शिक्षा वाहिनी टीम में दो-दो महिला सिपाहियों को तैनात किया गया है।

सार-संक्षेप

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन और टैगोर पब्लिक स्कूल ने आजम नगर में कार्यक्रम आयोजित कर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नमन मिश्रा ने कहा कि मातृ शक्ति ही एक सभ्य समाज की जनक होती है। इस मौके पर कौमी एकता, देशभक्ति के गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुति दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सैनी और संरक्षक मोहम्मद नबी ने संस्था के संस्थापक स्व. जेसी पालीवाल को याद किया। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, महासचिव सुनील धवन, प्रधानाचार्य कु. शहनाज, इफ्फत सिराज, शालू सैनी, अलका मिश्रा मौजूद रहीं।

महिलाओं को अधिकारों के बारे में दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वन स्टाप सखी सेंटर ने मेरे अधिकार थीम पर बिहारीपुर पट्टी ग्राम पंचायत में महिला गोष्ठी आयोजित की, जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की ओर से लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों के संबंध में बताया गया, जो उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हैं। वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चंचल, प्रधान ज्योति सक्सेना, रीना चंद्रवंशी आदि मौजूद रहीं।

मानव सेवा क्लब ने महिलाओं का किया सम्मान

बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब ने गुरुवार को क्लब के कहरवान स्थित सभागार में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित किया। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, कार्यक्रम अध्यक्ष राममूर्ति गौतम, प्रकाश चन्द्र, अरुणा सिन्हा और इंद्रदेव त्रिवेदी ने नोएडा की बीना शर्मा, शिवरक्षा पांडेय, अरुणा सिन्हा, सत्यवती सिंह के अलावा कवि अनिरुद्ध कुमार शर्मा और एसके कपूर को सम्मानित किया। कवि रणधीर प्रसाद गौड़, रीतेश साहनी, राजकुमार अग्रवाल, मनोज दीक्षित टींकू, राम कुमार भारद्वाज, अफरोज, बीना शर्मा, दीपक मुखर्जी, रमेश रंजन आदि मौजूद रहे।

स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

बरेली, अमृत विचार : क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह का संचालन सैयद नजीब उल्लाह ने किया। नायरा और शिफा ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। प्रबंधक डॉ. महमूद शाह खान, अध्यक्ष मो. कासिम कश्मीरी, हुमैरा, शैजी, फहीम राजा खान, नाजिम वेग, वसीम मियां आदि लोग उपस्थित रहे।

चुनौतियों से भरे आसमान में उड़ान भर रही हैं महिलाएं

अमृत विचार : पुरुषों के आधिपत्य के किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के लिए अपने पैर जमाना आसान काम नहीं होता लेकिन शहर की तमाम महिलाओं ने इन चुनौतियों को जीत रखा है। बरसों से वे पुरुषों से उन्हीं के मैदान में टक्कर ले रही हैं और सफलता का परचम भी लहरा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार की ओर से विशेष प्रस्तुति।....

रिमझिम ने तय किया बरेली से इसरो तक का सफर

रामपुर गार्डन निवासी रिमझिम भटनागर की शुरुआती शिक्षा बिशप कॉनराड स्कूल में हुई। उन्होंने बरेली कॉलेज से 2003 में एमएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की। उनका चयन इसरो में साइंटिस्ट के पद पर हुआ। 2013 में मार्स पर बेस्ट स्टडी पेपर लिखने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन ने 2014 में मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण तटस्थता पर असाधारण कार्य करने के लिए उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड से नवाजा। 2022 में रिमझिम की पहली किताब प्रकाशित हुई। कुछ माह पहले उन्होंने इसरो से त्याग पत्र दे दिया। अब वह लंदन में अपनी रिसर्च और किताबों के लेखन से जुड़ी हैं। उनके पिता जगदीश भटनागर पेशे से वकील थे।

महिलाओं के हक की आवाज बनीं श्रद्धा

शहर के गुद्दड़ बाग निवासी क्रिमिनल वकील श्रद्धा सक्सेना सुप्रीम कोर्ट में वकालत करती हैं। उनके पिता भी वकील हैं। श्रद्धा ने बताया कि वर्ष 2010 में शहर में हुए एक रेप केस में हो रही नाइंसाफी ने उन्हें महिलाओं के हक के लिए आवाज उठाने को प्रेरित किया। वह जेंडर न्यूट्रैलिटी की भी पैरवी करती हैं। वह कार्यालयों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बनी कमेटी की सदस्य भी हैं। वह महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति भी जागरूक करती हैं।

गुड़िया ने आत्मनिर्भर बनकर पकड़ी तरक्की की राह

शहर के जोशी टोला की गुड़िया यादव ने खुद भी तरक्की के साथ कई महिलाओं को भी महिला समूहों से जुड़कर रोजगार सृजन करने के लिए प्रेरित किया। अब तक वह 15 समूहों में 150 महिलाओं को जोड़कर उनके कामकाज को बढ़ाने में सहायता कर रही हैं। जिसमें से अधिकतर महिलाएं कम पढ़ी-लिखी हैं। गुड़िया का समूह ही वन स्टॉप सेंटर की कैंटीन को संभाल रहा है। जिससे वह अन्य महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही हैं।

बच्चों को कला और संस्कृति से जोड़ रही हैं पुष्पा अरुण

चनेहटा स्थित प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका पुष्पा अरुण बच्चों को पढ़ाई के साथ आर्ट एंड क्राफ्ट भी सीखा रही हैं। वह काफी समय से इस दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्हें इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा वह बच्चों को थिएटर भी सीखा रही हैं। बच्चों को कला और संस्कृति से जोड़ने का काम कर रही हैं। आर्ट क्राफ्ट का मॉड्यूल राज्य स्तर का बनाकर वह अब तक करीब 500 शिक्षकों को ट्रेनिंग दे चुकी हैं।

इंस्पेक्टर पुष्पा... पुलिस की वर्दी में पर्यावरण प्रेमी

एसपी यातायात कार्यालय में तैनात निरीक्षक गोपनीय पुष्पा सिंह मूल रूप से बुलंदशहर की रहने वाली हैं। पति मुरादाबाद में प्रवक्ता हैं। पुष्पा सिंह ने बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षों को लगाना जरूरी है। इसके लिए वह स्कूलों में जाकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करती हैं। वह पुलिस कर्मियों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनके घर में तमाम औषधीय पौधे लगे हैं। उन्हें पेड़ पौधों से बेहद लगाव है।

साइबर अपराध से बचाव के लिए कर रहीं जागरूक

मूल रूप से बिजनौर की रहने वाली शालू साइबर थाने में तैनात हैं। उनके पति विकास यादव एएनटीएफ में दरोगा हैं। वह साइबर ठगी का शिकार हुए सैकड़ों लोगों के लाखों रुपये वापस करा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि वह प्रत्येक शनिवार को स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देती हैं। महिला अपराध से बचाने की तरीके भी बताती हैं। उन्हें डीजीपी की ओर से सिल्वर डिस्क पुरस्कार से मिल चुका है।

अपने खर्च पर पढ़ाती हैं बच्चियों को

आलमपुर जाफराबाद के पथरा स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापिका सारिका सक्सेना शिक्षण कार्य के अतिरिक्त कार्यक्षेत्र में अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत उन्हें सशक्त बना रही हैं। शिक्षा की मुख्य धारा से अलग हो चुकीं 20 से अधिक बालिकाओं को शिक्षित कर रही हैं। कई छात्राओं को अपने खर्चे से 12 वीं से लेकर स्नातक की पढ़ाई कराई।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ रहीं

भोजीपुरा के घंघोरा घंघोरी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापिका सविता शर्मा को जिला और राज्य स्तर पर नवाचार के लिए सराहना मिल चुकी है। वह बच्चों को पढ़ाने के लिए आर्ट, क्राफ्ट और पपेट का उपयोग करती हैं, ताकि बच्चों आसानी से समझ में आ सके। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा मुहैया हो, इसके लिए भी निरंतर प्रयास कर रही हैं। अब तक 30 से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ चुकी हैं।

लोको पायलट... मतलब हर पल नया अनुभव

आराधना मौर्य बरेली सिटी स्टेशन पर वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के पद पर तैनात हैं। 2019 में उनकी नियुक्ति हुई थी। शुरुआत में मालगाड़ियों को चलाया, अब मेल एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें चला रही हैं। आराधना का कहना है कि ट्रेन चलाना बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। कब क्या होने वाला है, कुछ नहीं पता होता है। तुरंत निर्णय लेना पड़ता है। इतने सारे यात्रियों को ले जाना बड़ी जिम्मेदारी होती है। लोको पायलट होने का मतलब हर पल एक नया अनुभव।

बहुत मुश्किल है ट्रेन के साथ घर को भी चलाना

मारिया फातिमा बरेली सिटी स्टेशन पर वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के पद पर तैनात हैं, 2019 में जब उनकी लोको पायलट नियुक्ति हुई तो परिवार वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह कहती हैं कि यह काम बाकियों से अलग है, इसलिए काम करते हुए बहुत अच्छा लगता है। बस चुनौती यही है कि दिन हो या रात काम का कोई पता नहीं है। ट्रेन चलाना है तो देर तक जागना और सुबह जल्दी उठना होता है।

काउंसलिंग कर शिक्षा के लिए करती हैं प्रेरित

भदपुरा के जासपुर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका डॉ. अल्पना गुप्ता अभिभावकों को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक कर रही हैं। इसके लिए वह अभिभावकों की काउंसलिंग भी करती हैं, ताकि कोई बालिका शिक्षा से वंचित न हो। बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर करीब 10 बालिकाओं का 10 वीं व 12 वीं में प्रवेश करा चुकी हैं और निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही हैं।

स्टेशन मास्टर के साथ घर की भी है जिम्मेदारी

रूबल सक्सेना बरेली जंक्शन पर स्टेशन मास्टर 2019 में नियुक्त हुईं। एक स्टेशन मास्टर का सबसे चुनौतीपूर्ण काम यही है कि कब किस वक्त कौन सी गाड़ी को प्लेटफार्म पर लेना है। दूसरी सबसे बड़ी चुनौती एक महिला होते हुए यह है कि आपको नाइट शिफ्ट भी करनी पड़ती है। स्टेशन मास्टर के लिए जंक्शन पर तीन अलग-अलग शिफ्ट होती हैं, इनमें से किसी शिफ्ट में आपको कभी भी काम करना पड़ सकता है। खास तौर से तब बेहद चुनौतीपूर्ण होता है जब आप एक गृहणी भी हों।

लोको पायलट बनीं तो रफ्तार के साथ जीना सीख लिया

बरेली सिटी स्टेशन पर वरिष्ठ सहायक लोको पायलट काम करने वाली शिखा जायसवाल 2019 में रेलवे में आईं।पांच साल की नौकरी में उन्होंने कई उतार चढ़ाव देखे। बेहद साधारण परिवार से आने वाली शिखा बताती हैं कि उनके परिवार में किसी लड़की का ट्रेन चलाना बहुत बड़ी बात थी। शुरुआत मालगाड़ी से हुई और आज वह पैसेंजर ट्रेनें भी चलाती हैं। नौकरी में आने के बाद रफ्तार के साथ जीना सीख लिया है।

अब बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म पर देना होगा 500 रुपये विलंब शुल्क

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है, लेकिन छात्रों को इसके लिए पांच सौ रुपये विलंब शुल्क जमा करना होगा। इससे पहले स्नातक और परास्नतक के परीक्षा फार्म भरने की तिथि भी पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ बढ़ाई गई थी, जिनके फार्म सात मार्च तक महाविद्यालयों में जमा किए गए। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएड और एमएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के संस्थागत और भूतपूर्व परीक्षा के फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 मार्च थी। छात्रहित में पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 7 से 10 मार्च तक फार्म भरे जाएंगे। छात्रों को 11 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

एलएलएम के छात्रों को मार्कशीट वितरित की

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सेमिनार हाल में गुरुवार को नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहला सत्र पूरा करने वाले एलएलएम के छात्रों को मार्कशीट वितरित की गईं। सीबीसीएस (च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम), वाईजीपीए (एनुअल ग्रेड प्वाइंट एवरेज) और सीजीपीए (कम्युलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज) पैरामीटर पर तैयार की गई मार्कशीट के कई लाभ हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मानकों को इस मार्कशीट को तैयार करने में ध्यान दिया गया है। पहले विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय से ट्रांसक्रिप्ट मार्कशीट तैयार करवाना पड़ती थी, जिसमें समय एवं धन व्यर्थ होता था। एलएलएम के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। पहले स्थान पर अनुष्का मूलचंदानी और द्वितीय स्थान पर स्वालेह रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने ट्राफी भी प्रदान की।

शिव तांडव स्त्रोत पर दस हजार लोगों ने बजाए डमरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली कॉलेज में शिव तांडव स्त्रोत में डमरू बजाते मंत्री, विधायक और संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिवमय हुआ बरेली कॉलेज
- हजारों लोग बने आयोजन का हिस्सा, झांकियों ने मन मोहा

अमृत विचार : पहली बार मनाए जा रहे नाथ महोत्सव के तीसरे दिन बरेली कॉलेज का मैदान शिवमय में नजर आया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक में आस्था का रंग चढ़ा था। शिव तांडव के स्त्रोत के बीच करीब दस हजार शिव भक्तों ने जैसे ही डमरू का वादन किया तो हर किसी का रोम-रोम प्रफुल्लित हो गया। इस दृश्य को हर कोई यादगार बनाने के लिए अपने मोबाइल में कैद करता दिखा।

गुरुवार को प्रांत संघचालक शशांक भाटिया, प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, बाल व्यास रोहितानन्द महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद प्रभु श्रीराम राम, माता सीता, लखन लाल और हनुमान की सुंदर झांकियां निकाली गईं। झांकियों का स्वागत विभाग सह संघ चालक राजकुमार और सह प्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, महानगर प्रचारक मयंक साधु ने किया। इस दौरान कृष्णा ग्रुप और प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी के भजनों पर लोग झूम उठे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचार प्रमुख विकास सक्सेना ने बताया कि 10 हजार छोटे डमरू और दो सौ के करीब बड़े डमरू थे। भक्तों को सभी डमरू वितरित किए। इसके बाद शिव तांडव स्त्रोत पर एक साथ दस हजार शिव भक्तों ने डमरू बजाकर नया कीर्तिमान रच दिया। कलाकार साधना ने शिव तांडव स्त्रोत की नाट्य प्रस्तुति कर मन मोह लिया। प्रांत प्रचारक, वन मंत्री और मेयर डॉ. उमेश गौतम ने पत्रिका 'शिवोदय' का विमोचन किया। संचालन डॉ. गोविंद दीक्षित ने किया।

सरोजनाथ महाराज, लाल बाबा, नीरजानंद महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद धर्मेंद्र कश्यप, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, संजीव अग्रवाल, एमएलसी महाराज सिंह, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान, महानगर सह कार्यवाह आलोक प्रकाश, प्रसून अग्रवाल, पवन अरोरा, दुर्गेश गुप्ता, भाजपा के महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना मौजूद रहे।

तुलसी मठ के महंत नीरज नयनदास के साथ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी।

उत्साह के माहौल में शारीरिक कमजोरी पर भारी पड़ी आस्था

नाथ महोत्सव में बुजुर्गों के साथ दिव्यांग भी शामिल हुए, मगर उनका उत्साह कम नहीं था। कई बुजुर्ग ऐसे थे, जिन्हें चलने फिरने में दिक्कत थी, मगर वे अपनों का सहारा लेकर यहां आए थे।

सांस्कृतिक, धार्मिक पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए अनुकूल हो व्यवहार : हरीश

नाथ महोत्सव के दौरान मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला ने लोगों से आह्वान किया कि बरेली की पहचान नाथ नगरी के रूप में बढ़ाने के लिए आम लोगों को आगे आना होगा। कहा कि भगवान शिव त्याग और समर्पण के प्रतीक हैं। समुद्र मंथन के बाद जब सभी के बीच अमृतपान की होड़ थी तो उस समय में विष पान कर सृष्टि को बचाने का काम नीलकंठ ने किया था। सेतुबंध रामेश्वरम को बनाने से पहले श्रीराम ने शिव की स्तुति की थी। शासन और प्रशासन के प्रयासों से नाथ गलियारा बन रहा है। शहर के प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। हम सभी का दायित्व है कि नाथ नगरी की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए कार्य और व्यवहार उसी के अनुकूल हो।

शोध में वरिष्ठ नागरिकों को सुविधाएं देने के दिए सुझाव

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शोधार्थी पूजा रानी की पीएचडी मौखिकी परीक्षा हुई। पूजा ने वर्किंग ऑफ मेंटिनेस एंड वेलफेयर ऑफ पैरेंट एंड सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 इन बरेली सिटी शीर्षक पर अपना शोध वायवा दिया। जिसमें उन्होंने सीनियर सिटीजन को सुविधाएं प्रदान किए जाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और अनाथ बालकों और वृद्ध लोगों को सुरक्षा संबंधित विधि को लेकर भी सुझाव दिए। शोधार्थी शोध डॉ. नसीम अख्तर के निर्देशन में पूरा किया। पूजा ने बाह्य परीक्षक मेरठ कॉलेज के डॉ. एमपी सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. लक्ष्यलता, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, प्रियदर्शिनी रावत, निधि शंकर, रविकर यादव, प्रीति वर्मा, राष्ट्रवर्धन आदि मौजूद रहे।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट डीआईओएस से उलट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आंवला के सारांश स्कूल में सामूहिक नकल मामले में अफसरों का मजाक
- डीआईओएस ने की सामूहिक नकल की पुष्टि, मजिस्ट्रेट बोले- सब ठीक

अमृत विचार : आंवला क्षेत्र के सारांश उच्चतर माध्यमिक स्कूल में नकल कराने के प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार चौरसिया ने जांच रिपोर्ट में केंद्र व्यवस्थापक को क्लीन चिट दे दी है। जबकि डीआईओएस की जांच रिपोर्ट में केंद्र व्यवस्थापक सवालों के घेरे में थे।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट और वर्तमान केंद्र व्यवस्थापक सुखलाल मौर्य ने गुरुवार को जांच रिपोर्ट डीआईओएस को सौंप दी। उनके अनुसार विद्यालय में 22 फरवरी से 7 मार्च तक परीक्षा अवधि में किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं रहा, बल्कि वीडियो भी डिलीट नहीं कराई गई। जबकि बीते दिनों कुछ छात्रों ने नकल कराने का आरोप लगाते हुए आंवला एसडीएम से शिकायत की थी। इसपर डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक को हटाकर दूसरे शिक्षक को केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त कर दिया था। वहीं, केंद्र को डिबार घोषित करने की संस्तुति कर शासन को भेजी है।

डीआईओएस की जांच रिपोर्ट के मुताबिक विज्ञान की परीक्षा के दिन उसी स्कूल के विज्ञान और गणित के अध्यापकों की परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई थी।आदेश पंजिका में करीब एक माह से कोई आदेश भी दर्ज नहीं किया गया था।

उधर, केंद्र से हटाए गए केंद्र व्यवस्थापक सारांश गुप्ता का कहना है कि छात्रों ने किसी के बहकावे में आकर एसडीएम से शिकायत की थी। उन्हें संबंधित छात्रों ने लिखित शपथ पत्र भी दे दिया है।

मामले में अफसरों के अलग-अलग दावे

केंद्र पर नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट का कहना है कि परीक्षा केंद्र पर पूरी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। 29 फरवरी की वीडियो बाद में अधिकारियों को दिखा दी गई। वहीं, डीआईओएस का कहना है कि जांच के दौरान स्कूल के ही कंप्यूटर ऑपरेटर से पेन ड्राइव में वीडियो कॉपी कराई गई थी, जो नहीं खुली। बाद में कोई वीडियो दिखाने का औचित्य नहीं है। कई कमियां जांच में मिली थीं।

"मामले में डीआईओएस ने अपने स्तर पर जांच कर कार्रवाई कर दी है, लेकिन परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जांच रिपोर्ट को भी नकारा नहीं जा सकता। क्योंकि स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि के दौरान मौजूद रहे।

–**राकेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक

"केंद्र को डिबार घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साक्ष्यों के आधार पर केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

–**देवकी सिंह**, जिला विद्यालय निरीक्षक

बहुत कर लिया सभी पार्टियों ने आपको इस्तेमाल !
अबकी बार आपका वोट इस्तेमाल नहीं होगा,
आपकी ताकत बनेगा
मुझसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करे
WHATSAPP करे
969 0 12345 0
WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

CHILD CARE BISHOP CONRAD SCHOOL
NEAR GOLDEN GREEN PARK HARUNAGLA, BAREILLY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL (CBSE PATTERN)
Email Id-childcarebcs@gmail.com
Contact No.- 7505791369, 0581-3505320
Invites application for the following posts:
TGT: (Mathematics & Science), (Social Science & English)
PRT- All Subjects
LAB ASST.- Having Knowledge of Plumbing & Electric work
B.Ed. and CTET a must, Minimum 2 years of teaching experience
Interested candidates with necessary qualifications are invited to submit their resumes to the school office before 10th March 2024. Only shortlisted candidates will be contacted for interview.
PRINCIPAL

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र तीन पुत्रियां हैं जिसमें से मेरा एक पुत्र मो. आकिब एवं पुत्री मुस्कान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शरीफ अहमद पुत्र अब्दुल शकुर निवासी ग्राम बादशाह नगर, थाना सी.बी. गंज, बरेली (उ.प्र.)**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राहुल के हाईस्कूल अनुक्रमांक 0831414 वर्ष 2019 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 215706877 वर्ष 2021 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **जसवीर सिंह निवासी ग्राम पडौलिया जिला बदायूँ।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1033363 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0780152 के अंकपत्र कहीं खो गये हैं तो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **सूरज कुमार पुत्र विनोद कुमार नि.ग्राम पीतमपुर पो. प्रसादपुर थाना खुटार तह. पुवायां जिला शाहजहाँपुर**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी बेटी का नाम रूद्रिका पुत्री कर्नल कृष्ण यादव, हाल निवासी टी4, पीबी मार्ग बरेली कैन्ट से बदलकर कृषिता रख दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जायेगा।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

धोखाधड़ी के आरोप में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : धोखाधड़ी करके जमीन का बैनामा कराने के मामले में एक महिला ने एसएसपी के आदेश पर 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगतीरा गांव निवासी फरहत मसूद पत्नी तबारिक अली ने बताया कि वह वर्तमान में बिहारीपुर सिविल लाइंस में रहती है। जगतीरा गांव में उसने वर्ष 2013 में एक जमीन खरीदी थी। जिसे फर्जी तरीक़े से उसके स्थान पर किसी अन्य महिला को खड़ा करके दूसरों के नाम बैनामा करा दिया। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर वंदना देवी, सुरेश चंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार, गीता देवी निवासी करनपुर बिसौली बदायूं, इंद्रपाल निवासी भरतपुर बिसौली बदायूं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

महिला से दुष्कर्म की कोशिश, सीओ से शिकायत

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव की महिला ने सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी को दी तहरीर में बताया कि उसका पड़ोसी उस पर बुरी नजर रखता है। जब वह घर से बाहर जाती है उसे रास्ते में घेरकर अश्लील हरकतें करता है। आरोप है कि गुरुवार को वह करीब 12 बजे घर से बाहर जा रही थी कि उसे अकेला देखकर आरोपी पड़ोसी ने उससे दुष्कर्म की कोशिश की उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर जब उसका पति बचाने आया तो उसे पीटा। आरोपी के पीटने के बाद से उसके पति को कान से सुनाई नहीं दे रहा है।

घर में अकेला पाकर किशोरी से की छेड़छाड़

फरीदपुर अमृत विचार : दादी के साथ रह रही किशोरी से गांव के ही मनचले ने छेड़छाड़ की। गुरुवार को फरीदपुर कोतवाली पहुंची महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा और बहू बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। उसके साथ उसकी पोती रहती हैं। वह बकरी चराने गई थी तभी गांव का ही युवक किशोरी को अकेला पाकर घर में घुस आया और उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे बुरी तरह मारापीटा। शोर सुनकर दादी घर पहुंची तो आरोपी ने उससे भी मारपीट की। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पोती को साथ कोतवाली पहुंची महिला ने लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

बोर्ड परीक्षा समाप्त होने पर छात्रों ने मनाई खुशी

शेरगढ़, अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा गुरुवार को समाप्त हो गई, इस मौके पर बच्चों ने खुशी का इजहार किया। लाजपत राय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। गुरुवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा हुई जिसमें 596 परीक्षार्थियों में से 54 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषय की परीक्षा हुई जिसमें 299 परीक्षार्थियों में से 21 परीक्षार्थी परीक्षा से दूर रहे। वहीं परीक्षा संपन्न होने के बाद छात्रों ने खुशी मनाई और एक -दूसरे को बधाई दीं।

एसडीएम ने गांव पहुंचकर पट्टेदारों को दिलाया कब्जा

नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के तीन पट्टेदारों को आवासीय पट्टों पर कब्जा नहीं मिल सका है। इन पट्टेदारों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी। शिकायत पर गुरुवार को एसडीएम एन राम ने स्वयं राजस्व और पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचकर तीनों पट्टाधारकों सूरजपाल, महेश व रमेश कुमार को उनके आवासीय पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाया। राजस्व टीम में आरआई लालाराम, मुनीश मिश्रा व लेखपाल धर्मेन्द्र के साथ ही पुलिस बल भी मौजूद रहा

मंडल उपाध्यक्ष की मां के निधन पर दी श्रद्धांजलि

मीरगंज, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में एक सभा का आयोजन कर मंडल के उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय की मां ऊषा देवी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रवीण भारद्वाज, मुकेश शर्मा, नितिन शर्मा, अनिल शुक्ला, पुनीत त्रिवेदी, विशाल शर्मा, वचन सारस्वत,अजय उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आंवला में 29 करोड़ रुपये से होंगे विकास कार्य

बजट पेश करते समय चेयरमैन ने कहा, हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना लक्ष्य

संवाददाता,आंवला

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद सभागार में बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें नगर के विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। वर्ष 2023-2024 के आय-व्यय और 2024-2025 की विकास योजनाओं के आय-व्यय को लेकर बजट पेश किया गया। बैठक में 51 लाख 25 हजार रुपये का लाभ होने की उम्मीद जताई गई। जिसे सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। वहीं बजट पेश करते हुए चेयरमैन ने कहा कि मेरा लक्ष्य हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना हैं।

वर्ष 2023-2024 की वास्तविक आय जनवरी 2024 तक 23,49,10,051 रुपये, वास्तविक व्यय 17,02,83,188 रुपये बताया गया। वहीं वर्ष 2024-2025 की अनुमानित आय 29,41,50,000 रुपये और अनुमानित व्यय 28,90,25,000 रुपये रखा गया। जिसमें 51,25,000 रुपये का लाभ बताया गया। आगामी बजट में सड़क निर्माण के लिए 5 करोड़, भवन निर्माण कार्य के लिए एक करोड़, शौचालय निर्माण के लिए 30 लाख, जल निकासी के लिए 2 करोड़, पथ प्रकाश के लिए 2 करोड़, सफाई उपकरण में 50 लाख, गोशाला रखरखाव और चारा के लिए 70 लाख, विज्ञापन के लिए 15 लाख का बजट पेश किया गया। वहीं एजेंडे में अंकित प्रस्तावों में सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने, स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से पार्क, गेट आदि की रंगाई-पुताई, लाइट का कार्य, पार्कों का सौंदर्यकरण, मीटिंग हॉल में फर्नीचर, साउंड सिस्टम लगाए जाने, दुकानों का निर्माण, नाले पर बनी दुकानों को प्रक्रिया के अनुसार किराए पर देने आदि प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए। चेयरमैन सय्यद आबिद अली ने कहा कि नगर की जनता ने उन्हें चुना है। वह दिन रात मेहनत करके हर एक दरवाजे तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा दूसरी गोशाला, नया नगर पालिका भवन समेत अन्य मांगे रख रहे हैं। विकास कार्यों को कराने के लिए 5-7 सदस्यों की कमेटी बनाई जाएगी, जो विकास कार्यों में उनकी मदद करेगी। जिससे स्वच्छ आंवला, सुंदर आंवला और हाईटेक आंवला बनेगा। उन्होंने कहा कि अब तक कोई भी अतिरिक्त वस्तु नहीं खरीदी गई है। पांच ई रिक्शा गोवंशों को रोटी एकत्रित करने के लिए खरीदे गए है। आगामी समय में कूड़ेदान और कूड़े की मशीन को खरीदने की बात कही गई। सभासद सचिन गुप्ता ने पार्कों के सौंदर्यीकरण, रखरखाव के लिए केयरटेकर की व्यवस्था कराने और सभासदों का बीमा कराने की बात रखी।

चेयरमैन ने विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार, दीपक चंद्रा, पंकज चंद्रा, रजनीश तिवारी, सभासदों में रानी देवी, परवेज वेग, मधुसूदन सिंह, रामपाल गुप्ता, राधेश्याम मौर्य, सुनील कुमार यादव, प्रीति, राम बहादुर, शाफिया बी, मोहम्मद अहमद, सुशीला प्रजापति, सकीना बेगम, अनुप्रिया, जलीस अहमद, मुहम्मद खालिद, लियाकत हुसैन, सपना अग्रवाल, सीमा, सचिन गुप्ता, लक्ष्मी राना आदि मौजूद रहे

आंवला नगर पालिका की बोर्ड बैठक को संबोधित करते चेयरमैन। ● अमृत विचार

ये कार्य प्रस्तावित

- सेल्फी प्वाइंट बनाने की तैयारी
- स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से पार्क
- पार्कों का सौंदर्यीकरण
- हॉल में फर्नीचर, साउंड सिस्टम
- पथ प्रकाश की उत्तम व्यवस्था
- कूड़े की मशीन लाने की तैयारी

बोर्ड की बैठक में 25 करोड़ का बजट पारित

बहेड़ी, अमृत विचार : नगरपालिका परिषद की बोर्ड बैठक में 25 करोड़ का बजट आम सहमति से पास हुआ। स्वीकृत बजट से हर वार्ड में सड़क और नाले- नालियों की मरम्मत और सफाई, केसर मिल से सटी ईटीपी कालोनी में बिजली की व्यवस्था, नलकूपों में किराए के जेनरेटरों से जलापूर्ति की व्यवस्था और 125 केवीए का नया जेनरेटर खरीदने पर खर्च किया जाएगा। बैठक में पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, जेई विपिन कुमार व जितेन्द्र सिंह, सफाई निरीक्षक अहमद हसन, सभासद शशि मिश्रा, लाल सिंह, ताहिर पप्पू, सलीम चंदा, तबस्सुम, सुगरा, रमेश कुमार, तरूण कालरा व परमेंद्र गंगवार आदि सभी सभासद मौजूद रहे।

एक ही रात तीन घरों से नकदी-जेवर चोरी

संवाददाता, मीरगंज

- पीड़ितों ने तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : मीरगंज के मोहल्ला राजेंद्र नगर से बुधवार रात तीन घरों से कई लाख की चोरी हो गई। तीनों पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पहली चोरी सुखनंदन निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर के घर हुई, उसने अपनी तहरीर में बताया कि 6 मार्च को वह परिवार के साथ सो रहा था रात में लघुशंका करने के लिए जब बाथरूम गया तो देखा कमरे का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है, उसने मकान में एक कमरा किराए पर विजय सक्सेना निवासी ग्राम बल्लिया थाना भमोरा को दे रखा था, जो रात में ससुराल गए थे। कमरे का सामान भी इधर-उधर पड़ा था। विजय सक्सेना के घर से करीब तीस हजार की नकदी और सोना चांदी चुरा ले गए। दोनों लोगों ने जब अपना-अपना सामान देखा तो उसमें रखे गहने और नकदी का सामान नहीं मिला। अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया।फिर तीसरी चोरी राजेश गुप्ता के घर हुई है। इनके घर का भी ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा समान और नकदी निकाली गई।चोरी की गई मीरगंज पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 457 और 380 में रिपोर्ट दर्ज की है

टेंट लगाने गए युवक की करंट लगने से मौत

शेरगढ़, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया में आयोजित एक विवाह समारोह में मजदूरी पर टेंट लगाने गए व्यक्ति की बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया ।

थाना क्षेत्र के गांव सिमरावा निवासी दिनेश कुमार (27) अपने साथी के साथ मजदूरी पर टेंट लगाने क्षेत्र के गांव पिपरिया में गया था। टेंट लगाने के दौरान ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में वह आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे।

44 लाख के बजट से बनेगी घंघोरा की सड़क

संवाददाता, भोजीपुरा

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव घंघोरा में वर्षों से जर्जर पड़ी रोड के निर्माण का प्रस्ताव पास हो गया है, जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। घंघोरा को नैनीताल रोड से जाने वाली सड़क वर्षों से खस्ता हाल पड़ी है।

इससे यहां के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, बरसात में यहां से निकलने में काफी परेशानी होती हैं। स्थानीय लोगों की समस्या देखते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने कई बार पीडब्लूडी विभाग को पत्र लिखकर इसके निर्माण की मांग की थी । कुछ दिन पहले ग्रामीणों की समस्या सांसद संतोष गंगवार को बताई, उन्होंने तत्काल पीडब्लूडी विभाग को जल्द रोड निर्माण के लिए आदेश दिए। सुरजीत सिंह यादव का प्रयास सफल हुआ। इस सड़क के निर्माण के लिए 44 लाख का बजट जारी हुआ है, इसी सप्ताह निर्माण शुरू हो जाएगा ।

बरसात में ऐसे भरा रहता है पानी।

त्योहारों में कोई नई परंपरा नहीं डालें

भमोरा, अमत विचार : आगामी त्योहारों को देखते हुए भमोरा थाने में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें नई परंपरा नहीं डालने को चेतावनी दी गई।

नव नियुक्त आईपीएस डॉ. ईशान सोनी के साथ सीओ आंवला निलेश मिश्रा, इंस्पेक्टर क्राइम राकेश सिंह ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की। बैठक में पहुंचे प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्य , जिला पंचायत सदस्य और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए एसपी डॉ. ईशान सोनी ने कहा आगामी त्योहार और चुनाव को देखते हुए आप सभी लोगों को बुलाया गया है । इस मौके पर ग्राम प्रधान संजय सिंह, चंद्रभान,नाथू विकल, राजेश, रामनिवास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

गंगाजल लेने कांवड़िए रवाना

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : कुंडरा के गौंटिया गैजरपुर से महंत सोमपाल और आनन्द के नेतृत्व में डाक कांवड़ियों का जत्था गुरुवार को कछला घाट से गंगाजल लेने के लिए गांव से रवाना हुआ। जत्थे में विक्रम, अजय, भूपेन्द्र, प्रकाश, राजेश, बब्लू, सतनाम, देवेन्द्र, राजेन्द्र, अमित, श्याम व सचिन शामिल है जो शुक्रवार को भोले बाबा जलाभिषेक करेंगे।

शेरगढ़ से 12 कावंड़िया रवाना: कस्बे के मोहल्ला कांवर से गुरुवार को महंत बबलू मौर्य के नेतृत्व में 12 कांवड़ियों का जत्था जल लेने कछला घाट को रवाना हुआ। कांवड़ियों का जत्था शुक्रवार को जल लेकर वापस होगा जो मोहल्ला कांवर स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करेगा। गुरुवार को चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य,सभासद ख्यालीराम मौर्य के साथ मोहल्ले एवं कस्बे वासियों ने कांवड़ियों को फूल माला पहनाकर कछला घाट को रवाना किया। इस मौके पर सभासद ख्यालीराम मौर्य,शिव कुमार शर्मा,धर्मेंद्र कुमार,महंत बबलू मोर्य,दिनेश मौर्य,सर्वेश मौर्य,राजू मौर्य,अर्जुन,घनश्याम आदि समेत कांवरिया जल लेने रवाना हुए।

नवाबगंज से भोले का अभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने जाते कांवड़िए।

ठग ने रुपये भेजकर महिला से की ठगी

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला इंद्रानगर की अंजलि कुमारी ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 9 फरवरी को उसके मोबाइल पर फोन आया, फोन करने वाले व्यक्ति ने उससे कहा कि आपके पापा ने पैसे देने को बोला है इसलिए मैंने पैसे तुम्हारे नंबर पर भेज दिया तुम्हें मेसेज कर दिया है। उसने देखा तो 10 रुपये आने का मेसेज था। उसके बाद उसने 13 हजार, 4 हजार पांच सौ, चार हजार तीन सौ का मेसेज पहुंचे इसके बाद उसके बाद उसके पास कॉल आई कि तुम चार हजार पांच सौ दिए गए नंबर पर भेज दो। उसने अपनी दोस्त के फोन से 4 हजार पांच सौ भेज दिए जिसके बाद उससे और पैसे मांगे गए तो उसे अपने साथ ठगी का अहसास हुआ तो उसने फोन काटने का प्रयास किया पर फोन नहीं कटा।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने पुलिस के साथ बाल विवाह रोका

बहेड़ी, अमृत विचार : किशोरी की होने जा रही शादी की शिकायत किसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर की तो चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर, लड़की के शैक्षिक दस्तावेज मांगे, जिसमें उसकी उम्र दस माह कम निकली, जिस पर टीम ने शादी रूकवा दिया। टीम के सदस्यों ने समझाकर बरात वापस करा दी। इसके साथ ही लड़की के माता पिता को बाल कल्याण समिति के सामने पेश होने का आदेश दिया है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बेटी की शादी पीलीभीत के गांव में तय की थी। बुधवार शाम को बरात पहुंच गई, इसी बीच किसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके बाल विवाह कराने की सूचना दी तो चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सदस्य पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। दस्तावेज चेक करने पर लड़की की उम्र कम निकली तो टीम ने वैवाहिक कार्यक्रम तुरंत रूकवा दिया। दोनों पक्षों ने दस माह शादी करने की बात कहीं

प्रेमिका को भगाने पहुंचे युवक की पिटाई

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

- युवती के पिता ने थाने के बाहर युवक को जमकर पीटा, सूचना पर पहुंची पुलिस

अमृत विचार : एक युवक प्रेमिका को भगाने के लिए उसके कॉलेज के बाहर पहुंच गया, जानकारी होने पर प्रेमिका के पिता पहुंच गए और प्रेमी की पिटाई कर दी। जिससे कालेज के बाहर हंगामा हो गया। सूचना पर प्रेमी के परिजन और पुलिस पहुंच गई। पुलिस सभी को थाने ले गई, जहां प्रेमिका को परिजनों के साथ भेजकर प्रेमी का चालान कर दिया।

बरेली के संजय नगर निवासी एक युवक की तीन साल पहले इंस्टाग्राम पर एक लड़की से दोस्ती हुई थी। कुछ दिन बाद दोस्ती प्रेम में बदल गयी। अलग -अलग जाति होने के कारण जब इसकी जानकारी लड़की के घर वालों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया और लड़की के घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी। लड़की का मोबाइल भी ले लिया लिया । बुधवार को युवक की लड़की से बात हुई। उसका गुरुवार को हाईस्कूल का पेपर था, दोनों ने गुरुवार को पेपर के बाद कालेज से भागकर शादी की बात तय की। छात्रा पेपर देकर जैसे ही कॉलेज से बाहर निकली युवक बाहर खड़ा था। किसी तरह इसकी सूचना प्रेमिका के पिता को मिल गई। जैसे ही दोनों भागने के लिए आटो में बेठे छात्रा के परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। हंगामा होने पर किसी ने पुलिस और युवक के परिजनों करे सूचना दे दी, सूचना पर पुलिस व युवक के परिजन पहुंच गय।पुलिस सभी को थाने ले आई।

लेखपालों ने तीसरे दिन भी दिया धरना

मीरगंज, अमृत विचार : मीरपुर गांव में पैमाइश कर रहे लेखपाल और उसके साथी से मारपीट कर मोबाइल छीनने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेखपालों ने गुरुवार को तीसरे दिन भी तहसील परिसर में धरना दिया। गुरुवार को धरना पर बैठे लेखपाल संघ के पदाधिकारियों को एसडीएम ने बुलाकर बात की। एसडीएम ने लेखपालों को बताया पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है। दो दिन के भीतर थाना शीशगढ़ पुलिस बचे हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज देगी। तीसरे दिन पुष्पेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, आलोक कुमार चौधरी, अनिल कुमार समेत अन्य रहे।

तहसील परिसर में धरने पर बैठे लेखपाल। ● अमृत विचार

दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कैंट, अमृत विचार : कैंट पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के वांछित को लालफाटक क्षेत्र से गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे भेज दिया। थाना इज्जतनगर में पिछले साल हर्ष राज निवासी लालफाटक दूरदर्शन केंद्र के सामने थाना कैंट के खिलाफ किशोरी से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस मामले में आरोपी जेल से जमानत पर बाहर चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

कोर्ट के आदेश पर बच्चे से मारपीट की रिपोर्ट

बिशारतगंज, अमृत विचार : विशेष न्यायाधीश के आदेश पर गुरुवार को धीरपुर गांव में डेढ़ माह पूर्व 6 वर्ष की बच्ची की निर्मम पिटाई के मामले में बिशारतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के धीरपुर गांव निवासी संतोष ने दलित उत्पीड़न न्यायालय में की शिकायत में बताया है कि इसी वर्ष 22 जनवरी को उसकी बेटी (6) शाम करीब 4 :00 बजे रोड पर खेल रही थी तभी बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया तो गांव के ही लाल सिंह और परमाल ने उसकी बेटी को उठाकर नाले में फेंक दिया था, जिससे उसके दाएं पैर की हड्डी टूट गई थी, ।आरोप है कि जब वह बिशारतगंज थाने गया तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और उसे थाने से भगा दिया गया था। जिसके बाद उसने 3 फरवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां गया, वहां से भी उसे निराश लौटना पड़ा, इसके बाद 6 फरवरी को उसने डाक से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र भेजे किंतु वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई ।इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की ।

सार-संक्षेप

बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन खुशी से उछले परीक्षार्थी

रिठौरा, अमृत विचार : नगर के दरबारी लाल शर्मा इंडर कॉलेज में गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल समाजिक विज्ञान की परीक्षा के साथ ही हाईस्कूल की परीक्षाएं समाप्त हो गईं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद, केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह सहायक केंद्र व्यवस्थापक डॉ. मेहरबान सिंह के नेतृत्व में बोर्ड की परीक्षाएं नकलविहीन हुई। प्रथम पाली में पंजीकृत 586 में 536 ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट समाज शास्त्र में 221 में 208 ने और रसायन विज्ञान में 298 में 279 ने परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षा छूटते ही बच्चों ने आसान पेपर आने पर खुशी जताई। वहीं एक दूसरे को होली की अग्रिम बधाई दीं।

जर्जर बिजली के तारों से हादसे की आशंका

शीशगढ़, अमृत विचार : जर्जर बिजली के तारों की वजह से ग्रामीणों को हमेशा हादसे का डर सताता रहता है, डरना भी लाजमी है क्योंकि थोड़ी सी तेज हवा चलने पर तार आपस में टकराने लगते है, कई बार स्पार्किंग होने से टूटकर गिर जाते है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी इसे बदला नहीं जा रहा हैं, इससे लोगों में बिजली अधिकारियों की कार्यशैली के प्रति आक्रोश हैं। वार्ड 11 के सभासद अजय अग्रवाल ने बताया कि उनके वार्ड में बिजली की केबिल पूरी तरह जर्जर होकर गिरने के कगार पर हैं। वह इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से कई बार कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी हैं।

एसपी उत्तरी ने देवरनियां थाने का किया निरीक्षण

देवरनियां। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने गुरुवार देरशाम थाना देवरनियां पहुंचकर चुनावी तैयारियों को परखा और आगामी त्योहारों को लेकर निर्देश दिए। एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा को इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं असलहे जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया थाना क्षेत्र में आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, रमजान, होली और ईद को लेकर कोई विवाद नहीं है। संवेदनशील गांवों पर पुलिस की पैनी नजर है। एसपी उत्तरी विवेचना कक्ष और आवासीय भवनों को भी देखा।

मौसा बनकर खाते में डलवा लिए बीस हजार

कैंट, अमृत विचार : कैंट क्षेत्र के गांव भरतौल निवासी मुन्नी देवी ने बताया कि 4 मार्च को दोपहर करीब 2 :30 बजे उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया। कॉलर ने स्वयं को उनका मौसा बताया, महिला के अनुसार उसकी आवाज उसके मौसा की तरह थी। कॉलर ने उन्हें क्यूआर कोड स्कैन करके भेजा। 20 हजार रुपये भेजने को कहा। उसके कहने पर उन्होंने उसे 20 हजार रुपये भेज दिए। जब महिला को ठगी का पता चला तो उसने कैंट थाने में ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किसान एकता संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

फरीदपुर,अमृत विचार : क्षेत्र की कई समस्याओं को लेकर किसान एकता संघ ने तहसील फरीदपुर के उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। और शीघ्र ही समस्याओं का समाधान होना चाहिए अन्यथा किसान एकता संघ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। किसान नेता डॉ. रवि नागर बताया कि सैदापुर बहगुल नदी का पुल छतिग्रस्त है। आए दिन लोग हादसे के शिकार हो रहे हैं। किसान गन्ना लेकर उसी रास्ते से आते हैं, इसके अलावा छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया, जल्द ही इन्हें पकड़कर गोशालाओं में भेजने की मांग की, इसके अलावा अन्य समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन देने वालों में राजेश शर्मा ,श्याम पाल गुर्जर, बहुरन लाल गुर्जर,जय सिंह यादव ,भगवान दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेमीखेड़ा चीनी मिल पर कर्मचारियों ने दिया धरना

देवरनियां, अमृत विचार : शुगर मिल वर्कस यूनियन के बैनर तले किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा के कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को मिल पर धरना दिया। शुगर मिल वर्कस यूनियन के सभापति चन्द्रपाल, मंत्री छेदालाल और श्रम शक्ति संघ के मंत्री विजय पाल के मुताबिक वह अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आवाज उठा रहे हैं,मगर कोई समाधान नहीं हो रहा है ।कर्मचारियों ने धरने के दौरान अपनी मांगो को जल्द पुरा करने की मांग की। धरने के बाद कर्मचारियों ने मांगो से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन मिल के प्रधान प्रबंधक शादाब असलम खान को सौंपा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगो को जल्द नहीं माना गया तो परिवार सहित होली नहीं मनाएगें।

त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं

शीशगढ़, अमृत विचार : महाशिवरात्रि और रमजान को शांति पूर्ण मनाने के लिए गुरुवार को एसडीएम मीरगंज देश दीपक सिंह की अध्यक्षता और इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार की मौजूदगी में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर विभिन्न गांवों के प्रधान और संभ्रांत लोग मौजूद रहे। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में चेताया कि सभी लोग त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मिल जुलकर मनाएं। किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न होने दें। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने कहा खुराफातियों पर हमारी नजर रहेगी किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा अगर कोई समस्या हो तो उन्हें सूचना दें समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमोद देवल,आशिफ खान,रजीव कठेरिया, कृष्ण पाल, मौलाना अशीरुद्दीन, जाहिद खान आदि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्लेसमेंट ड्राइव में 45 विद्यार्थियों का चयन

बरेली, अमृत विचार : राजश्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में हरियाणा की कंपनी ने प्लेसमेंट ड्राइव की, जिसमें 70 छात्रों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया में 45 छात्र- छात्राओं का चयन हुआ। कंपनी ने सभी को ऑफर लेटर दिया। मुस्कान गुप्ता, शिखर सिंह, निशा गंगवार, सचिन कुमार, मो. अरबेज, सौरभ शर्मा, रोशनी और जितिन कुमार का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने सभी छात्रों को बधाई दी। निदेशक शैक्षणिक प्रो. अनिल कुमार, निदेशक शोध एवं विकास प्रो. पंकज कुमार शर्मा, प्लेसमेंट हैड अंकुर भटनागर, मो. राशिद, अतुल मिश्रा, हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

सांसद ने महाशिवरात्रि मेले का किया उदघाटन

आंवला, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले तीन दिवसीय मेले का सांसद धर्मेन्द्र कश्यप और भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। कनगांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर लगने वाले मेले में दूरदराज से शिवभक्त पहुंचते हैं, और मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान रामाधार मथुरिया, विजय कुमार सिंह, गौरव सिंह, दिनेश कुमार समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं ने पांचाल संग्रहाल का किया भ्रमण

रिठौरा, अमृत विचार : विकास क्षेत्र बिथरी चैनपुर के परिषदीय विद्यालयों के लगभग 100 बच्चों ने गुरुवार को पांचाल संग्रहालय एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में विज्ञान अध्यापकों के साथ शैक्षिक भ्रमण किया। खंड शिक्षा अधिकारी बिथरी चैनपुर,अवनीश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया । बच्चों को स्टेशनरी किट ,टी-शर्ट कैप वितरित कईं। बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। संग्रहालय से हेमंत शुक्ला ने संग्रहालय से संबंधित समस्त जानकारी विस्तृत रूप से दी एवं बच्चों को रोचक ढंग संग्रहालय में घुमाया । एक्सपोजर विजिट में खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार , एआरपी देवेन्द्र गंगवार , नरेश गंगवार , केसी पटेल एवं डॉ. आराधना आदि मौजूद रहे।

मोबाइल पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

रिठौरा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री सशक्तिकरण कौशल विकास योजना के अंतर्गत स्नातक के 194 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस मौके पर निहाल श्याम कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष बीएल वर्मा, सचिव जितेंद्र पाल सिंह, निर्देशिका प्रीति सिंह, प्राचार्य डॉक्टर सीएम गंगवार ने कार्यक्रम का आरंभ किया। छात्रों को मोबाइल का सही उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर शीतल शर्मा, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

रेल हादसा रोकने वाले कर्मचारी को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर रेल मंडल में टैकमेंटेनर दीपक कुमार को उनकी सजगता और संभावित रेल हादसा रोकने के लिए डीआरएम रेखा यादव ने सम्मानित किया। दरअसल दीपक कुमार छह फरवरी की रात को समपार संख्या 229/सी पर गेटमैन की ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने गाड़ी संख्या 05389 कासगंज-फर्रुखाबाद विशेष ट्रेन के गार्ड ब्रेक के पहिये से चिंगारी निकलती हुई देखी। उन्होंने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर सहावर टाउन को दी, जिसके बाद तुरंत अगले स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। ट्रेन में गार्ड ब्रेक के पहिये के ब्रेक में कमी पाई गई।

महिलाओं को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के नगर कार्यालय में एक सभा का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान महेंद्र कुमार सक्सेना, श्रवण कुमार सक्सेना,सतीश कुमार सिंह, नसर ईमान, विजय कुमार जौहरी, डॉ. शशि दुग्गल, मीरा वर्मा मौजूद रहीं।

पॉम संडे पर निकलेगा भव्य जुलूस

बरेली, अमृत विचार : बरेली चर्च एसोसिएशन की ओर से 24 मार्च को खजूरों का इतवार (पॉम संडे) पर भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में पादरी सुनील के मसीह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जुलूस की रूपरेखा तय की गई ।पदाधिकारियों ने बताया कि दोपहर 2 बजे मुक्ति फौज चर्च से जुलूस शुरू होगा, जो कचहरी, चौकी चौराहा, पटेल चौक से होते हुए मेथोडिस्ट चर्च के प्रांगण में समाप्त होगा। यहां विशेष रूप से संयुक्त प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। वहीं बैठक में एक अप्रैल को ईस्टर मिलन समारोह मेथोडिस्ट बालिका छात्रावास के मैदान में आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। पादरी जोध सिंह ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों को लेकर 10 मार्च को क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में शाम पांच बजे बैठक होगी। परमिंदर मैसी, मेजर कैलाश, अनिल मैसी, रूबेन सिंह, अशर्फीलाल, फ्रांसिस पिन्टो, अमिताभ हेरेल्ड आदि उपस्थित रहे।

मुड़िया अहमद नगर में तीन दिवसीय मेला शुरू

बरेली, अमृत विचार : मुड़िया अहमद नगर में संतोषी माता मंदिर में तीन दिवसीय 46वां महाशिवरात्रि मेले की शुरुआत मेला कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश पटेल ने की। पहले दिन वृंदावन से आई श्री राधा करुणामयी रासलीला संस्था ने कृष्ण जन्म की लीला का मंचन किया। मुकेश चंद्र तिवारी, अरविंद भदौरिया, सचिन पटेल, डॉ. अर्जुन यादव, राज यादव, राजाराम कातिब, सुनील पटेल, गिरीश चंद्र शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा, अंकित, विपिन, अजीत, रोहित दिवाकर आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री के निधन पर शोकसभा



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को गांधी उद्यान में जिला महामंत्री राजेश कुमार वाल्मीकि के निधन पर शोकसभा की गई। राजेश कुमार का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया था। मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, रनवीर सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह कोली, महेश चंद्र, मिसरयार खां, आनंद प्रकाश, प्रवेश कुमार, सूरजपाल,अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

जीआरपी की पैरवी पर दोषी को मिली सजा

बरेली, अमृत विचार : जंक्शन जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट के मामले में मजबूत पैरवी की गई। कोर्ट ने मामले में दोषी किशन कुमार निवासी खालसा स्कूल रोड कॉलोनी थाना सिटी जिला लुधियाना को चार माह दस दिन का कारावास और दस हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

प्रेमी के साथ भागी दुल्हन बीच रास्ते से लौटी बरात

घर से 50 हजार की नकदी और जेवर भी साथ ले गई युवती

संवाददाता, पीलीभीत

- मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: क्षेत्र के गांव में 6 मार्च को बरात आनी थी, लेकिन उससे पहले ही लड़की अपने प्रेमी के साथ चली गई। उधर, वर पक्ष के लोगों को इसकी जानकारी तब लगी, जब वह बरात लेकर गांव पहुंच रहे थे। जानकारी लगते ही रास्ते से बरात लौट गई। उधर, लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

परिजनों ने बेटी का रिश्ता सीतापुर जिले में तय किया था। 5 मार्च को तिलक था और 6 मार्च को बारात आनी थी। शादी की तैयारियां अंतिम चरण में थी। शाम करीब 7 बजे परिवार के लोग तिलक चढ़ाने सीतापुर गए थे।

इसी बीच मौका पाकर होने वाली दुल्हन को गांव का ही सत्यम, प्रमोद, शंकर और सतीश निवासी रसूलपुर थाना मितौली बहला-फुसलाकर ले गए। सुबह जब वह घर पर नहीं मिली तो परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजनों ने घर और आसपास उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। आशंका होने पर जब घर में देखा तो शादी के लिए खरीदकर रखा गया जेवर और 50 हजार रुपये गायब थे। यह देख परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजन थाना नीमगांव पहुंचे और घटना बताते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इस पर वह सीओ से मिले और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। सीओ के आदेश पर नीमगांव पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

> दुल्हन की मां की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
> –श्रद्धा सिंह, एसओ– नीमगांव

बाइक और नकदी के लिए महिला को घर से निकाला

शीशगढ़, अमृत विचार : एक विवाहिता को उसके पति ने बाइक और दो लाख रुपये की नकदी के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता मुस्कान ने बताया कि उसकी शादी 5 महीने पहले थाना फरीदपुर के गांव गौसगंज निवासी सलीम से हुई थी।ससुराल वाले शादी के बाद से ही आए दिन उस पर दो लाख नकद और बाइक के लिए दबाव बना रहे थे, उसके विरोध करने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। 6 मार्च को ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए पीटकर सारा जेवर ले लिया। जिसके बाद उसने अपने पिता को फोन कर बुलाया और उनके साथ मायके चली आई। वहीं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर गुरुवार को पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

ट्रैक्टर से किसान के सैकड़ों पेड़ क्षतिग्रस्त

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : अवैध खनन में चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से किसान के सैकड़ों पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए।पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। आरोप है की इंस्पेक्टर ने राजस्व विभाग का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए है। सैदुपुर कुर्मियान निवासी अरविंद ने बताया कि उनके गांव में ही पड़ोसी के खेत में बुधवार से जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी ले जाई जा रही थी। गुरुवार को उनके खेत में लगे यूकेलिप्टिस के सैकड़ो पेड़ अवैध खनन में चल रही ट्रैक्टर ट्राली से दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत बिथरी पुलिस से की।किसान का आरोप है कि इंस्पेक्टर संजय तोमर राजस्व विभाग के अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी देने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया किसान का आरोप गलत है। खनन के मामले में पुलिस को कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है। इसलिए राजस्व विभाग को सूचना दी गई थी, वहां की टीम आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को रखने के लिए जल्द शेल्टर होम की करें व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

विकास भवन में अफसरों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक करते आयोग के अध्यक्ष।

- राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने मंडलीय बैठक में योजनाओं की समीक्षा की

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को विकास भवन में मंडलीय समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त को बच्चों को रखने के लिए शेल्टर होम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालश्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। मंडल को बालश्रम मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई करें।

उन्होंने बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर जिलों की समीक्षा बैठक में कहा कि चाइल्ड लाइन के लोग पूरी टीम के साथ जाकर कार्य करें। उन्होंने अमरोहा के कस्तूरबा गांधी विद्यालय से पढ़कर एसडीएम बनने वाली निधि सिंह का सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय में फोटो लगाने के आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चियां प्रेरणा लेंगी। बैठक में वात्सल्य, ई-श्रम कार्ड, श्रम योगी मान धन, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाओं का शत प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिलाने की बात कही। इसके अलावा जिलों के जिला प्रोबेशन अधिकारियों से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, रानी लक्ष्मी बाई योजना की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के बाहर गुटखा, तंबाकू और शराब की दुकानें न हों। यह भी ध्यान रखें कि कहीं बच्चे नशे की चपेट में तो नहीं आ रहे हैं। बैठक के बाद अध्यक्ष ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बाल अपराध को लेकर अधिकारियों को सख्ती बरतने के आदेश दिए गए हैं। बाल श्रम से मंडल को मुक्त करने के आदेश दिए गए हैं। अपर आयुक्त प्रीति जयसवाल, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, एसपी यातायात शिवराज सिंह, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह, उप निदेशक महिला कल्याण नीता अहिरवार, डीपीओ मोनिका राणा, अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, मंडल के सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे के एक युवक का आरोप है कि उसकी जमीन का सौदा करने के बाद खरीदार बिना भुगतान किए ही उससे जमीन की नोटरी कराने का दबाव बना रहा है । नोटरी न करने पर किसी झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी कल्लू बताया कि उसने अपनी दो बीघा जमीन का सौदा दूसरे पक्ष से 40 लाख रुपये में किया था। जिसका एक लाख एडवांस देकर खरीदार बिना बाकी का भुगतान किए ही उससे जमीन की नोटरी करने का दबाव बना रहा है। उसने नोटरी न करने पर उसे छेड़छाड़ या दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

विवाहिता को प्रताड़ित करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज, अमृत विचार : दहेज में दो लाख रुपये के लिए महिला को प्रताड़ित करने वालों पर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करा कार्रवाई आरंभ कर दी। जहानाबाद के खमड़ियापुर निवासी सुषमा देवी ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी खमड़ियापुल निवासी सुभाष बाबू से अप्रैल 2023 में हुई थी। उसके पिता ने हैसियत के अनुसार विवाह में दहेज दिया था, लेकिन उसके ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे, उसे अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 19 मई को ससुरालियों ने पीटकर उसे घर से निकाल दिया।

कलेक्ट्रेट में अफसरों ने सुना सीएम का उद्बोधन

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को निजी नलकूप उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के लिए आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आरंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कलेक्ट्रेट में लाइव प्रसारण मुख्य अभियंता जोन प्रथम रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता शहरी अंबा प्रसाद, अधिशासी अभियंता ग्रामीण प्रथम उमेश चंद्र सोनकर, अधिशासी अभियंता शहर प्रथम अमित आनंद, अधिशासी अभियंता शहर द्वितीय सत्येन्द्र चौहान, अधिशासी अभियंता शहर तृतीय अनुज गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी नीतू कनौजिया समेत किसानों ने भी देखा। योजना के तहत 1 अप्रैल 2023 से किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों के बिजली बिल पर शत प्रतिशत छूट देने की घोषणा सीएम ने की है।

धर्मशाला के विवाद को निस्तारित कराने की मांग

आंवला, अमृत विचार : सिरौली नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी दर्जन भर लोग तहसील मुख्यालय पहुंचे और धर्मशाला के विवाद का निस्तारण कराने की मांग कर एसडीएम कार्यालय में शिकायत की। नगरवासियों ने बताया कि उनके मोहल्ले में एक जाटव धर्मशाला है, जिसमें दो पक्ष हैं, एक पक्ष में जाटव और दूसरे पक्ष में वाल्मीकि है, जो कि सड़क के पार है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के सामाजिक कार्यों के लिए जगह दी गई थी, दूसरे पक्ष को हमारे पक्ष से दोगुनी जगह दी गई थी।

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपा गया। बीएसए दफ्तर पहुंचे शिक्षकों ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में उपस्थिति पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश पूरी तरह से अव्यवहारिक है।

बिना पूर्ण संसाधन जैसे इंटरनेट, सिम आदि के ऑनलाइन उपस्थिति असंभव है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षक पदोन्नति, 17140 वेतनमान, पुरानी पेंशन, शिक्षामित्रों का नियमितीकरण आदि की पहले भी संगठन की ओर से मांग होती रही है, लेकिन उन समस्याओं का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। मांडलिक मंत्री केसी पटेल, जिला मंत्री बलवीर सिंह, संयुक्त मंत्री तपन सिंह मौर्य, योगेश गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, श्याम सिंह, भरतवीर गंगवार, कमलेश आर्य, देशबंधु गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

बालेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामचरित मानस का पाठ शुरू

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर के बालीपुर अहमदपुर स्थित बालेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार से अखंड श्रीरामचरित मानस का पाठ शुरू हो गया। शुक्रवार को महाशिवरात्रि के दिन पाठ का समापन होगा। मंदिर संरक्षक छोटे लाल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हर साल श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जाता है। दोपहर में भंडारे का आयोजन होगा। निवेश पटेल, महेंद्र शर्मा, सोमपाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं रविवार को भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों ने किया विरोध

बरेली, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैट गुट) के पदाधिकारियों ने गुरुवार को किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी समस्या छुट्टा पशु हैं। जानवरों के नुकसान करने की वजह से किसानों की लागत तक निकलना मुश्किल हो रही है। मांग की कि सरकार एक नोडल अधिकारी को नियुक्त करे, जिससे छुट्टा पशुओं के आतंक से निजात मिल सके। किसानों ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद वृद्धा पेंशन नहीं जारी की जा रही है। मांग की कि अपात्रों को चिह्नित कर राशन कार्ड निरस्त कर सही लोगों के कार्ड बनाए जाएं। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सुभाष पाल, लियाकत हुसैन, रामपाल, नईम, मो. शाहिद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

बरेली, अमृत विचार : भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा महानगर बरेली का सामाजिक सम्मेलन गुरुवार को एक धर्मशाला में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने पार्टी नीतियां और सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। राज किशोर कश्यप ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, दयाशंकर वर्मा, अरविंद वर्मा, अनुज वर्मा, संतोष राठौड़ अभिलाष वर्मा, वेद प्रकाश, रामचंद्र मौर्य, अमरीश कठेरिया, शारिक हसन खान, शारिक अब्बासी आदि मौजूद रहे।

पुराना शहर में आज मनाया जाएगा जश्न-ए-साबिर पाक

बरेली, अमृत विचार : शुक्रवार को पुराना शहर में होने वाले जश्न-ए-साबिर पाक को लेकर गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें बताया गया कि कार्यक्रम में साबिर पाक दरगाह कलियर शरीफ के सज्जादानशीन शाह अली मंजर एजाज कुद्दूसी शिरकत करेंगे। कमेटी के इंतेजामिया एवं सेक्टर वार्डन दिलशाद ने बताया कि सुबह 10 बजे कुरानख्वानी के कार्यक्रम का आगाज होगा। अस्र की नमाज के बाद फातिहा होगी। हाफिजों को पुरस्कृत किया जाएगा। मगरिब की नमाज के बाद तकरीरी कार्यक्रम होगा। इशा की नमाज के बाद कव्वाली की महफिल होगी। देर रात कुल की रस्म अदा की जाएगी। शकील उर्फ मुन्ना, फरीदी, नासिर, सज्जन, विक्की साबिरी, शोबी साबिरी, नौशाद, सोहराब मोदी आदि मौजूद रहे।

बैठक में सपा को मजबूत बनाने की अपील

भमोरा, अमृत विचार : आंवला लोकसभा की विधानसभा के ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद में सपा गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य के लिए एक बूथ और सेक्टर के प्रभारी की बैठक हुई। इसमें समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को जनता तक पहुंचाने व उनके कार्यों को लोगों को बताने की अपील की गई ।इस मौके पर आदेश सिंह यादव, जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, संजीव यादव, भुवनेश यादव प्रधान अध्यक्ष लोहिया वाहिनी जुल्फिकार अली बिट्टू समेत अन्य मौजूद रहे।

रसायन विज्ञान के पेपर में समीकरणों में उलझे छात्र

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की ओर से गुरुवार को हाईस्कूल की सिलाई और इंटर की रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की परीक्षा कराई गई। सिलाई की परीक्षा में 54 में से 52 छात्राएं उपस्थित रहीं। रसायन विज्ञान की परीक्षा में 18541 छात्रों में से 17420 और 7179 छात्राओं में से 6951 उपस्थित रहीं। समाज शास्त्र की परीक्षा में 7959 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रसायन विज्ञान की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकले छात्रों ने बताया कि समीकरण हल करने में काफी समय लगा। 12 वीं की छात्रा निहारिका ने बताया कि पेपर ज्यादा कठिन नहीं था। छात्र रोहित ने बताया कि बहुविकल्पीय प्रश्न थोड़े कठिन थे।

इश्तेहार मुजरिया
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत

उत्तराधिकार वाद संख्या- 958 सन् 2023

ऊषा देवी उम्र करीब 59 वर्ष पत्नी स्व. गांधीराम मौर्य, निविदा ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत ... प्रार्थिनी

बनाम

1. विनोद कुमार मौर्य उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 2. प्रमोद कुमार मौर्य उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र स्व. गांधी राम मौर्य 3. चन्दन कुमार मौर्य उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र स्व. गांधीराम मौर्य। समस्त निविदागण निवासी ग्राम व पोस्ट व थाना घुंघचिहाई, परगना तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत

.... विपक्षीगण

हर खास आम को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ऊषा देवी द्वारा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक गांधी राम मौर्य की धनराशि के अदालत में योजित किया है, जो दर्ज रजिस्टर हो चुका है, जिसमें वास्ते आपत्ति एवं निस्तारण दिनांक 21/3/2024 तिथि नियत है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को भी प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति हो, वह निश्चित तिथि पर दिन के 10:00 बजे व्यक्तिगत रूप से अथवा द्वारा अधिवक्ता आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद तामील प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 02.03.2024 को यह इश्तेहार मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

मुन्सरिम
अदालत सिविल जज (सी.डि)
पीलीभीत

कार्यालय ग्राम पंचायत केसरपुर, वि.खं. शेरगढ़ (बरेली)

निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केसरपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से प्रा. विद्यालय केसरपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, रेता, आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.03.2024 से 09.03.2024 तक समय अपरान्ह 12 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी, जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 2 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	ग्राम पंचायत केसरपुर में प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य	4,21,948/-
	आई.पी. 3125029065/AV/A58486255824, 133934	

ग्राम प्रधान-श्रीमती कामना देवी
सचिव-श्री ए.पी. त्यागी

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से धीरज पुत्र रामदास व शकुंतला पत्नी रामदास नि.गण रियोनईया बदायूं एक किता मकान तादादी 74.47 वर्गमी. जो खेत नं. 253 मि. के जुज पर तामीर है वाकै रहपुरा चौधरी बरेली जिसकी चौहददी पूरब में प्लाट श्री श्रीराम यादव, पश्चिम में मजार, उत्तर में प्लाट बाबू खां व दक्षिण में रास्ता प्रा. 12 फिट चौड़ा है को इरफान पुत्र सुल्तान नि. 19 छावनी अशरफ खां निकट घोंसियों की मस्जिद बरेली से क्रय करने हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.04.2012 को बही सं. 01 जिल्द सं. 5307 के पृष्ठ 311 से 332 पर क्रमांक 4536 पर स.र. बरेली में हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना ई-थाना पर दि. 07.03.2024 को दर्ज कराई जा चुकी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा धीरज आदि के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं.-7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता
हि.हा.फा.लि., बरेली मो. 9997389012

IS 15700:2005
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक- 122, सिविल लाइन्स, बरेली E-Mail Id:- upavp.bly@rediffmail.com
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय /व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन /भूखण्ड संख्या, सेक्टर / खण्ड व योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से मृतक का संबंध
1.	स्व० हेमेन्द्र प्रकाश पुत्र स्व.धर्मवीर	भवन सं.-171 जनकपुरी योजना सं.-3, बरेली	30.08.2007	श्री विक्रम प्रकाश पुत्र स्व. हेमेन्द्र प्रकाश	श्रीमती तारा देवी, श्री भानू प्रकाश श्रीमती छाया देवी	पुत्र

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम 5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्पत्ति प्रबन्धक

कार्यालय नगर निगम बरेली।

पत्रांक : 421/सम्पत्ति कर विभाग/2023-24 दिनांक : 07.03.2024

(नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित समस्त भवन स्वामियों/ अध्यासियों के लिए सार्वजनिक सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमान्तर्गत निर्मित समस्त भवनों की प्रस्तावित कर निर्धारण सूची उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 207 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 की धारा 5 के अन्तर्गत तैयार कर ली गयी है।

उक्त सूची नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 209 एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम (सम्पत्तिकर) नियमावली 2000 की धारा 5क के अन्तर्गत समस्त जोन कार्यालयों में तत्काल प्रभाव से कार्यालय अवधि में एवं नगर निगम बरेली की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर दिनांक 15.03.2024 से जन सामान्य के अवलोकनार्थ/निरीक्षण हेतु उपलब्ध है, यदि किसी भवन स्वामी/अध्यासी को प्रस्तावित कर निर्धारण सूची में उल्लिखित भवन के कारपेट एरिया, आच्छादित क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल की गणना या अन्य प्रविष्टियों आदि के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर वेबसाइट व माध्यम से ऑनलाइन एवं निर्धारित प्रारूप में लिखित रूप से जोन कार्यालयों में प्राप्त करा सकता है। प्रस्तावित कर निर्धारण सूची के सम्बन्ध में किसी जानकारी हेतु मो.नं. -9258753633 पर कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम बरेली।
नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली।

यंत्रालय ने वालीबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैरिज और इंजीनियरिंग विभाग की टीमों ने जीते क्रिकेट मैच

अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल क्रीड़ा संघ की ओर से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल टूर्नामेंट की ट्राफी पर यंत्रालय की टीम ने कब्जा किया।

फाइनल मैच यंत्रालय एवं लोको शेड की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें यंत्रालय की टीम ने लोको शेड की टीम को सीधे सेटों में 25-19 और 25-19 अंकों से हराया। वहीं क्रिकेट का पहले मैच में कैरजि एंड वैगन ने सिग्नल विभाग की टीम को 2 विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच का खिताब के लक्ष्मी को दिया गया। जिन्होंने 26 रन बनाये। दूसरे मैच में इंजीनियरिंग ने लोको शेड विभाग की टीम को 21 रनों से हराया। मैन आफ द मैच मोनू मीणा रहे। कार्मिक विभाग ने मेडिकल विभाग की टीम को 31 रनों से हराया। इसमें मैन आफ द मैच रामपाल रहे। भंडार की टीम ने परिचालन विभाग की टीम को 69 रनों से हराया। इसमें मैन आफ द मैच का खिताब अमर सिंह मीणा रहे। रेलवे सुरक्षा बल ने लेखा विभाग की टीम को हराया।

कार्यालय ग्राम पंचायत नगरिया कल्याणपुर, वि.खं. मीरगंज (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में स्वीकृत मनरेगा/पंचम वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत	सामग्री का विवरण	मद
1.	बाबू सलमानी के घर से बृज लाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य	2,50,000/-	प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि।	मनरेगा/पंचम वित्त आयोग

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 08/03/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 11/03/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान सचिव

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है।

संपादकीय

विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य

डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

प्रसंगवश

कुछ अनुसुने किस्से कहानी

मिलेवा मिरका

सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

सोशल फोरम

हुआ क्या मुझे रे तौबा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हैं। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या ● राजेंद्र कुमार पांडेय

अमृत विचार : प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य

आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

काशीपुर ● अर्शी खान

अमृत विचार : तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलाफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी-न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की।

लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या ● विवेक सक्सेना

अमृत विचार: गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास

योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर ● अभिषेक वर्मा

अमृत विचार: 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने

पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं ● प्रदीप सक्सेना

अमृत विचार: महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।

महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

मेहनत से छुआ आसमां | कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

कभी दरवाजे-दरवाजे जाती थीं ऑर्डर लेने आज दो फैक्ट्रियों की एमडी हैं ममता

कानपुर ● राजीव त्रिवेदी

अमृत विचार: जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू कराने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया। 90 के दशक में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए।

ममता ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थी। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

उत्पाद की बेहतर क्वालिटी बनी सफलता का मंत्र

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उत्पाद जाने लगे। अब वे अपने उत्पाद को पनकी की दो फैक्टी में बनवाती है। एक फैक्ट्री में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं। वर्ष 1999 में उन्होंने अपने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर तेजी से रुख किया। अब वे दोबारा निर्यात के लिए योजना बना रहीं हैं।

कड़े संघर्ष से प्रिया ने लिख दी कामयाबी की इबारत

पीलीभीत ● सुनील यादव

अमृत विचार: महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदला है। यह बदलाव उन महिलाओं की देन है, जिन्हानें ने अपने हौंसले से मुश्किल रास्तों को सुगम बनाया और सफलता की मंजिल हासिल की। शहर निवासी प्रिया मिश्रा ने भी कड़े सघर्ष के बाद ऐसा मुकाम हासिल किया, जो जिले के महिलाओं के लिए एक मिसाल है। प्रिया वर्तमान में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। उन्होंने यह सफलता बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में हासिल की।

शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा एवं उमा देवी की पुत्री प्रिया मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा पूरनपुर के लकी चिल्ड्रेन स्कूल में हुई। पिता मनोज कुमार मिश्रा पीलीभीत में प्रेक्टिस करते थे। 2007 में यह परिवार पूरनपुर से पीलीभीत की आवास विकास कॉलोनी में आकर रहने लगा। बेटी प्रिया की प्रतिभा को देखते हुए दाखिला शहर के सेंट एलायसियस कॉलेज में कराया गया। कक्षा सात से लेकर बारहवीं तक की पढ़ाई इसी कॉलेज में की। इसके बाद उन्होंने बरेली के इस्लामिक लॉ कॉलेज से बीए एलएलबी और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एलएलएम की परीक्षा पास की।

इस दौरान परिवार ने कई उतार चढ़ाव भी देखे, लेकिन उन्होंने बेटी की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया। पिता को हिम्मत हारता न देख बेटी ने भी मन ही मन संकल्प लिया कि वह कुछ ऐसा करेगीं जिससे उनके माता-पिता ही नहीं बल्कि जिले का भी मान बढ़ेगा। पिता मनोज के मुताबिक कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह चार बजे तक पढ़ाई करता देख पिता का दिल भी पसीज उठा और उन्होंने प्रिया से पीएचडी कर प्रोफेसर बनने की सलाह दे डाली, लेकिन प्रिया अपनी बात पर अडिग रहीं।

बकौल प्रिया पीसीएस जे की तैयारी के दौरान मन में ख्याल आया था कि अगर कोचिंग ले लूं, तो सबकुछ शायद आसान हो जाएगा। मगर, परिवार की स्थिति और अन्य दो भाइयों की पढ़ाई में कहीं रुकावट न जाए, मैंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की। वर्ष 2022-23 में प्रथम प्रयास में प्रिया ने पीसीएस जे परीक्षा पास की। वर्तमान में वह सीतापुर में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। साधारण परिवार से अपर सिविल जज तक के सफर को देख आज अधिकांश महिलाएं उनके जैसा बनने का सपना देख रही हैं।

- साधारण परिवार में जन्मी, बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में पास की पीसीएस जे परीक्षा, बनी अपर सिविल जज

धार्मिक है प्रिया का स्वभाव

पिता मनोज मिश्रा के मुताबिक प्रिया बचपन से ही मेधावी और धार्मिक स्वभाव की रही है। आठ साल की आयु से ही प्रिया ने गिरिराज महाराज की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। हर महीने सात व्रत रखती हैं। प्रिया अपने मोहन की प्रतिमा रखती है और प्रतिदिन सेवा करती है।

राज्यसभा की तरह एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग की आशंका

13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए 21 को वोट डाले जाएंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश वोटिंग करने वाले सपा विधायकों से निपटने की तैयार कर रहे रणनीति
- चुनाव में समाजवादी पार्टी तीन एमएससी सीट आसानी से जीत सकती है

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावनाओं के बीच राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज है। इस बीच नेताओं का पाला बदलने का भी सिलसिला हैं। वहीं, लोस चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधानपरिषद के चुनाव होने जा रहे है। 13 सीटों के लिए होने जान रहे चुनाव के लिए 21 मार्च को वोट डाले जाएंगे।

राज्यसभा चुनाव की तरह एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा है। खासकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव अंतरात्मा की आवाज पर वोटिंग करने वाले सपा विधायकों से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में सपा के कई विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके अखिलेश को झटका दिया था।

विधानपरिषद की 13 सीटें रिक्त के लिए 21 मार्च को होने जा रहे मतदान से पहले 4 मार्च से शुरु हुई नामांकन प्रक्रिया 11 मार्च तक चलेगी। इस चुनाव में भी सत्तासीन दल भाजपा और सपा आमने-सामने है। संख्या बलों के आधार पर इस चुनाव में भाजपा 10 और सपा तीन सीट आसानी से जीत सकती है। लेकिन अगर राज्यसभा की तर्ज पर भाजपा 11वां उम्मीदवार ऐन वक्त पर उतार देती है तो मुकाबला कांटे का हो सकता है। ऐसे में क्रॉस वोटिंग की आशंका भी स्वाभाविक है। चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अंदरखाने तैयारी पूरी कर ली है। पाला बदलने की संभावना के मद्देनजर ऐसे विधायकों पर पूरी नजर रखी जा रही है जो चुनाव के समय पार्टी से धोखा कर सकते हैं। अखिलेश यादव ने विधायकों का मन टटोलना शुरु कर दिया है। उन्हें परी उम्मीद है कि पार्टी को तीन सीटें आसानी से मिल जाएंगी।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना हैदराबाद के एक युवक ने यूपी 112 पुलिस को कॉल की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को जान से मार देने की धमकी दी। इससे पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने गांव के चौकीदार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव बनबुधेली निवासी राजेश ने बताया कि वह गांव का चौकीदार है। बुधवार की सुबह करीब 11: 30 बजे वह गांव में देखभाल के लिए गया था। उसे जानकारी मिली कि गांव के ही शिवकुमार अपने दरवाजे पर तमाम लोगों के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसका कहना है कि जब वह आरोपी के घर के पास पहुंचा तो आरोपी अपने मोबाइल से यूपी 112 पुलिस को कॉल कर धमकी दे रहा था।

मंत्री बनने के बाद ओमप्रकाश राजभर बोले- डीजीपी को भी हमसे पूछने का पावर नहीं

मऊ, एजेंसी : मंत्री बनने के बाद सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के तेवर बदले दिखायी दिये। बृहस्पतिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर पुलिस दौड़ाये तो नेता बन जाओ, पुलिस खुद तुम्हें सलामी देगी। राजभर ने मऊ के मोहम्मदाबाद क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, किसी थाने पर जाओ और वहां जाने के पहले एक पीला गमछा लगा लो। दरोगा जी को आपकी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर नजर आएंगे। यह है पावर। जाकर बता देना कि मंत्री जी ने भेजा है।

उन्होंने कहा, दरोगा जी के पास पावर नहीं है कि मंत्री जी को फोन करें और पूछें कि भेजा है या नहीं। आज जिस मुकाम पर हम खड़े हैं, पुलिस महानिदेशक को भी पावर नहीं है कि वह हमसे पूछे कि आपने भेजा है या नहीं भेजा है। राजभर ने कहा था, "मैंने ललकार कर कहा था कि मंत्री बनूंगा और जिस दिन मंत्रिमंडल का विस्तार होगा.....उस दिन मंत्री बनाकर दिखा दूंगा। उन्होंने कहा, इस देश में सबसे बड़ी पावर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के यहां है, ओम प्रकाश राजभर का वहां सीधा कनेक्शन है। उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पावर कहां है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यहां है। कल आप लोगों ने देखा कि मुख्यमंत्री जी बैठकर ओमप्रकाश राजभर को शपथ दिला रहे थे।ओम प्रकाश राजभर की मंच से जनता के बीच कही गई बातों का वीडियो वायरल हो रहा है।

सार-संक्षेप

क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका में क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव गांव के सूखे तालाब में पड़ा मिला। कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मृतक के बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी सतपाल (40) पुत्र खानचंद खड़गवंशी वार्ड 28 से क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। वह बुधवार शाम घर से खेत पर जाने के लिए निकले थे। काफी देर तक भी नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। गुरुवार तड़के गांव के मंदिर से भी उनकी गुमशुदगी के बारे में एलान कराया गया। कुछ देर बाद खेत के पास सूखे तालाब में उनका लहूलुहान शव पड़ा मिला। उनकी कनपटी पर गोली लगी थी।

बरेली से चोरी हुई बाइक बरामद,एक गिरफ्तार

बरखेड़ा, अमृत विचार : चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने एक ऑटो लिफ्टर को दबोचा लिया। उसके पास चार माह पूर्व बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक बरामद हुई। बरखेड़ा इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब छह बजे पुलिस पंडरी खमरिया गांव के पास चेकिंग कर रही थी। इस बीच एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कुछ ही दूरी से एक आरोपी दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया संजरपुर निवासी श्यामू उर्फ श्याम को पकड़ लिया। जबकि उसका साथी रामू उर्फ रामचंद्र भाग गया। तलाशी लेने पर उसके कब्ज से एक तमंचा, चार कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में चला कि बरामद उसके पास मिली बाइक चार माह पूर्व बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गन्ना के खेत से निकलकर हाईवे किनारे पहुंचा बाघ

पीलीभीत, अमृत विचार : हरदोई ब्रांच नहर के समीप डेरा जमाए बैठा बाघ गुरुवार को असम हाईवे की ओर चला गया। सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने पगमार्क ट्रेस करने के बाद निगरानी बढ़ा दी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाघों के बाहर निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। कुछ दिन पूर्व मरौरी ब्लाक के गांव पंडरी में एक युवक को निवाला बनाने के बाद बाघ कई दिन तक गांव के आसपास ही मंडराता रहा था। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगाया गया था। एक दिन पूर्व कलीनगर तहसील क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर की पटरी के समीप स्थित एक पैलेस के नजदीक बाघ देखे जाने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची टीम ने पगमार्क ट्रेस करते हुए बाघ होने की पुष्टि करते हुए निगरानी शुरू कर दी थी। बताते हैं कि बाघ पूरे दिन एक गन्ने के खेत में डेरा जमाए रहा। इधर गुरुवार को बाघ गन्ने के खेत से निकलकर असम हाईवे की ओर बढ़ गया। फिलहाल सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम बाघ की लगातार निगरानी कर रही है।

तंत्र-मंत्र के फेर में किसान ने गंवाई जान

मुरादाबाद, अमृत विचार : तंत्र-मंत्र के चक्कर में फंसकर किसान ने अपनी जान गंवा दी। हत्या के 14 दिन बाद उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में गन्ने के खेत में मिला था। इस पूरे घटनाक्रम को पुलिस ने सार्वजनिक कर दिया है। कथित तांत्रिक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की सार्वजनिक करने में पुलिस को घटना के दिन 24 दिन लग गए। पूरा मामला बिलारी थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर खास का है। यहां के किसान रामवीर सिंह (52) की हत्या के आरोप में कथित तांत्रिक राजेश कश्यप को गिरफ्तार किया है। राजेश ने स्वीकारा है कि उसने गले में चाकू से वार कर उनकी हत्या की थी। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि रामवीर सिंह 12 फरवरी को परिजनों से यह कहकर घर से निकले थे कि वह खेत जा रहे हैं। इसके बाद वह लौटे नहीं, उनका मोबाइल भी बंद जा रहा था। उनके बेटे विपिन कुमार ने दूसरे दिन थाने पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई।

सदस्य शामिल नहीं हुए और पास हो गए प्रस्ताव

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड की बैठक एक बार फिर सुर्खियों में है। ऑनलाइन बैठक को आधार बनाते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कई प्रस्ताव पारित किए जाने की बात कही है। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि बैठक में कोई भी सदस्य सम्मलित नहीं हुआ। उधर, बोर्ड सदस्य कहते हैं कि बैठक में उनके शामिल हुए बगैर कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सकता। यूपी मदरसा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद द्वारा बुलाई गई ऑनलाइन बैठक बीते कुछ दिनों से विवादों से घिरी हुई है। इसको लेकर बोर्ड सदस्य कमर अली सहित अन्य सदस्यों ने अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग से शिकायत की थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए हैं। ऐसे में परीक्षा को लेकर गड़बड़ी का अंदेशा है। किसी भी प्रस्ताव को लेकर ऑनलाइन बैठक का क्या औचित्य। इन्हीं दावों के बीच गुरुवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद कहते हैं कि बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए हैं। जिनमें पारिश्रमिक सहित कई अन्य विषय शामिल हैं। बोर्ड अध्यक्ष का कहना है कि प्रयागराज स्थित एक मदरसे की शिकायत लंबे समय से की जा रही थी। जांच के बाद तथ्य स्पष्ट होने पर मदरसे की मान्यता समाप्त कर दी गई है।

इरफान सोलंकी की आय नहीं बढ़ी लेकिन संपत्ति 282 प्रतिशत बढ़ गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : सपा विधायक इरफान सोलंकी पर ईडी के छापे के दौरान पता चला कि वर्ष 2016 से 2022 तक उनके विधायक रहने के दौरान उनकी संपत्ति 282 प्रतिशत बढ़ गई जबकि उनकी आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जांच में इरफान की कई बेनामी संपत्तियां भी सामने आईं हैं। आरोप है कि राजनैतिक प्रभाव और अपराध से अवैध रूप से कमाए गए धन को वैध करने के लिए कई फर्जी व्यवसायिक संस्थाएं भी बनाईं। बैंक अकाउंट की पड़ताल से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में इरफान को नकद और ट्रांसफर के माध्यम से लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपये मिले। जबकि आयकर रिटर्न में केवल छह लाख रुपये प्रतिवर्ष औसत आय दिखाई थी। सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी की कानपुर में तकरीबन 200 करोड़ की संपत्तियां हैं। यह कमिश्नरेट पुलिस की जांच में सामने आया था। कई संपत्तियां पुलिस पहले ही सीज कर चुकी है। विधायक, रिजवान और उनकी पत्नी के नाम पर चकेरी स्वर्ण जयंती विस्तार योजना में 300 वर्ग मीटर के तीन प्लॉट हैं। विधायक के नाम पर गाजियाबाद में 300 वर्गमीटर का प्लॉट, ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट समेत 25 से 30 करोड़ की संपत्तियां हैं।

रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

लखनऊ। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

मुंह की चमड़ी से नई मूत्र नलिका बनाने में कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा के यूरोलॉजी विभाग द्वारा मरीज के मुंह की चमड़ी से नई मूत्र नलिका बनाई गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 18 वर्षीय युवा के मूत्र प्रवाह में आई रुकावट का इलाज करने के लिए मरीज के मुंह से चमड़ी लेकर पेशाब का नया रास्ता बनाने में कामयाबी हासिल की है।

अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ यूरोसर्जन डॉ. अनंत गिरी ने बताया कि 18 वर्षीय युवा की पेशाब की नली पूरी तरह सिकुड़ गई थी। मरीज इससे पहले भी अन्य अस्पतालों में इलाज करा चुका था और ऑपरेशन भी हो चुका था। रोगी का मात्र 10 प्रतिशत ही मूत्र प्रवाह हो रहा था और जटिलता बढ़ती जा रही थी। मरीज के इलाज के लिए उन्होंने नवीनतम तकनीकी के द्वारा मुंह से चमड़ी लेकर पूरी मूत्र नलिका फिर से बनाने में सफलता अर्जित की। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान ने बताया कि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अत्यंत मामूली खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

ऑपरेशन के दौरान उपस्थित चिकित्सक। ● अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग का कमाल

सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का हुआ सम्मान

संवाददाता, आगरा

- भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महासम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय महासम्मेलन का आरंभ अंबेडकर नगर कोठी मीना बाजार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा छत्रपति शिवाजी के शौर्य पराक्रम से जुड़े शहर आगरा में महासम्मेलन में आए सभी अतिथियों का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में एक नए भारत का दर्शन देखने को मिल रहा है जिसमें जाति मजहब, भाषा के आधार पर नहीं समाज की मुख्य धारा से जोड़कर सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास धर्म को निभाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान शिल्पी डॉक्टर अंबेडकर के नाम पर पंच तीर्थ विकसित कर,अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की शुरुआत कर दलित महापुरुषों को सम्मान देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा काशी में संत रविदास की जन्मस्थली पर 25 फीट ऊंची प्रतिमा म्यूजियम अन्न क्षेत्र और इस क्षेत्र को जोड़ने वाली फोर लाइन की कनेक्टिविटी शुरू की गई है। देश के सामाजिक न्याय के पुरोधाओं को सम्मान, मकान, शौचालय ,स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं देने का काम किया है।

जेपी नड्डा ने कहा कांग्रेस ने दलितों को मानवता से नहीं देखा। हमेशा वोट बैंक समझा, वोट का उपक्रम समझा। कांग्रेस ने देश को खंडित और भाजपा ने समाहित करके चलने वाली नीति अपनाई। बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम भाजपा की समर्थन वाली जनता दल की सरकार में पूरा हुआ। दलित अनुसूचित वर्ग और गरीबों की चिंता मोदी ने की। आज केंद्र सरकार में 12 दलित मंत्री हैं। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में पहली बार लोकसभा अध्यक्ष दलित समाज का आदमी बैठा।

दो सपा नेताओं सहित साली ने जेल में आजम से की मुलाकात

सीतापुर, अमृत विचार : जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से गुरुवार को जेल में दो सपा नेताओं सहित आजम की हरदोई से आई साली ने भी जेल में मुलाकात की। डेढ़ घण्टे से अधिक समय तक चली मुलाकात के दौरान आजम ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा के साथ परिवार का हाल जाना।

मुलाकात के बाद जेल से बाहर आये सपा नेताओं ने मीडिया से बातचीत किये बगैर ही वापस रामपुर रवाना हो गये। मार्च में आजम की यह पहली मुलाकात थी। बताते चलें कि सपा नेता आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। सजा सुनाये जाने के बाद जेल मैनुअल के अनुसार माह में 4 बार और हफ्ते में महज एक बार ही सजायाफ्ता बंदी से मिलने का प्रावधान है।

उत्तराखंड

बेटी के ऑपरेशन की खबर सुनकर सदमे में मां की मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : एसटीएच में जन्मी पौत्री को देखने पहुंची मां, बेटी के ऑपरेशन की खबर सुनकर सदमे में आ गई और उसकी मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति पर बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों को सौंप दिया गया। रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी कैलाश ने बताया कि भोजवक्काल अजीमनगर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी मौसी रामप्यारी (60 वर्ष) की बेटी रजनी एसटीएच में भर्ती थी। ऑपरेशन से रजनी ने 5 मार्च को बच्ची को जन्म दिया। रामप्यारी अपनी नवजात पौत्री को देखने एसटीएच पहुंची। यहां उन्हें बेटी के ऑपरेशन की खबर मिली तो वह सदमे में आ गईं। कुछ ही देर में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

चारधाम यात्रा की तैयारियों के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

- सभी पैदल मार्गों व संवेदनशील इलाकों में लगाएं सीसीटीवी: धामी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा की तैयारियों और मॉनिटरिंग के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में चारधाम यात्रा-2024 को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सुगम यातायात संचालन के लिए एसपी व एएसपी रैंक के अधिकारी को नियुक्त करने तथा विभागों में आपसी समन्वय से कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते सालों यात्रा में जो कमियां एं सामने आईउनको दूर किया जाए। पैदल मार्गों एवं संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी लगाएं। यात्रियों के साथ स्थानीय लोगों का ध्यान रखा जाए। शासन स्तर से चारों धामों की लाइव मॉनिटरिंग की जाए। आपदा कंट्रोल रूम का सुचारू संचालन करें। सीएम ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की सूचना यात्रियों तक समय से पहुंचे। यात्रियों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्गों की नियमित सफाई हो। मार्ग पर बने शौचालयों में सफाई तथा उनकी संख्या बढ़ाए।

उन्होंने मिशन मोड पर प्लास्टिक फ्री चारधाम पर काम के निर्देश दिए। यात्रा प्रारंभ होने से पहले 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कर ली जाए। पैदल मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगाएं। साथ ही पेयजल की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम मार्गों का सुधारीकरण कार्य यात्रा से पहले करें। जिन स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध होते हैं ऐसे स्थानों को चह्नित कर वहां पर जेसीबी आदि की व्यवस्था करें। यात्रा मार्ग बंद होने पर उसे तुरंत खोलने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यात्रा के लिए बसों व टैक्सियों आदि के सम्बन्ध में आंकलन कर पूर्व में व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान अच्छा कार्य करने वाले लोगों/विभागों को सम्मानित किए जाएगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार आदि मौजूद रहे।

जागेश्वर धाम में जागृत रूप में विराजमान हैं शिव

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं जिनका वर्णन पुराणों में मिलता है। इन धार्मिक स्थलों पर हिंदू श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। ऐसे ही धार्मिक स्थलों में शुमार है अल्मोड़ा का जागेश्वर धाम। देवदार के घने जंगलों और प्रकृति की शांत सुरम्य वादी में स्थित में यह धाम जहां मन को सुकून देता है। वहीं मन से मन्नत मांगने वाले हर व्यक्ति की इच्छा भी यहां पूरी होती है। भगवान शिव की तपोस्थली रहा यह धाम भगवान शिव के 12 ज्योर्तिलिंग में से एक है। शिवरात्रि के दिन यहां भगवान शिव की महापूजा का आयोजन किया जाता है। जबकि स्थानीय बाजार में भव्य मेले का आयोजन भी होता है। जागेश्वर धाम उत्तर भारत के प्रमुख शिव मंदिरों में एक है।

बोर्ड परीक्षाफल खराब रहा तो वहां के बीईओ होंगे जिम्मेदार : सीडीओ

संवाददाता, रुद्रपुर

- शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- स्कूलों में शिक्षण के साथ व्यवस्थाएं सुधारने पर भी जोर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष का बोर्ड परीक्षाफल संतोषजनक नहीं था इसलिए शिक्षा की गुणवत्ता अति आवश्यक हैं। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने विकास खंडों के लिए उत्तरदायी होंगे।

गुरुवार को विकास भवन सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों में तेजी लाएं और समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए है उन्हें तत्काल प्रारंभ किए जाएं नहीं तो जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाउंड्री वाल, सोलर लाइट, वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था मनरेगा से कराए जाएं। सीडीओ ने इसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरेंद्र मिश्रा, कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

चंपावत चाय बागान को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

टनकपुर/चंपावत, अमृत विचार : चंपावत को मॉडल जिला बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही है। स्वदेश दर्शन के तहत होने वाले निर्माण कार्यों के शिलान्यास से यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह बात केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने चंपावत के सिलिंगटाक स्थित चाय बागान में शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही।

कार्यक्रम से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाय बागान में करीब 11.21 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का वर्चुअल शुभारंभ किया। अजय भट्ट ने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना से चाय बागान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। चंपावत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 70 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं।

कॉर्बेट बाघ में क्षति की जांच को समिति बनाने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण एवं पेड़ों की कटाई से हुए नुकसान के समाधान के उपाय सुझाने के लिए समिति गठित करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी जंगल में बाघ की मौजूदगी पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई का संकेतक है।

न्यायालय ने कहा कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से गठित की जाने वाली समिति अभयारण्य को हुए पर्यावरणीय नुकसान का आकलन करेगी और उसे फिर से दुरुस्त करने पर आने वाली लागत निर्धारित करेगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि समिति इस सवाल पर विचार करेगी कि क्या बफर या फ्रिंज क्षेत्र में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है। पीठ ने कहा यदि ऐसी सफारी की अनुमति दी जा सकती है, तो इसके लिए दिशा निर्देश क्या होने चाहिए? समिति अभयारण्य को उस स्थिति में लाने के उपायों की सिफारिश करेगी जैसा यह नुकसान से पहले था।

उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ पहुंची काशीपुर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड की सबसे बड़ी शिव कांवड़ लेकर शिवभक्त काशीपुर लौट आये है। उनकी कांवड़ का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। शुक्रवार को मोटेश्वर महादेव मंदिर में इस कांवड़ का जलाभिषेक होगा।

बता दें कि पिछले कई वर्षों से नगर के मोहल्ला कटरा मालियान से उत्तराखंड की सबसे बड़ी कांवड़ लेकर काशीपुर के शिवभक्त शिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार गंगा जल लेने जाते हैं। इस बार भी यह कांवड़ करीब ढाई क्विंटल की है जिसे एक साथ 12 शिव भक्तों ने उठाया। शिव भक्तों के महंत भानु कश्यप, सनी कश्यप, सागर कश्यप, शिवम कश्यप, उदित कश्यप, अजय तोमर, जोनी तोमर ने बताया कि इस कांवड़ को लाने वाले शिव भक्तों के जत्थे में 40 शिव भक्त शामिल हैं जो बारी-बारी से कांवड़ को लेकर आये है। गुरुवार दोपहर को यह कांवड़ वापस काशीपुर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। शुक्रवार को कांवड़ के माध्यम से हरिद्वार से लाया गंगाजल मोटेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ाया जाएगा।

उत्तराखंड की सबसे बड़ी शिव कांवड़ लेकर काशीपुर पहुंचे शिवभक्त। ● अमृत विचार

दो नोटिसों के बावजूद निगम ने नहीं दिए सबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा मामले में धांधली का आरोप लगाते हुए नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश उपाध्याय ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया समेत आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा तो दर्ज करा दिया, लेकिन पुलिस को मामले से जुड़े दस्तावेज नहीं सौंपे। इस मामले में पुलिस दो बार निगम को नोटिस दे चुकी है और दूसरे नोटिस में सात दिन के भीतर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। बता दें कि कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल मलिक निवासी अब्दुला बिल्डिंग लाइन नंबर आठ, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर हल्द्वानी और अब्दुल लतीफ निवासी बरेली ने कूटरचित प्रार्थना पत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति का शपथ पत्र देकर मलिक का बगीचा (राजकीय जमीन) को हड़पने और बेचने का षड्यंत्र किया।

रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया

बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में ''संकल्प की सिद्धि'' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री,



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल

- **किसानों को मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम**

लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

लखनऊ, अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं। प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं। इस संबंध में कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण ने कहा कि फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है।

क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश का झांसा देकर हड़पे 200 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार इलाके में फर्जी कंपनी खोल क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली कंपनी के सीएमडी समेत 15 लोगों द्वारा सैकड़ों लोगों से करीब 200 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है।

गोमतीनगर विस्तार थाने में महाराष्ट्र रायगढ़ निवासी ज्ञान शंकर ब्रह्म प्रसाद गुप्ता और चित्रकूट के मुस्तकिल निवासी रामगोपाल गुप्ता की तहरीर पर 15 लोगों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने केंद्र सरकार से मान्यता के फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर संजेपॉवर्स टेक्नोलॉजीज नामक कंपनी में सैकड़ों लोगों से निवेश कराकर करीब 200 सौ करोड़ ठग लिये। ज्ञान शंकर ने बताया मुख्य आरोपी आशीष कुमार सिंह सिसोदिया व उसके सहयोगियों ने क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश पर एक वर्ष में कई गुना पैसा देने का लालच दिया था। झांसे में आकर उसने करीब 30 लाख निवेश कर दिये। इसके बदले वेबसाइट के जरिए

इन पर ठगी का आरोप दर्ज की गयी रिपोर्ट

कंपनी के सीएमडी आशीष कुमार सिंह निवासी सिधौर, बाराबंकी, मैनेजर, अंजलि पटेल निवासी अंबेडकर नगर, ब्रांड अंबेसडर संजय चतुर्वेदी, फाउंडर देवेंद्र सिंह, तिलक वर्मा निवासी गोमती नगर, उमेश मौर्या, चंद्रकला जगदाले, सीमा सिंह पत्नी आशीष कुमार सिंह, गौता देवी पुरी, धनेश्वर बक्श सिंह, सरजू गुप्ता, ओम प्रकाश रावत, राज कुमार पाल, प्रकाश राज, सुनील सिंह और रविंद्र पासवान।

डॉलर दिये थे। इसके बदले एक साल में 7 करोड़ रुपया देने का वादा किया था। इसके बाद परिचित रमेश पुजारी ने पांच लाख, दिनेश मौर्या ने 10 लाख व ज्योति यादव ने 1.5 लाख रुपये कपनी में निवेश कर दिये। कुछ समय बाद आरोपियों ने वेबसाइट बदल दी और कहा कि निवेश की रकम वापस नहीं मिल पाएगी।

सार-संक्षेप

भाजपा नेता प्रमोद यादव की गोली मारकर हत्या

जौनपुर, एजेंसी : जिले में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने भाजपा नेता प्रमोद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रमोद यादव अभी जिला मंत्री के पद पर हैं। 2012 के विधानसभा चुनाव में मल्हनी सीट से वह धनंजय सिंह की पत्नी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। पुलिस के अनुसार थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित बोधापुर गांव निवासी भाजपा के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव को दिन दहाड़े लगभग 10 बजे के आसपास बदमाशों ने गोली मारी। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण के बाद बदमाशों की तलाश में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि प्रमोद जैसे ही अपने घर से निकाल कर सड़क पर आए तभी बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। मृतक के छोटे भाई श्रवण यादव ने पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद को 4-5 गोली मारी गई थी।

जंगल में बेहोश मिली लापता बच्ची, दुष्कर्म की आशंका

सहारनपुर, एजेंसी : जिले के कुतुबशेर इलाके में लापता हुई नौ साल की एक बच्ची गुरुवार को कोलागढ़ के जंगल में बेहोश मिली। परिवार का आरोप है कि उससे दुष्कर्म किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने बताया कि नौ साल की एक बच्ची कुतुबशेर थाना क्षेत्र की एक कालोनी में अपनी मौसी के घर आई थी तथा बुधवार शाम जब वह बच्चो के साथ खेल रही थी तब रात करीब आठ बजे वह संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जैन ने बताया कि जब उस बच्ची के साथ खेल रहे अन्य बच्चों से उसके बारे में पूछा गया तो पता चला कि वह एक दुकान से खाने का कुछ सामान लेने गई थी। उनके अनुसार दुकानदार ने पूछने पर बताया कि बच्ची सामान लेकर दुकान से चली गई थी। उन्होंने बताया कि देर रात तक जब बच्ची का कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। उनके मुताबिक परिजन आज सुबह उसकी तलाश करते हुए कोलागढ के जंगल में पहुंचे जहां वह बेहोशी की हालत में निर्वस्त्र मिली। जैन ने बताया कि पुलिस की मदद से बच्ची को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उनका कहना है कि बच्ची के पिता की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

घूसखोरी में बैंक के फील्ड अफसर समेत दो गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में दस लाख, तीन हजार दो सौ बत्तीस रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह, अमित शाह मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में सुनवाई 11 मार्च को होगी। गुरुवार को गवाह के न आने से कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र व मोहित तिवारी का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर

- **पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी है निगाह**

हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था। 2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

बिना कारण वेतन वसूली न करने के निर्देश दिए

विधि संवाददाता, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में प्रधानाचार्य की सेवा बर्खास्तगी के मामले में कहा कि 32 वर्षों तक पूर्ण जिम्मेदारी और बिना किसी शिकायत के अपने सेवाकाल को पूर्ण किया है। याची प्रधानाचार्य के पद से मार्च 2019 को सेवानिवृत होने वाला था कि तिथि से मात्र तीन दिन पूर्व उसकी नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया। बिना किसी धोखाधड़ी के याची को सेवा से बर्खास्त कर देना और पिछले वेतन की वसूली करना अन्याय पूर्ण होगा। इस दृष्टिकोण से कोर्ट ने आक्षेपित आदेश में हस्तक्षेप न करते हुए वर्तमान याचिका को निस्तारित कर दिया, साथ ही याची को दिए गए वेतन और वित्तीय लाभों की वसूली करने से विभाग को मना कर दिया। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवदत्त शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते पारित किया।

इंडिया गठबंधन व पीडीए परिवार लाएगा देश में परिवर्तन : अखिलेश

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : संगम नगरी पहुंचे समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक निजी कार्यक्रम में सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा इंडिया गठबंधन व पीडीए परिवार देश में परिवर्तन लाएगा। डूबते प्रदेश को बचाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक कराती है। भाजपा मंत्री विधायकों को तोड़ने के लिए पैकेज देती है। सरकार ने गंगा सफाई की कसम खाई लेकिन कुछ नहीं किया। ऐसी सरकार जब मां गंगा की नहीं हो सकी तक जनता की क्या होगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 2 घंटे शहर में रुके। वह सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष के. के. श्रीवास्तव की बेटे की शादी में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव में बीजेपी का सफाया होने वाला है। भाजपा को इंडिया और पीडीए मिलकर हराएंगे। बसपा से गठबंधन के सवाल पर अखिलेश यादव बोले कि गठबंधन बहुत हो चुके हैं। अब हम लड़ाई के लिए खुद मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कि भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, बीजेपी हटाओ, संविधान बचाओ, भाजपा हटाओ नौकरी पाओ।

हम चुनाव लड़ेंगे और लड़ाएंगे भी

कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर अखिलेश यादव ने कहा हम लड़ेंगे भी और लड़ाएंगे भी। अब सब कुछ किया जाएगा। कन्नौज ही नहीं, यूपी की सभी 80 सीटों पर बीजेपी को हराने का काम किया जाएगा। हम सम्मान के लिए राजनीति करते हैं और कुछ लोग सामान पाने के लिए राजनीति में आए हैं। विकसित भारत का नारा देने वाली बीजेपी विधायकों और नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए पैकेज देती है। यह लोकतंत्र में उचित नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि अकेले मदरसों को ही नहीं, बल्कि संस्कृत विद्यालयों को भी बंद किया जा रहा है। सरकार संस्कृत बोर्ड को भी खत्म करने की तैयारी कर रही है। बीजेपी सरकार सिर्फ एक समाज की नहीं, बल्कि देश की दुश्मन है।

वर्ग पहेली-3

बाएं से दाएं

2.1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8.1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10.1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

ऊपर से नीचे

1.1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7.1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



वर्ग पहेली - 2 का हल

1 म	लि	क		2 उ	जा	ड़
ठि				ता		
या		3 नि		4 व	रू	थ
	5 दी	पा	व	ली		
6 आ	न	न				7 स
	दा				8 बै	ट
9 सु	र	ब	हा	र		ना

31 चिकित्साधिकारियों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के नवपदोन्नत चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कुमार अरुण को लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल का नया निदेशक तैनात किया गया है।

वहीं डॉ. साधना अग्रवाल को प्रधानाचार्य आरएचएफडब्ल्यू टीसी बरेली से बरेली के मानसिक चिकित्सालय का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को चिकत्साधिकारियों के तबादलों के इस क्रम में संयुक्त निदेशक ग्रेड के 31 चिकित्साधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। तबादला संबंधी अलग-अलग आदेश गुरुवार को शासन के विशेष सचिव शिवसहाय अवस्थी ने जारी किए। डॉ. किरन मलिक को स्वास्थ्य महानिदेशालय में ही अपर निदेशक, डॉ. रेखा रानी

- **डॉ. साधना अग्रवाल मानसिक चिकित्सालय बरेली की प्रभारी निदेशक नियुक्त**

को मुरादाबाद मंडल के संयुक्त निदेशक से महानिदेशालय में अपर निदेशक (प्रशिक्षण) बनाया गया है।

तबादलों की ही कड़ी में आगरा की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शोभना दुबे को सीएमएस जौनपुर से एडी मिर्जापुर मंडल डॉ. रचना गुप्ता को जेडी कानपुर मंडल से जिला महिला चिकित्सालय, डॉ. विनीता राय वर्मा को जेडी कानपुर मंडल सेएडी बस्ती मंडल, डॉ. शारदा चौधरी को टीबी सप्रू प्रयागराज के सीएमएस से एडी परिवार कल्याण महानिदेशालय, डॉ. सुदेश कुमारी को जिला कुष्ठ रोग अधिकारी रायबरेली से जिला चिकित्सालय मेरठ के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रीतू कात्याल को सीएमएस मथुरा से एडी मुरादाबाद मंडल, डॉ. नीता कुलश्रेष्ठ को सीएमएस मलखान सिंह अस्पताल अलीगढ़ से महानिदेशालय में अपर निदेशक (पैरामेडिकल) के पद पर तैनाती दी गई है।

डॉ. अशोक कुमार राय को एसीएमओ मिर्जापुर से प्रभारी निदेशक मानसिक चिकित्सालय वाराणसी, डॉ. अशोक वाराणसी मानसिक अस्पताल के प्रभारी निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल को जेडी मुरादाबाद मंडल से एडी मेरठ मंडल, डॉ. गिरीश चंद्र नौगाई को रामपुर से एडी सहारनपुर मंडल, डॉ. अजय सिंह गौतम को सीएमएस चंदौली से परिवार कल्याण महानिदेशालय में एडी, डॉ. राजेंद्र कुमार को कासगंज से जिला अस्पताल आगरा का प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, बनाया गया है।

धर्म परिवर्तन करा युवती का कराया निकाह, वीडियो वायरल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार : जिले के छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने पहले युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर उसे अपने साथ लखनऊ भगा ले गया। लखनऊ में उसने युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह कर लिया।

युवती ने धर्म परिवर्तन से इंकार किया तो उसके साथ जबरदस्ती की गयी और घर में बंधक बनाकर रखा गया। मौका मिलने पर युवती आरोपी के घर से भाग निकली और सीधे छपिया थाने पहुंची। लेकिन छपिया पुलिस ने उसकी शिकायत ही नहीं सुनी। परेशान पीड़िता सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और अपर पुलिस अधीक्षक को अपनी पीड़ा बताई। एएसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए छपिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीया युवती के मुताबिक 2 साल पहले उसकी साबिर नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। प्रेमजाल में फंसाकर साबिर उसे भगाकर लखनऊ ले गया और उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह कर लिया। युवती का कहना है कि उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी। आरोप है कि उसका पति साबिर, ससुर अब्दुल और सास सिराजुलनिशा उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे।

सुडोकू-82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		9	5		
5								2
	6		5		1		3	
	3			5		4		7
	1						9	
7		8		3			5	
	5	2	3		8			
3					5			8
		4	7		6			

सुडोकू - 81 का हल

2	6	7	8	3	1	4	9	5
5	3	8	4	7	9	2	6	1
9	1	4	2	5	6	3	8	7
3	9	5	1	8	2	6	7	4
4	2	1	6	9	7	5	3	8
8	7	6	3	4	5	1	2	9
6	8	2	7	1	4	9	5	3
1	5	3	9	6	8	7	4	2
7	4	9	5	2	3	8	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

वृष — आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

कर्क — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं।प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

कन्या — आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

वृश्चिक — आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

धनु — आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

मकर — आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

कुंभ — आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

मीन — आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- गुलाब गैंग — सुबह : 12.00
- एक और एक ग्यारह — शाम : 06.00

SONY MAX
- मैडम गीता रानी — सुबह : 11.20
- हिचकी — शाम : 06.59

SONY PIX
- वेनम — सुबह : 12.29
- डॉट ब्रेथ — रात : 07.37

ZEE CINEMA
- रश्मी रॉकेट (2021) — सुबह : 10.30
- सीक्रेट सुपरस्टार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- कल हो न हो — सुबह : 09.29
- जब बी मेट — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...

लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?

गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...

टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?

संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1435, सचिन 1495, सूरज 1460, अवसर 1580, राग गोल्ड 1590, गृहणी 1490, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1600, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 4000, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000-50,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,200
चांदी आभूषण	73,800।

फरवरी में वाहनों की खुदरा बिक्री में 13% की हुई बढ़ोत्तरी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

1000 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का दावा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली। मेरठ सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने बृहस्पतिवार को 232 फर्जी कंपनियों के नेटवर्क के जरिये 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मेरठ आयुक्त कार्यालय की केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की अपवंचना-रोधी शाखा ने अक्टूबर, 2023 में एक बड़े 'सिंडिकेट' की जांच शुरू की, जिसने फर्जी बिलिंग के जरिये धोखाधड़ी से आईटीसी का दावा किया था।

मूडीज ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 8% किया

- नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है। बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है।

मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है।

अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता 'डाटाबेस' जारी करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 'सहकार से समृद्धि' को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है।

राष्ट्रीय

एक नजर

बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

नई दिल्ली। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं।

संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

सीबीआई के दल ने किया संदेशखालि का दौरा

शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के एक दिन बाद सीबीआई के दल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि में स्थित उसके घर और कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने बताया कि दोनों परिसरों में ताला लगा मिलने के बाद टीम ने बाहर से वहां की तस्वीरें लीं और चली गई। बाद में टीम ने शेख शाहजहां बाजार का भी दौरा किया।

बीजेपी 2 महिलाओं को दे सकती है टिकट

ज्ञानेन्द्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार टिकट बंटवारे में भी महिलाओं को ज्यादा महत्व दे रही है। दिल्ली में पहली बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। यही प्रयोग उत्तराखंड में भी किए जाने की संभावना है।

उत्तराखंड में पांच सीटें हैं। वहां टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें टिहरी से मौजूदा सांसद माला राज्य लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। इसी तरह अल्मोड़ा से अजय भट्ट एवं नैनीताल से अजय टम्टा (दोनों वर्तमान सांसद) को टिकट मिला है। जबकि हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार-विमर्श चल रहा है। यहां के वर्तमान भाजपा सांसदों पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक एवं तीरथ सिंह रावत का टिकट रोक दिया गया है। डॉ. पोखरियाल केंद्रीय शिक्षामंत्री थे लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि पोखरियाल को इस बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलेगा। तभी से त्रिवेंद्र रावत और मदन कौशिक ने इस सीट पर चुनाव लड़ने का दावा किया था।

भाजपा हाईकमान के समक्ष हरिद्वार से त्रिवेंद्र रावत के नाम पर ज्यादा विचार चल रहा है। जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत के नाम पर विचार चल रहा है। दीप्ति रावत ने गत दिवस पश्चिम बंगाल में आयोजित महिला रैली में बड़ी भूमिका निभाई थी और वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ बंगाल भी गई थीं। उन्होंने राजस्थान विस चुनाव में भी विशेष योगदान दिया था।

दरअसल पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजपूत मतदाता हैं, उसको ध्यान में रखते हुए हाईकमान किसी राजपूत को उम्मीदवार बनाने के मूड में है। इसी क्षेत्र से महेंद्र भट्ट को राज्यसभा में ले लिया गया है। वे ब्राह्मण बिरादरी से हैं। भट्ट का तर्क देकर बीजेपी हाईकमान के समक्ष उत्तराखंड के कई नेताओं ने पौड़ी गढ़वाल से किसी राजपूत को टिकट देने की मांग की है। इसके चलते बलूनी की दावेदारी कमजोर पड़ रही है। फिलहाल हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों का अंतिम फैसला 10 मार्च को होगा।

उत्तराखंड लोस सीट

- हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल सीट पर 10 मार्च को होगी चर्चा

अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसानों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

हिमाचल में डॉक्टरों के सामूहिक अवकाश पर जाने से चिकित्सा सेवाएं हुईं प्रभावित

शिमला। एनपीए की बहाली की मांग पूरी न होने पर सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले अधिकांश डॉक्टरों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से बृहस्पतिवार को पूरे हिमाचल प्रदेश में चिकित्सा सेवाएं बाधित हो गईं। निजी तौर पर डॉक्टर प्रैक्टिस ना करें इसके लिए सरकार 'नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए)' देती है। मरीजों को इलाज कराने में असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। इस बीच डॉक्टरों ने अपने सामूहिक अवकाश के दौरान कई जिलों में रक्तदान शिविर लगाए। डॉक्टर लंबे समय से राज्य सरकार से एनपीए की बहाली की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- उम्मीदवारों में केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी का नाम भी शामिल

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार-विमर्श चल रहा है। वहीं सूत्रों के मुताबिक इन उम्मीदवारों में केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी का नाम भी शामिल है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही।

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

न्यायालय ने लिया संज्ञान

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

खेल डायरी

सिंधू फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में, श्रीकांत हारे

पेरिस, एजेंसी। पीवी सिंधू ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अमेरिका की बेवेन झांग पर तीन गेम की जीत से महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर खत्म हो गया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही सिंधू ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद झांग को 13-21 21-10 21-14 से हराकर सत्र के पहले क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब सिंधू का सामना चीन की चेन यु फेई और डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को हराया था लेकिन राउंड 16 में चीन के गुआंग जू से हार गए। श्रीकांत का चीन के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। महिला एकल में सिंधू ने क्रास कोर्ट विनर से शुरूआत की लेकिन झांग ने भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों पर उलझाकर दबाव बनाते हुए 11-7 की बढ़त को 14-9 कर दिया। अमेरिका की खिलाड़ी ने जल्द ही 16-11 से पांच अंक की बढ़त बना ली और आठ गेम प्वांइट जीत लिये। दूसरे गेम में भी झांग ने अपने शॉट से दबदबा बनाते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। पर सिंधू ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी हासिल कर नेट के करीब प्रतिद्वंद्वी के कमजोर रिटर्न से 6-4 से आगे हो गईं।

प्रज्ञानानंदा संयुक्त दूसरे स्थान पर, सभी बाजियां ड्रा

प्राग। आर प्रज्ञानानंदा ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में जीत का भरसक प्रयत्न किया, लेकिन उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा से अंक बांटने पड़े। प्रज्ञानानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शीर्ष भारतीय के तौर पर खेलने उतरेंगे जो टोरंटो में चार हफ्ते बाद होगा। अंतिम दौर में 10 खिलाड़ियों के बीच पांच ड्रा रहे। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (6) का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। प्रज्ञानानंदा के अलावा माघसूदलू और चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वान के नौ में से पांच पांच अंक रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के रोमानिया के रिचर्ड रैपर्ट और डेविड नावारा के साथ 4.5 अंक रहे।

नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

इंडियन वेल्स। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन

नई दिल्ली। भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी



बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी)			218/10 (57.4 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	79	108	11/1
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	27	58	4/0
ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप	11	24	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	26	56	4/0
जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप	29	18	2/2
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	00	06	0/0
बेन फोक्स बो अश्विन	24	42	3/0
टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन	06	09	1/0
मार्क वुड का रोहित बो अश्विन	00	02	0/0
शोएब बशीर नाबाद	11	22	2/0
एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

भारत (पहली पारी)			135/1 (30 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा नाबाद	52	83	6/2
शुभमन गिल नाबाद	26	39	2/2

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
मुंबई	6	4	2	8	0.375
बेंगलुरु	6	3	3	6	0.038
यूपी	6	2	4	4	-0.435
गुजरात	5	1	4	2	-1.278

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस : 160/6, नेट साइवर-ब्रंट 45, एमेलिया केर 39, हरमनप्रीत कौर 33, संजीवन सजना 22*। **विकेट:** चमारी अटापट्टू 2, राजेश्वरी गायकवाड़ 1, दीप्ति शर्मा 1, साइमा ठाकोर 1

यूपी वॉरियर्स : 118/9, दीप्ति शर्मा 53*, श्वेता सहरावत 17, ग्रेस हैरिस 15, उमा छेत्री 08, किरण नवगिरे 07, पूनम खेमनार 07। **विकेट:** शबनीम इस्माइल 1, साइका इशाक 3, हेली मैथ्यूज 1, पूजा वस्त्रकर 1, नेट साइवर-ब्रंट 2, संजीवन 1

मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 42 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स को 42 रन से हराकर चौथी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने शुरूआती झटकों के बाद 6 विकेट पर 160 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी यूपी ने पांचवें ओवर में 15 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। इन झटकों से टीम उबर नहीं सकी और दीप्ति शर्मा की नाबाद 53 रन की पारी भी काम न आ सकी, जिन्होंने 36 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यूपी 9 विकेट पर 118 रन बनाकर हार गई। यह उसकी दूसरी हार है। मुंबई के चौथी जीत से 8 अंक हो गए हैं, जिससे वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली के बराबर पहुंच गई है। यूपी का स्कोर 10 ओवर में 4 विकेट पर 42 रन था और उसे 60 गेंद में 119 रन बनाने थे। दीप्ति को छोड़कर उसकी सिर्फ दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें ग्रेस हैरिस ने 15 और श्वेता सेहरावत ने 17 रन बनाए। मुंबई की साइका इशाक सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट और नैट साइवर ब्रंट ने 2 विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। लेकिन नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद में 45 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद में 33 रन) ने 3 विकेट के लिए 46 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अमेलिया केर ने 23 गेंद में नाबाद 39 रन और संजीवन सजना ने 14 गेंद में नाबाद 22 रन का बनाया। इन दोनों ने अंत में 4.2 ओवर में 43 रन जोड़े। मुंबई ने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज के विकेट चौथे ओवर तक गंवा दिए थे।

बॉलीवुड हलचल

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूबेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं। लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं। छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

खुली हवा में सांस ले रही घाटी, कांग्रेस ने किया गुमराह

- प्रधानमंत्री बोले- अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।


सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी, दोस्त कहा

कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था।

इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस

अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना

अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

एक नजर

प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुन: निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत को मिला पहला सिख मंत्री

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पहली बार किसी सिख को मंत्री बनाया गया है। तीसरी बार असेंबली सदस्य चुने गए सरदार रमेश सिंह अरोड़ा ने गुरुवार को मंत्री पद की शपथ ली। विभाजन के बाद पाकिस्तान में पहली बार एक सिख को पंजाब प्रांत के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पंजाब में मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ की कैबिनेट में अरोड़ा को अल्पसंख्यक विभाग आवंटित किया गया है। पंजाब के खलील ताहिर सिंधू को भी पंजाब मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

काठमांडू। देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

नवाज के दोनों बेटों का गिरफ्तारी वारंट 14 मार्च तक निलंबित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के तीन बार पीएम रह चुके नवाज शरीफ के दोनों बेटों को जवाबदेही कोर्ट से राहत मिली है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। फैसले के अनुसार वारंट 14 मार्च तक निलंबित कर दिए गए हैं। भाइयों के वारंट सात साल पहले जारी किए गए थे, जब कोर्ट ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। हुसैन नवाज और हसन नवाज ने अपने वकील काजी मिस्बाहुल हसन के माध्यम से अदालत में इसे लेकर एक आवेदन दायर किया था।

सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन

जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में होगा गंभीर असर

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।'

टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है।

भारत पर बुरी नजर डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देगी भारतीय सेना : रक्षा मंत्री राजनाथ

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद और सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत हमेशा से एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन बुरे इरादे या शत्रुता का भाव रखने वाले को छोड़ेगा नहीं।

देश के दुश्मनों को सख्त हिदायत देते हुए राजनाथ सिंह ने बंद शब्दों में कहा कि अगर कोई भारत पर बुरी नजर डालेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सेना तैयार है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ और हिंद महासागर में चीनी सैन्य आक्रमण पर रक्षा मंत्री ने चिंता जाहिर की है। रक्षा क्षेत्र में सेना के आत्मनिर्भर बनने के कदम पर राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक नई ऊर्जा के साथ काम किया गया है। जिसके चलते भारत एक मजबूत और वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में सामने आया है। एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा तंत्र पहले के मुकाबले आज ज्यादा मजबूत है क्योंकि मोदी सरकार इससे भारतीयता की भावना के साथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्तमान और विगत की केंद्र सरकारों के बीच अंतर करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत के लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, लेकिन पहले सत्ता में रहने वाले लोग भारतीयों की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते थे। राजनाथ ने कहा कि हम सैनिकों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम हैं।

महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

- वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुंचे श्रद्धालु 12 मार्च को लौटेंगे भारत

लाहौर। पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे।

भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध: अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं।

सीसीएस ने पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान की परियोजना को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने भारतीय वायु सेना की भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप पांचवीं पीढ़ी के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित करने के लिए लंबित प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी।

सूत्रों के अनुसार, सीसीएस ने तटरक्षक बल और भारतीय सेना के लिए 34 ध्रुव उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों की खरीद को भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। भारत वायुसेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए उन्नत स्टील्थ सुविधाओं के साथ मध्यम वजन वाले लड़ाकू विमान विकसित करने की महत्वाकांक्षी एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है। परियोजना की प्रारंभिक लागत लगभग 15 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है।

इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए भारतीय का शव स्वदेश आएगा

- जंग में केरल के रहने वाले मैक्सवेल की लेबनान सीमा पर हुई थी मौत

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल-हमास जंग लगभग पांच महीने से जारी है। युद्ध में अब तक लगभग 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पड़ोसी देश लेबनान भी लगातार इजराइल को निशाना बना रहा है। लेबनान से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल से भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी, जिसका पार्थिव शरीर गुरुवार शाम को भारत भेजा जाएगा। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

केरल के रहने वाले मैक्सवेल की मौत तब हो गई जब सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक टैंक रोधी मिसाइल ने इजराइल के उत्तर में गैलील क्षेत्र में मोशाव मार्गालियट के एक बागान पर हमला कर दिया। अस्पताल में उनके शव की पहचान की गई। इस घटना में सात अन्य कर्मचारी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, चेहरे और शरीर पर चोट लगने के बाद घायल जॉर्ज को पेटा टिकवा के बेलिन्सन अस्पताल ले जाया गया। उनका ऑपरेशन किया गया, उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

वह भारत में अपने परिवार से बात कर सकते हैं। तेल अवीव में भारत ने घातक हमले के एक दिन बाद मंगलवार को एक महत्वपूर्ण सलाह जारी कर अपने नागरिकों से देश में सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया।

रोमांच में जाम बना बाधा...



मनाली : बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़कों पर यातायात दबाव बढ़ने से वाहन घंटों रेंगते रहे। मनाली शहर से अटल टनल, वामतट मार्ग, कुल्लू-मनाली हाईवे और हिडिंबा मंदिर जाने वाली सड़क पर चक्का जाम हो गया। जाम ने सैलानियों के रोमांच का मजा किरकिरा कर दिया। ● एजेंसी

विज्ञान वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।


ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा।

कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही

जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।